CMYK

अधिकतम :33° C
न्यूनतम: 21° C

सेंसेक्स 73,648.62
निफ्टी 22,336.40

सोना 73,370
चांदी 84,500

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

www.shahtimesnews.com

मुरादाबाद, मंगलवार 23 अप्रैल 2024 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 21 अंक 259 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2081 13 शव्वाल 1445 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



गुकेश ने विश्व शतरंज खिताब जीता

## संक्षिप्त समाचार

### महंगाई से मुक्ति के लिए कांग्रेस को दें वोट : खड़गे-राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी नेता राहुल गांधी ने महंगाई एवं बेरोजगारी से मुक्ति तथा परिवर्तन के लिए कांग्रेस को वोट देने की अपील की है। श्री खड़गे ने कहा कि महंगाई नहीं, परिवर्तन चुनिए। कांग्रेस को वोट दें। हाथ बाद। हाथ बदलेगा हालत। श्री गांधी ने कहा देश में बेरोज़गारी और महंगाई का पीक है और नरेंद्र मोदी कहते हैं सब कुछ ठीक है। उनके पास 'मुद्दों से भटकाने' की नई-नई तकनीक हैं, लेकिन झूठ के कारोबार का अंत अब नज़दीक है।

### यूपी-बिहार में हीटवेव चलेगी बढ़ेगा पारा

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने देश के 4 राज्यों के लिए हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इनमें बिहार, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। इन राज्यों के साथ छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के कई जिलों में रविवार को तापमान 42 डिग्री के पार पहुंचा। झारखंड के पूर्वी सिंहभूम स्थित बहरागोड़ा में सबसे ज्यादा 46.0 डिग्री सेल्सियस टेम्प्रेचर रिकॉर्ड किया गया। उधर, ओडिशा के कुछ जिलों में तापमान 43 डिग्री के करीब बना हुआ है। यहां हीटवेव चलने के कारण स्कूलों का समय बदला गया है। आज से 24 अप्रैल तक ओडिशा के सभी स्कूल सुबह 6.30 से 10.30 तक ही लग रहे हैं। वहीं, 25 अप्रैल से गर्मियों की छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के भी सभी स्कूलों में आज से 15 जून तक छुट्टियों का ऐलान किया गया है।

### आतंकी साजिश का मामला: श्रीनगर में नौ जगहों पर छापेमारी

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर को अस्थिर करने के लिए नवगठित आतंकी संगठनों से जुड़ी कथित साजिश की जांच के तहत सोमवार को श्रीनगर में नौ स्थानों पर छापेमारी शुरू की। एनआईए के सूत्रों ने बताया कि यह मामला भौतिक एवं साइबरस्पेस दोनों तरह की साजिश रचने तथा जम्मू-कश्मीर में बम, आईईडी और छोटे हथियारों के साथ हिंसक आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के षड्यंत्र से संबंधित है। इस तरह के षड्यंत्र जम्मू-कश्मीर में युवाओं और भूमिगत कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर आतंकवादी समूहों की एक बड़ी साजिश का हिस्सा हैं। उन्होंने बताया कि राजधानी श्रीनगर में आरसी 5/22 में नौ स्थानों पर तलाश अभियान जारी है।

### गर्मियों की भीड़ से निपटने के लिए रेलवे ने कमर कसी

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने गर्मियों में यात्रियों की भारी आवाजाही के लिए नौ हजार से अधिक विशेष ट्रेनें चलाने के साथ पेयजल उपलब्ध कराने एवं भीड़ प्रबंधन की योजना बनाई है। भारतीय रेलवे के अनुसार रेलवे ने एक अप्रैल से 21 अप्रैल के दौरान 41.16 करोड़ यात्रियों को यात्रा कराई है। पिछले दो दिनों (20 और 21 अप्रैल) में 3.38 करोड़ यात्रियों को यात्रा की है और बीते 7 दिनों (15.21 अप्रैल) में 13.69 करोड़ यात्रियों ने यात्रा की है। रेल मंत्रालय के अनुसार जोनल रेलवे को रेलवे स्टेशनों पर पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। इस साल रेलवे द्वारा ग्रीष्म ऋतु के दौरान रिकॉर्ड संख्या में 9111 अतिरिक्त ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। मंत्रालय के अनुसार सभी प्रमुख और महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण की विस्तृत व्यवस्था की गई है।

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

# सुप्रीम कोर्ट ने 30 हफ्ते की गर्भवती को दी अबॉर्शन की इजाजत

## नाबालिग रेप पीड़िता की अर्जी पर शीर्ष अदालत का बड़ा फैसला, सीजेआई बोले- यह असाधारण मामला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 14 साल की रेप विक्टिम को करीब 30 हफ्ते की प्रेग्नेंसी में अबॉर्शन कराने की इजाजत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (22 अप्रैल) को मुंबई के लोकमान्य तिलक अस्पताल को तत्काल अबॉर्शन के लिए इंतजाम करने का आदेश दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने 19 अप्रैल को इस मामले में अर्जेंट सुनवाई की थी, जिसमें कोर्ट ने लड़की का मेडिकल कराने का आदेश दिया था। सोमवार सुबह 10:30 बजे अस्पताल ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी रिपोर्ट दाखिल की। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने आदेश सुनाते हुए कहा कि हम अबॉर्शन की इजाजत इसलिए दे रहे हैं, क्योंकि यह असाधारण मामला है। हर घंटा विक्टिम के लिए अहम है। बेंच ने कहा कि मेडिकल रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि प्रेग्नेंसी जारी रखने से विक्टिम की मेंटल और फिजिकल हेल्थ पर असर पड़ेगा। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अबॉर्शन कराने में थोड़ा रिस्क तो है, लेकिन प्रेग्नेंसी जारी रखने में और भी बड़ा रिस्क है। दरअसल, नाबालिग की मां ने पहले बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। चार अप्रैल को बॉम्बे हाईकोर्ट ने नाबालिग को अबॉर्शन की इजाजत नहीं दी। इसके बाद लड़की की मां ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका डाली थी। सुप्रीम कोर्ट ने 19 अप्रैल को हाईकोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए नाबालिग का मेडिकल चेकअप कराने का आदेश दिया था। इस मामले में आईपीसी की धारा 376 और पोक्सो एक्ट में केस दर्ज है। सीजेआई चंद्रचूड़ की बेंच ने पिछली सुनवाई में कहा था कि यौन उत्पीड़न को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट ने जिस मेडिकल रिपोर्ट पर भरोसा किया, वह नाबालिग पीड़ित की शारीरिक और मानसिक कंडीशन का आकलन करने में विफल रही है। बेंच ने पिछली सुनवाई में निर्देश दिया था कि महाराष्ट्र सरकार याचिकाकर्ता और उसकी नाबालिग बेटी को सेफ्टी के साथ अस्पताल ले जाना तय करे। जांच के लिए गठित मेडिकल बोर्ड इस बात पर भी राय दे कि क्या नाबालिग के जीवन को खतरे में डाले बिना अबॉर्शन किया जा सकता है। यही मेडिकल रिपोर्ट सोमवार को कोर्ट में पेश की गई, जिसके आधार पर फैसला सुनाया गया। मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (एमटीपी) एक्ट के तहत, किसी भी शादीशुदा महिला, रेप विक्टिम, दिव्यांग महिला और नाबालिग लड़की को 24 हफ्ते तक की प्रेग्नेंसी अबॉर्ट करने की इजाजत दी जाती है। 24 हफ्ते से ज्यादा प्रेग्नेंसी होने पर मेडिकल बोर्ड की सलाह पर कोर्ट से अबॉर्शन की इजाजत लेनी पड़ती है। एमटीपी एक्ट में बदलाव साल 2020 में किया गया था। उससे पहले 1971 में बना कानून लागू होता था।

उच्चतम न्यायालय ने मुंबई के लोकमान्य तिलक अस्पताल को तत्काल अबॉर्शन के लिए इंतजाम करने का आदेश दिया



### टीवी पत्रकार सौम्या के हत्यारों की जमानत के खिलाफ याचिका

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक अंग्रेजी समाचार चैनल में काम करने वाली पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की 2008 में हत्या से संबंधित मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से सभी चार दोषियों को दी गई जमानत को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सोमवार को दिल्ली पुलिस और उन दोषियों को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने सौम्या की मां माधवी विश्वनाथन की याचिका पर उन दोषियों से जवाब मांगा, जिन्हें उनकी अपील के लंबित रहने के दौरान जेल से रिहा कर दिया गया था।

दोषियों को सुप्रीम नोटिस जारी

# कांग्रेस ने चुनाव आयोग से की मोदी की शिकायत

नई दिल्ली, वार्ता

**कांग्रेस ने सोमवार** को निर्वाचन आयोग से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शिकायत की और एक विशेष समुदाय को निशाना बनाने का आरोप लगाया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी के नेतृत्व में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को यहां निर्वाचन आयोग से मुलाकात की और 17 शिकायतों का एक ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल में गुरदीप सिंह सप्पल और श्रीमती सुप्रिया श्रीनेत शामिल थे। मुलाकात के बाद श्री सिंघवी ने संवाददाताओं से कहा कि निर्वाचन आयोग को 17 शिकायतों का एक ज्ञापन सौंपा गया और इन पर उचित कार्रवाई की मांग की गई। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने पांच-छह शिकायतों पर विशेष रूप से विस्तृत चर्चा की। कांग्रेस नेता ने बताया कि निर्वाचन आयोग के समक्ष लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की आईएएस पुत्री श्रीमती अंजली बिरला का भारतीय जनता पार्टी की ओर से चुनाव प्रचार करने, सूरत लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद्द करने और मणिपुर में लोकसभा चुनाव में मतदान के दौरान हिंसा का मामला भी उठाया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के मुख्य कार्यकारी एक समुदाय को निशाना बना रहे हैं। उनका बयान गंभीर और आपत्तिजनक है और इसे वापस लिया जाना चाहिए और इस पर स्पष्टीकरण जारी किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग से इस बयान पर कानूनी रूप से कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया। देश के प्रधानमंत्री ने राजस्थान में जिस तरह एक समुदाय के लिए भद्दा वक्तव्य दिया, वह आचार संहिता का उल्लंघन है।



■ अभिषेक मनु सिंघवी के नेतृत्व में 17 शिकायतों का ज्ञापन सौंपा

### माकपा ने मोदी पर लगाए भड़काऊ भाषण देने के आरोप

**नई दिल्ली।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान भड़काऊ भाषण देने का आरोप लगाते हुए निर्वाचन आयोग से उनके तथा भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। माकपा के महासचिव सीताराम येचुरी ने निर्वाचन आयोग को सोमवार को लिखे पत्र में श्री मोदी के मीडिया में छपे भाषणों के अंश साझा करते हुए उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की भी मांग की है।

### सीवर में सफाई के दौरान दम घुटने से दो मजदूरों की मौत

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार शाम को सीवर की सफाई कर रहे दो मजदूरों की दम घुटने से दर्दनाक मौत हो गई। शहर के एटूजेड प्लांट के पास सफाई के लिए सीवर में उतरे दो मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। शहर के खालापार निवासी हाजी शमीम (62) और गहराबाग निवासी वाजिद (27) सोमवार शाम को सीवर की सफाई के लिए गए थे। दोनों सीवर में उतर गए, लेकिन अचानक ढक्कन बंद हो जाने के कारण दोनों फंस गए। आसपास के लोगों ने दोनों को बामुश्किल बाहर निकाला। पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। पुलिस देरी से पहुंची। किसी तरह दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई है।

# सीएम केजरीवाल को डाक्टर से परामर्श की इजाजत नहीं मिली

## कोर्ट का निर्देश: एम्स मेडिकल बोर्ड बनाए, बताए उन्हें इंसुलिन की जरूरत है या नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** शराब नीति केस में एक अप्रैल से तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये अपने डाक्टर से कंसल्ट नहीं कर पाएंगे। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को उनकी याचिका खारिज कर दी।

केजरीवाल ने कोर्ट से डिमांड की थी कि उन्हें शुगर है। जेल में उन्हें इंसुलिन नहीं दिया जा रहा। वे अपने डाक्टर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये रोज 15 मिनट परामर्श लेना चाहते हैं। इसके अलावा उन्होंने डायबिटीज की रेगुलर जांच और इंसुलिन की मांग की थी। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने केजरीवाल की मांग खारिज कर दी। कोर्ट ने एम्स को निर्देश दिया कि वह केजरीवाल की जांच के लिए एक मेडिकल बोर्ड बनाएं ताकि यह पता चल सके कि उन्हें शुगर लेवल कंट्रोल करने के लिए इंसुलिन की जरूरत है। इसके अलावा उनकी अन्य मेडिकल जरूरतों का भी पता लगाएं। ईडी ने 18 अप्रैल को राउज एवेन्यू कोर्ट से कहा था कि जेल में केजरीवाल जानबूझकर आम और मिठाई खा रहे हैं, ताकि उनका शुगर लेवल बढ़े और उन्हें मेडिकल ग्राउंड पर जमानत मिल जाए। कोर्ट ने ईडी से इस पर जवाब मांगा था। इससे पहले सोमवार सुबह हाईकोर्ट ने केजरीवाल से जुड़ी दो अन्य याचिकाओं पर सुनवाई की। पहली- हाईकोर्ट ने केजरीवाल की जमानत के लिए दायर की गई जनहित याचिका खारिज कर दी। याचिका वी द पीपुल ऑफ इंडिया के नाम से एक लॉ स्टूडेंट ने लगाई थी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता पर 75 हजार का जुर्माना भी लगाया। याचिकाकर्ता ने कहा था कि दिल्ली के सीएम की गिरफ्तारी से सरकार का कामकाज ठप पड़ गया है। कोर्ट ने कहा कि राहुल मेहरा सीएम की ओर से पेश हुए हैं। उनका कहना है कि वे अपना काम कर रहे हैं। उन्हें आपसे कोई मदद नहीं चाहिए। मेहरा ने कहा था कि याचिका पब्लिसिटी के लिए लगाई गई है। वहीं दूसरे मामले (ईडी के समन के खिलाफ) की सुनवाई दिल्ली हाईकोर्ट में जस्टिस सुरेश कैत और जस्टिस मनोज जैन की बेंच में हुई। बेंच ने इसे 15 मई के लिए लिस्ट कर दिया।



डाक्टर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये रोज 15 मिनट परामर्श लेना चाहते हैं अरविंद केजरीवाल

दो अन्य याचिकाओं पर भी सुनवाई, केजरीवाल की जमानत के लिए दायर जनहित याचिका खारिज

### पश्चिम बंगाल में 24 हजार शिक्षकों की नियुक्ति रद्द

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार को 2016 में हुई शिक्षक भर्ती रद्द कर दी। इसके अलावा अवैध नियुक्ति पर काम कर रहे शिक्षकों से 7-8 साल के दौरान मिली सैलरी भी वापस लेने के निर्देश दिए। जस्टिस देवांग्शु बसाक और जस्टिस शब्बर रसीदी की बेंच ने कहा कि कैंसर पीड़ित सोमा दास की नौकरी सुरक्षित रहेगी।

प. बंगाल स्कूल सेवा आयोग नई नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करे। हाईकोर्ट के आदेश को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गैरकानूनी बताया है। उन्होंने कहा कि हम उन लोगों के साथ खड़े रहेंगे जिनकी नौकरियां चली गईं। भाजपा नेता न्यायपालिका के फैसलों को प्रभावित कर रहे हैं। इस फैसले के खिलाफ हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। पश्चिम बंगाल सरकार ने 2014 में एसएससी के जरिए सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के लिए टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ भर्ती किया था। तब 24,640 रिक्त पदों के लिए 23 लाख से अधिक लोगों ने भर्ती परीक्षा दी थी।

■ हाईकोर्ट का आदेश- आठ साल की सैलरी लौटाएं, ममता बोलीं- फैसला गैरकानूनी, सुप्रीम कोर्ट जाएंगे

### लोकसभा चुनाव: नतीजों से पहले ही भाजपा का खुला खाता

**नई दिल्ली/ सूरत।** लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले ही भाजपा के खाते में एक सीट आ गई है। दरअसल, गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं।

एक अधिकारी के मुताबिक, कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन रद्द होने और अन्य सभी प्रत्याशियों के अपने नामांकन वापस लेने के बाद ऐसे समीकरण बने हैं। नामांकन वापस लेने के आखिरी दिन आठ उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस ले लिया। इससे पहले भाजपा की गुजरात इकाई के अध्यक्ष सीआर पाटिल ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सूरत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पहला कमल भेंट किया है। मैं सूरत लोकसभा सीट से अपने उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित होने पर बधाई देता हूं। सूरत जिला चुनाव कार्यालय के मुताबिक, मुकेश दलाल को छोड़कर सूरत से मैदान में उतरे सभी आठ उम्मीदवारों (चार निर्दलीय, तीन छोटे दलों से और बसपा के प्यारेलाल भारती) ने आखिरी दिन अपना नामांकन वापस ले लिया।

■ सूरत से मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित, कांग्रेस उम्मीदवार का पर्चा रद्द

### सलमान खान मामले में जुड़े नए आरोप, अनमोल बिश्नोई वांछित

**मुंबई।** मुंबई क्राइम ब्रांच ने कुछ दिन पहले यहां बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास के बाहर फायरिंग मामले में आरोपी लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के कथित सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी (एफआईआर) में तीन नई धाराएं जोड़ी हैं, जिसके बाद जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का छोटा भाई अनमोल बिश्नोई अब इस मामले में वांछित है। अधिकारियों ने सोमवार को यहां यह जानकारी दी। पुलिस ने अनमोल पर धमकी देने के लिए भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 506 (2), 115 (उकसाने) और 201 (सबूतों के साथ छेड़छाड़) के तहत मामले दर्ज किए हैं। एक फेसबुक पोस्ट के माध्यम से सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी की जिम्मेदारी लेने वाले अनमोल को मामले के संबंध में वांछित घोषित किया गया है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने पहले गुजरात के भुज से विक्की गुप्ता (24) और सागर पाल (21) के रूप में पहचाने गए दो शूटरों को गिरफ्तार किया था, जिन्हें स्थानीय अदालत में पेश किया गया तथा 25 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। दोनों 14 अप्रैल की सुबह करीब पांच बजे बांद्रा पश्चिम में गैलेक्सी अपार्टमेंट में सलमान खान के घर पर कम से कम चार गोलियां चलाने के बाद भाग गए थे। हमले के अगले दिन अनमोल ने सलमान के घर के बाहर हुई गोलीबारी की जिम्मेदारी ली थी।

# इंडी गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई पर: मोदी

**अलीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश की संपत्ति को लूटने को अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझने वाली कांग्रेस की नजर अब महिलाओं के मंगलसूत्र पर है।

अलीगढ़ और हाथरस लोकसभा सीटों से भाजपा प्रत्याशियों के लिए प्रचार करने पहुंचे श्री मोदी ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई पर है और आपकी संपत्ति पर है। कांग्रेस के शहजादे (राहुल गांधी) का कहना है कि उनकी सरकार आई तो कौन कितना कमाता है, किसके पास कितनी प्रॉपर्टी, धन, मकान है उसकी जांच कराएंगे। इतना ही नहीं इन संपत्तियों को सरकार अपने कब्जे में लेकर सबको बांट देगी।



■ कहा: कांग्रेस की निगाहें अब महिलाओं के मंगलसूत्र पर है

### बलसाड़ मेल के कोच में लगी आग, आरपीएफ जवान की मौत

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में पूर्व-मध्य रेलवे के मुजफ्फरपुर स्टेशन पर सोमवार को बलसाड़-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस के एक स्लीपर कोच में लगी आग बुझाने के दौरान अग्निशमन यंत्र के विस्फोट करने से रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक जवान की झुलसकर मौत हो गई। आरपीएफ सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि सोमवार सुबह सवा छह बजे बलसाड़ मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस मुजफ्फरपुर जंक्शन के प्लेटफॉर्म पांच पर बलसाड़ से आई। यात्री उतर चुके थे। ट्रेन को यार्ड में ले जाने की तैयारी हो रही थी। इस बीच करीब सवा सात बजे स्लीपर कोच एस 8 से धुआं निकलने लगा।

# उप्र के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद पर हमला

संतकबीरनगर, वार्ता

**उत्तर प्रदेश में** संतकबीरनगर जिले के खलीलाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर कठार में 21/22 अप्रैल की रात प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. संजय निषाद पर हमला करने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

इस घटना में मंत्री का चश्मा टूट गया है और उनकी नाक पर चोट लगी है। मंत्री ने सपा कार्यकर्ताओं पर आरोप लगाया है और धरने पर बैठ गए। पुलिस ने मंत्री के पीएसओ की तहरीर पर यादव समाज के आठ युवकों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पुलिस ने चार नामजद आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार भी कर लिया। अन्य की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह ने बताया कि कैबिनेट मंत्री संजय निषाद देर रात अपने समर्थकों के साथ खलीलाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर कठार में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे।

■ पुलिस ने चार हमलावरों को किया गिरफ्तार

### महिला आयोग ने कर्नाटक पुलिस को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने कर्नाटक में एक महिला के साथ दुष्कर्म और बलपूर्वक धर्मांतरण पर राज्य पुलिस को नोटिस भेजकर तीन दिन के भीतर जवाब देने को कहा है। महिला आयोग ने सोमवार को यहां बताया कि कर्नाटक में एक 28 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म और बलपूर्वक धर्मांतरण की खबरें मीडिया में हैं, जो बेहद चिंताजनक और निंदनीय हैं। महिला आयोग ने कहा कि यह घटना निंदनीय है और आयोग इस पर स्वत: संज्ञान ले रहा है। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने इस मामले को लेकर राज्य के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखा है और तीन दिन के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट भेजने को कहा है।

# लोकसभा के पहले दो फेज में 501 प्रत्याशी दागी

नई दिल्ली, वार्ता

**2024 लोकसभा** चुनाव के पहले और दूसरे फेज की 190 सीटों पर 2810 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें पहले फेज में 1618 और दूसरे फेज में 1192 उम्मीदवारों में से 501 यानी 18 फीसदी के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 327 यानी 12 फीसदी के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले हैं। जिनमें पांच साल या उससे ज्यादा की सजा हो सकती है।

एडवोकेट विजय हंसारिया ने सुप्रीम कोर्ट को दिए हलफनामे में एडीआर के हवाले से यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सांसदों और विधायकों से जुड़े क्रिमिनल केस की सुनवाई करने वाली स्पेशल कोर्ट ने 2023 में 2000 से ज्यादा मामलों में फैसला सुनाया है। विजय को सांसदों/विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों के जल्दी निपटारे की मांग वाली एक जनहित याचिका में न्यायमित्र (एमिकस क्यूरी) बनाया गया था। विजय के मुताबिक, लगभग 501 उम्मीदवार पहले दो चरणों में लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं, उन पर अदालतों में आपराधिक मामले अभी भी चल रहे हैं। हंसारिया ने सुप्रीम कोर्ट को दिए हलफनामे में यह मांग की है कि संबंधित अदालतों को इन उम्मीदवारों के खिलाफ लंबित मामलों और जांच को जल्द निपटाने के सख्त निर्देश दिए जाएं। इसके पीछे वजह बताते हुए उन्होंने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनावों में भी यही स्थिति थी, जिसमें 7928 उम्मीदवारों में से 1500 उम्मीदवारों (19 फीसदी) पर आपराधिक मामले थे। इनमें से 1070 उम्मीदवारों (13 फीसदी) पर गंभीर आपराधिक मामले थे। चुनाव जीतकर संसद पहुंचे 514 सदस्यों में से 17वीं लोकसभा (2019-2024) में 225 सदस्यों (44फीसदी) के खिलाफ आपराधिक मामले थे। यानी आपराधिक मामले वाले उम्मीदवारों ने बिना आपराधिक मामले वाले उम्मीदवारों की तुलना में अधिक सीटें जीती थीं। हंसारिया ने अलग-अलग हाईकोर्ट्स से मिली जानकारी के आधार पर एक टेबल चार्ट बनाकर कोर्ट को दिया।

■ 327 पर ऐसे केस, जिनमें पांच साल की सजा, सुप्रीम कोर्ट को दिए हलफनामे में खुलासा

■ स्पेशल कोर्ट 2023 में 2000 से ज्यादा मामलों में सुना चुकी फैसला



# 132 हस्तियों को पद्म सम्मान से नवाजा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में सोमवार शाम 132 लोगों को पद्म सम्मान दिया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस बार 5 लोगों को पद्म विभूषण, 17 को पद्म भूषण, 110 को पद्मश्री से सम्मानित किया।

सेरेमनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह मौजूद रहे। 25 जनवरी को इसकी घोषणा की गई थी। सबसे पहले पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, बिंदेश्वर पाठक और साउथ एक्टर चिरंजीवी समेत 5 लोगों को पद्म विभूषण से सम्मानित किया। इसके बाद अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, सिंगर उषा उथुप और सीताराम जिंदल समेत 17 लोगों को पद्म भूषण दिया। इसके अलावा मनोहर कृष्ण डोले और रामचेत चौधरी समेत 110 लोगों को पद्मश्री दिया गया।

■ वेंकैया नायडू समेत पांच को पद्म विभूषण, मिथुन चक्रवर्ती सहित 17 को पद्म भूषण, 110 को पद्मश्री

# गुलदार ने किया युवक पर हमला





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ग्राम फरीदपुर सधीरन की नहर के समीप जंगल में किसान पर गुलदार ने हमला कर घायल कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे लोगों ने उसकी जान बचाई और मामले की सूचना परिजनों व वन विभाग टीम को दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने गुलदार को पकड़ने के लिए जाल व पिंजरा लगाया है।

## पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाल व पिंजरा लगाया

ग्राम फरीदपुर सधीरन निवासी वीर सिंह का पुत्र विपिन कुमार आज अपने घर से जंगल के रास्ते होकर अम्हेड़ा जा रहा था। ग्रामीणों के अनुसार इसी दौरान नहर के समीप कुछ दूरी पर गेहूं कटाई करते हुए किसानों द्वारा गुलदार होने का शोर सुनकर वह भी मौके पर जा पहुंचे। ग्राम के भजन सिंह के ईख के खेत में गुलदार ने युवक पर हमला कर घायल कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाकर गुलदार को भगाकर युवक की बामुश्किल जान बचाई और मामले की सूचना उसके परिजनों व वन विभाग टीम को दी। परिजनों ने घायल युवक को उपचार के लिए अम्हेड़ा में निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। मौके पर पहुंची वन विभाग के दरोगा सौरभ चौधरी, मदनपाल सिंह, संजय मठपाल आदि टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम के साथ जंगल में गुलदार को पकड़ने के लिए जाल व पिंजरा लगाकर ईख के खेत में अंदर घुसकर गुलदार की तलाश की। गुलदार के गुर्राहट से वन विभाग टीम के होश उड़ गए और उन्हें वापस हटना पड़ा। ग्रामीणों का आरोप है वन विभाग द्वारा जाल कम लाएं जाने और पिंजरा साथ नहीं लाए जाने का किसानों ने विरोध किया। विरोध होता देख वन विभाग टीम को और अधिक जाल व पिंजरा मंगाया और उसे लगाया। वन विभाग के दरा. ेगा ने किसानों से अपनी सुरक्षा के लिए डंडा लेकर एकजुट होकर कार्य करने की सलाह दी। किसानों में आक्रोश व्याप्त है। विपिन कुमार, मान सिंह, संजीव कुमार, जसवीर सिंह, लाला, निपेंद्र सिंह, ओमेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार, यशपाल, राजीव कुमार, महिपाल आदि ग्रामीणों ने वन विभाग टीम से पिंजरा लगवाकर गुलदार को पकड़वाने की मांग की है।

# बोर्ड परीक्षा में छात्राओं ने हासिल की उपलब्धि

## खिजरा रहमान, हिबा सुहैल व शाफिया परवीन रहीं अव्वल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** बेटियां न सिर्फ घर की रौनक होती है, बल्कि वो समय-समय पर अपनी काबिलियत के बलबूते पर विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि भी हासिल करती रहती हैं।

इसी क्रम में शनिवार को जारी हुए बोर्ड परीक्षा में जहां प्रदेश की टापर भी एक बेटी रही, तो यहां की होनहार बेटियों ने भी सफलता के झंडे गाड़े हैं। जिसके तहत मरहूम पत्रकार बाबू अंसारी की होनहार बेटी खिजरा रहमान जो की एमक्यू गर्ल्स कॉलेज में हाईस्कूल की होनहार और काबिल छात्रा है ने 77 प्रतिशत नम्बर लाकर न सिर्फ कॉलेज का बल्कि अपने अभिभावकों का भी नाम रोशन किया है। अपनी इस कामयाबी का क्रेडिट खिजरा ने अपने शिक्षकों और अपने वालिदेन को देते हुए अपने पिता पत्रकार बाबू अंसारी को भी इस खास मौके पर याद किया। इसके अलावा समाजिक कार्यकर्ता सुहैल जफर की लाडली बेटी और वरिष्ट शिक्षक उबैद अख्तर की भतीजी होनहार हिबा सुहैल ने भी एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए एमक्यू इंटर कॉलेज से 500 में कुल 399 नंबर यानी 80 प्रतिशत नम्बर लाकर फर्स्ट पॉजिशन हासिल करते हुए अपने अभिभावकों और परिवार का नाम रोशन किया है। जिसका क्रेडिट हिबा सुहैल ने अपने शिक्षकों और वालिदेन को देते हुए आगे भी इसी तरह आगे बढ़ने और खूब पढ़ने की मंशा जाहिर की है।

साथ ही बीडीसी सदस्य सूफियान अंसारी की होनहार बहन और एम क्यू इंटर कालेज की होनह. ार और इंटर की छात्रा शाफिया परवीन पुत्री ग्यासुद्दीन ने अपनी काबिलियत के बलबूते पर 500 में से 396 नम्बर लाकर फर्स्ट पाजिशन हासिल की है और अपनी सफलता के पीछे अपने शिक्षकों की मेहनत और मां, बाप की दुआओं को वजह बताते हुए आगे बढ़ने की और पढ़ने की बात कही है।

# एचएमआई के मेधावी विद्यार्थी सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** प्रतिष्ठित एचएमआई इन्टर कॉलेज में इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य सय्यद बिलाल अहमद जैदी ने सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि लगातार ईमानदारी से प्रयास करने से सफलता जरूर मिलती है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज कॉलेज परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित

## प्रधानाचार्य बिलाल ने बढ़ाया हौसला

करते हुए प्रधानाचार्य सय्यद बिलाल अहमद जैदी ने उनके माता पिता तथा शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेहनत करने वाले की कभी हार नहीं होती है। ईमानदारी के साथ सभी विद्यार्थियों को मेहनत करनी चाहिए। साथ ही सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को निराश नहीं होना चाहिए और भविष्य में अधिक ऊर्जा के साथ मेहनत करनी चाहिए।

इन्टरमीडिएट में उनजिला महक ने 85.2 प्रतिशत अंक लाकर कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया । सानिया व युशरा ने संयुक्त रूप से 84.8 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। फायजा ने 79.6 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

हाईस्कूल में सानिया ने 85.2 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया व दूसरे नम्बर पर मुबशशिर ने 84.8 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान व अन्तरिक्ष सिंह ने 79.6 अंक प्राप्त किए। सभी विद्यार्थियों का शिक्षकों व स्टाफ ने भी हौसला बढ़ाया।

गौरतलब है कि प्रधानाचार्य पद का दायित्व सय्यद बिलाल अहमद जैदी के द्वारा संभालने के बाद से कॉलेज में शिक्षा का स्तर ऊंचा हुआ है। कॉलेज में विकास कार्य भी कराए जा रहे हैं। इस प्रतिष्ठित कॉलेज का नाम अच्छे शिक्षण संस्थानों में शुमार किया जाता है।

# गौकशी के दो आरोपी गिरफ्तार



**स्योहारा।** नगर के मोहल्ला मिल्कियान निवासी हरपाल सैनी पुत्र झण्डी सिंह ने पुलिस तहरीर देकर मौहल्ला मिल्कियान निकट नवादा चुंगी के पास किन्हीं व्यक्तियों द्वारा गौवंशीय पशु की हत्या कर गौमांस ले जाने पर उसके अवशेष मिलने के सम्वन्ध में सूचना दी थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने अज्ञात में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी थी। मामले की जांच में वकील पुत्र हनीफ निवासी मंगलखेडा, जुवैर पुत्र यामीन, इकराम पुत्र शमीम निवासीगण मौहल्ला शेखान, अनाव पुत्र इरफान अंसारी निवासी मंसूर सराय पित्थापुर का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने बताया कि वकील पुत्र हनीफ निवासी मंगलखेडा अनाव पुत्र इरफान अंसारी निवासी मंसूर सराय पित्थापुर को 22 अप्रैल को मय गौवध करने के उपकरणों सहित मय मांस के परिवहन में प्रयुक्त वाहन संख्या यूपी-21सीएक्स-1286 इको सहित गिरफ्तार किया गया। अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही कर इन्हें गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह व उप निरीक्षक सुरजीत सिंह. हेड कांस्टेबल सतीश, हेड कांस्टेबल असकर खाँ, चालक अमरपाल मौजूद रहे।

# एसपी के आदेश पर सात लोगों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम कुरी बांगर निवासी एक महिला ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई थी। प्राप्त समाचार के अनुसार प्रार्थिनी की शादी जुबैर आलम के साथ 17 सितम्बर 2016 को मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार हुई थी। शादी में मायके वालों ने अपनी हैसियत के अनुसार काफी दान दहेज दिया था। किन्तु प्रार्थिनी के ससुराल वाले उपरोक्त दिए गए दान दहेज से खुश नहीं हुए और दहेज के लिए तंग व परेशान करने लगे। प्रार्थिनी अपनी गृहस्थी बनाए रखने के लिए मुल्जिमान के सभी जुल्मो सितम सहती रही। इस बीच प्रार्थिनी को जुबैर से दो बच्चे एक लड़का उम्र 5 वर्ष व लड़की 3 वर्ष है। प्रार्थिनी का पति जुबैर एक अय्याश किस्म का व्यक्ति है जो कि शराब सुल्फे का नशा करता है और गैर महिलाओं से अपने ताल्लुक बनाकर रखता है। मना करने पर प्रार्थनी को मारपीट करता था। प्रार्थनी का देवर जैद प्रार्थनी के ऊपर बुरी नजर रखता था और कई बार छेड़खानी भी कर चुका है। करीब चार महीने पहले प्रार्थनी के मुल्जिमान उपरोक्त ने मारपीट करके अपने घर से निकाल दिया था। तब से प्रार्थिनी अपने मायके में रह रही है। 11 फरवरी 2024 को करीब 11 बजे दिन को जुबैर आलम एक महिला नसीम अहमद, जैद, फैजान व महिला आपस में एकराय व हमसाज होकर प्रार्थनी के घर कुरी बांगर आये और आते ही गाली गलौच करते हुए कहने लगे कि साली यहां आकर बैठ गई है और तूने अभी तक हमारी मांग पूरी नहीं कराई है। प्रार्थिनी ने मांग पूरी करने में असमर्थता जताई तो मुल्जिमान उपरोक्त आग बबूला हो गए प्रार्थनी के साथ लात घूसों से मारपीट करने लगे और घर का सामान भी तोड़ फोड़ दिया। शोर शराबे पर दिलशाद व इरशाद आ गए। जाते-जाते ये मुझे व मेरे भाईयों को कानूनी कार्यवाही करने पर आईंदा जान से मारने की धमकी देकर चले गए। एसपी के आदेश के बाद थाने में सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# खालसा एकेडमी में सुलेख प्रतियोगिता

## विद्यार्थियों ने लिया उत्साह से भाग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** मीरी पीरी खालसा एकेडमी अगवानपुर में करसिव सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज मीरी पीरी खालसा एकेडमी में प्रतियोगिता को हाउस गंगा, यमुना, व्यास व रावी में बांटा गया। जिसमें प्रत्येक कक्षा से तीन-तीन मेधावी विद्यार्थियों का चयन हाउस के अनुसार किया गया। जिसमें कक्षा 12 यमुना हाउस में असप्रीत सिंह ने प्रथम, सहजप्रीत ने द्वितीय तथा अंशदीप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11 गंगा हाउस में अंशदीप कौर ने प्रथम, रक्षिता राजपूत, रावी हाउस ने द्वितीय स्थान और कोमल प्रीत कौर यमुना हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 में किरन पाल यमुना हाउस ने प्रथम, अशनदीप कौर गंगा हाउस ने द्वितीय और अवनीत कौर व्यास हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नौ में राजवीर सिंह गंगा हाउस ने प्रथम स्थान, जसकिरण कौर यमुना हाउस ने द्वितीय और हरमन सिंह रावी हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य मनप्रीत सिंह संधू व हाउस के प्रभारी अध्यापिका रंजन ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहन बढ़ाने के लिए पुरस्कारों से सम्मानित किया। जिसे देखकर विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने भी आगे बढ़ने की प्रेरणा ली और सभी ने तालियां बजाकर उनका प्रोत्साहन बढ़ाया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य मनप्रीत सिंह ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में एक अनोखी प्रतिभा छिपी है। आवश्यकता सिर्फ उन्हें उभारने की है। जिसके लिए हम समय-समय पर इस तरह की प्रतियोगिता करते रहेंगे। प्रत्येक विद्यार्थी की प्रतिभा उभारने का भरसक प्रयास करेंगे।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** शादी के कुछ दिन बाद ही नवविवाहित पति-पत्नी के बीच अनबन के चलते युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय मौहल्ला भुड्डी के मोनू (25 वर्ष) पुत्र चीते कल घर में अकेला था। इस दौरान उसने छत के पंखे में लटक

## दो माह पूर्व हुई थी मृतक की शादी

कर फांसी लगा ली। शाम तक जब मोनू कमरे से बाहर नहीं निकला तो पड़ोसियों ने खिड़की से झांककर देखा, मोनू पंखे से लटका था। लोगों ने कमरे का दरवाजा खोला और नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मौहल्ले वालों ने बताया कि मोनू की शादी दो माह पूर्व हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही उसकी पत्नी मायके से नहीं आ रही थी।

घर में पिता-पुत्र दोनों ही रहते थे और दोनों ही मजदूरी करके जीवन-यापन करते थे। शाम को परिवार वालों ने ससुराल वालों की मौजूदगी में युवक का अंतिम संस्कार कर दिया।

# अवकाश में भी खुलेंगे गेंहू क्रय केन्द्र

**बिजनौर।** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत निर्गत शासनादेश द्वारा गेहूँ क्रय नीति के प्रस्तर-6.2 एवं आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग, उ.प्र. जवाहर भवन, लखनऊ के पत्रांक के क्रम में जिले को आवंटित गेहूँ क्रय लक्ष्य की पूर्ति एवं कृषकों को गेहूँ विक्रय में सुविधा के दृष्टिगत जिला बिजनौर के समस्त गेहूँ क्रय केन्द्र रविवार एवं अन्य राजपत्रित अवकाशों में भी अन्य कार्यदिवसों की भाँति यथावत संचालित किये जायेंगे एवं नियमानुसार कृषकों से गेहूँ की खरीद तथा भारतीय खाद्य निगम में गेहूँ की डिलीवरी का कार्य कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त आदेश तत्काल प्रभावी होगा।

# मतगणना स्थल की सुरक्षा मजबूत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नजीबाबाद मार्ग पर स्थित वेयर हाउस में लोकसभा चुनाव की मतगणना होगी। यहां पर ईवीएम रखी हुई हैं। ईवीएम की सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। लगातार सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है। आज फिर एएसपी नगर ने यहां पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएं भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी :-

**04017/04018 आनन्द विहार टर्मिनल - शहीद कप्तान तुषार महाजन - आनन्द विहार टर्मिनल आरक्षित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** 20 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04017 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04018 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:55 | आनन्द विहार टर्मिनल | 05:00 | -- |
| 12:40 | -- | शहीद कप्तान तुषार महाजन | -- | 15:55 |

**चलने की तिथि : 04017 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 26.04.2024 से 28.06.2024 (शुक्रवार) तक एवं **04018 शहीद कप्तान तुषार महाजन** से दिनांक 27.04.2024 से 29.06.2024 (शनिवार) तक।
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** गाजियाबाद, मेरठ सिटी, मुज्जफरनगर, सहरानपुर, यमुनानगर जगादरी, अंबाला कैंट, ढंडारी कलां, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट एवं जम्मू तवी स्टेशन।

**04094/04093 आनन्द विहार टर्मिनल - पटना जं. - आनन्द विहार टर्मिनल आरक्षित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** 18 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04094 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04093 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:55 | आनन्द विहार टर्मिनल | 14:00 | -- |
| 16:45 | -- | पटना जं. | -- | 20:00 |

**चलने की तिथि : 04094 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 29.04.2024 से 24.06.2024 (सोमवार) तक एवं **04093 पटना जं.** से दिनांक 30.04.2024 से 25.06.2024 (मंगलवार) तक।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.
**ठहराव:** कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. एवं दानापुर स्टेशन।

**04096/04095 आनन्द विहार ट. - अयोध्या कैंट - आनन्द विहार ट. आरक्षित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन)** 38 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04096 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04095 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 09:00 | आनन्द विहार टर्मिनल | 22:30 | -- |
| 22:00 | -- | अयोध्या कैंट | -- | 09:00 |

**चलने की तिथि : 04096 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 27.04.2024 से 29.06.2024 (शनिवार एवं सोमवार) तक एवं **04095 अयोध्या कैंट** से दिनांक 28.04.2024 से 30.06.2024 (रविवार एवं मंगलवार) तक।
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान
**ठहराव:** गाजियाबाद, मुरादाबाद, बेरली एवं लखनऊ स्टेशन।

**01083/01084 लोकमान्य तिलक टर्मिनस - गोरखपुर - लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01083 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01084 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:50 | लोकमान्य तिलक ट. | 00:25 | -- |
| 04:20 | 04:30 | लखनऊ | 19:45 | 19:55 |
| 09:30 | -- | गोरखपुर | -- | 15:30 |

**चलने की तिथि : 01083 लोकमान्य तिलक टर्मिनस** से दिनांक 25.04.2024 एवं 30.04.2024 को एवं **01084 गोरखपुर** से दिनांक 27.04.2024 एवं 02.05.2024 को।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** ठाणे, कल्याण जं., ईगतपुरी, नाशिक रोड, मनमाड़ जं., जलगांव जं, भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

**01085/01086 लोकमान्य तिलक टर्मिनस - गोरखपुर - लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01085 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01086 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:50 | लोकमान्य तिलक ट. | 00:25 | -- |
| 04:20 | 04:30 | लखनऊ | 19:45 | 19:55 |
| 09:30 | -- | गोरखपुर | -- | 15:30 |

**चलने की तिथि : 01085 लोकमान्य तिलक टर्मिनस** से दिनांक 26.04.2024 एवं 01.05.2024 को एवं **01086 गोरखपुर** से दिनांक 28.04.2024 एवं 03.05.2024 को।
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** ठाणे, कल्याण जं., ईगतपुरी, नाशिक रोड, मनमाड़ जं., जलगांव जं, भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

**08479/08480 पुरी - नई दिल्ली - पुरी ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** 18 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 08479 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 08480 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 08:45 | पुरी | 07:45 | -- |
| 18:30 | -- | नई दिल्ली | -- | 21:30 |

**चलने की तिथि : 08479 पुरी** से दिनांक 30.04, 07.05, 14.05, 21.05, 28.05, 04.06, 11.06, 18.06 एवं 25.06.2024 को एवं **08480 नई दिल्ली** से दिनांक 01.05, 08.05, 15.05, 22.05, 29.05, 05.06, 12.06, 19.06 एवं 26.06.2024 को।
**स्थान:** प्रथम वाता, 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** साक्षीगोपाल, खोरधा रोड़, भुवनेश्वर, कटक, जखपुरा, हरिचन्दनपुर, केन्दुझरगढ़, बांशपानी, डांगोवापोसी, चाईबासा, चाण्डिल जं., मूरी जं., बोकारो स्टील सिटी, राजाबेड़ा, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमो, कोडरमा जं., गया, सासाराम जं, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल एवं टुंडला स्टेशन।

**04656/04655 जम्मू तवी - उदयपुर सिटी - जम्मू तवी गरीब रथ एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** 20 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04656 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04655 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 05:20 | जम्मू तवी | 15:10 | -- |
| 07:30 | -- | उदयपुर सिटी | -- | 14:05 |

**चलने की तिथि : 04656 जम्मू तवी** से दिनांक 25.04.2024 से 27.06.2024 (गुरूवार) तक एवं **04655 उदयपुर सिटी** से दिनांक 26.04.2024 से 28.06.2024 (शुक्रवार) तक
**स्थान:** 3 टियर वाता., वाता. कुर्सीयान
**ठहराव:** पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना, धूरी, जाखल, हिसार, भिवानी, रिवाड़ी, अलवर, बाँदीकुई, जयपुर, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, बिजयनगर, मांडल, भीलवाड़ा, चन्देरिया, बेड़च, मावली एवं राणा प्रताप नगर स्टेशन।

**09424 सुल्तानपुर जं. - साबरमती स्पेशल रेलगाड़ी (अनारक्षित)** 01 फेरा

| स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं. 01084 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| साबरमती | 07:00 | -- |
| सुल्तानपुर जं. | -- | 05:00 |

**चलने की तिथि : 09424 सुल्तानपुर** से दिनांक 23.04.2024 (मंगलवार) को
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, टुंडला जं., आगरा फोर्ट, अछनेरा जं., भरतपुर जं., बाँदीकुई, जयपुर, अजमेर जं., ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, पिण्डवाड़ा, आबूरोड, पालनपुर, जं., एवं महेसाना जं. स्टेशन।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1204/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# हत्यारोपी रोहन की लाश बरामद

## पुलिस के मुताबिक आत्महत्या का मामला, जांच जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज के छात्र शामिक की दिन दहाड़े हाईवे पर हत्या करने के आरोपी रोहन की लाश नजीबाबाद हाईवे पर कार में पड़ी मिलने से सनसनी फैल गई। कार अंदर से बंद थी। पुलिस आत्महत्या की आशंका जताते हुए मामले की जांच कर रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार शहर कोतवाली पुलिस को आज सूचना मिली की नजीबाबाद हाईवे पर ग्राम झलरा के पास स्विफ्ट डिजायर कार संख्या यूपी 19 एच 9009 खड़ी है। उसमें ड्राइविंग सीट पर एक युवक की गोली लगी लाश पड़ी हुई है। कार अंदर से बंद है। सूचना मिलते ही पुलिस फौरन मौके पर पहुंच गई। डॉग स्कवायड व फिल्ड यूनिट टीम को भी मौके पर बुलाया गया। उन्होंने घटनास्थल का बारीकी के साथ निरीक्षण किया। मृतक की पहचान हल्दौर थाना क्षेत्र के ग्राम त्रिलोकपुरी निवासी रोहन पुत्र संजीव के रूप में हुई। रोहन के गोली लगी हुई थी और पिस्टल भी कार के अंदर मौजूद थी। पुलिस ने







लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुता. बिक यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

गौरतलब है कि झालू में पांच फरवरी 2021 को ग्राम सिहोरा निवासी रचित चौधरी की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने झालू के कई युवकों को गिरफ्तार करके जेल भेजा था। रचित चौधरी हत्याकाण्ड में झालू के मौहल्ला पीरजादगान निवासी सरवर अली का पुत्र शहजर भी जेल गया था। हल्दौर पुलिस ने सभी 11 आरोपियों को सिहोरा गिरधर निवासी रचित चौधरी पुत्र धर्मेन्द्र की दिनदहाड़े हत्या के आरा. ेप में गिरफ्तार किया था। इसके बाद पुलिस ने रचित चौधरी गैंग के सदस्यों पर भी शिकंजा कसा था। पुलिस ने कई बार रचित चौधरी गैंग के सदस्यों को हल्दौर थाने व शहर कोतवाली बुलाकर उन्हें नसीहत दी थी। पुलिस का प्रयास था कि यह गैंग सक्रिय न रहे और युवक अपराध की दुनिया को छोड़ दे। इस बीच शहजर के भाई शामिक की जनपद मुख्यालय पर नूरपुर मार्ग स्थित कृष्णा कॉलेज के बाहर दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। बाइक सवार दो बदमाशों ने उसे गोलियों से भून दिया था। मृतक शामिक कृष्णा कॉलेज में बीबीए प्रथम वर्ष का छात्र था। वारदात से पहले वह छात्रा मिस्बाह के साथ होटल से बाहर निकल रहा था। हत्यारोपी उसके होटल से बाहर निकलने का इंतजार कर रहे थे। हत्यारोपियों ने हेलमेट लगा रखे थे। इस हत्याकांड के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे थे। क्योंकि बार-बार आशंका जताई जा रही थी कि रचित गैंग के सदस्य झालू या आसपास किसी संगीन वारदात को अंजाम देंगे। शामिक की हत्या के बाद पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए पूरा जाल बिछाया था। त्रिलोकपुर में पुलिस जेसीबी लेकर पहुंच गई थी। कुछ राजनीतिज्ञों ने हत्यारोपियों का बचाव भी किया था। इस मामले में पुलिस ने रोहन व यश को गिरफ्तार किया था। दोनों पर रचित गैंग के सदस्य होने का आरोप लगा था। पुलिस ने रचित व शामिक के हत्यारोपियों को अलग-अलग जेलों में शिफ्ट कर दिया था। ताकि जेल के अंदर कोई वारदात न हो। बताया जाता है कि मृतक रोहन (19 वर्ष) जमानत पर आया हुआ था। वह कल शाम अपने घर से निकला था। मृतक के परिजन इस वारदात को हत्या बता रहे है। पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

### छात्राओं ने बाजी मारी

**सहसपुर।** एचएम गर्ल्स इंटर कॉलेज सहसपुर देहात का इंटरमीडिएट व हाईस्कूल परीक्षा परिणाम अति उत्तम रहा। इंटरमीडिएट इकरा परवीन ने विज्ञान वर्ग में 85.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। जबकि इल्मा परवीन ने 84.40 अंक पाकर दूसरे और समीर 80 प्रतिशत अंक पाकर तीसरे पायदान पर रहे। वहीं हाईस्कूल में इंशा नाज 77 प्रतिशत अंक पाकर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। जैनब परवीन 74 प्रतिशतअंक पाकर दूसरे और अफीरा मरयम 74 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रही। स्कूल प्रबंधक आफताब आलम ने बताया कि उनके विद्यालय में इंटरमीडिएट का परीक्षाफल 93 प्रतिशत और हाईस्कूल का 95 प्रतिशत रहा।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा शुरू

### यातायात नियमों का पालन करने की दिलाई गई शपथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** चार मई तक चलने वाले सड़क सुरक्षा पखवाड़ा की आज से शुरूआत हो गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार इस मौके पर मण्डावर मार्ग स्थित उपसंभागीय परिवहन कार्यालय में एआरटीओ (प्रशासन) शिव शंकर सिंह द्वारा चालकों व परिचालकों को यातायात नियमों का पालन करने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही उन्हें शपथ भी दिलाई गई।





एआरटीओ ने कहा कि अपनी व अपने परिवार के हितों की रक्षा के लिए किसी भी स्थिति में शराब पीकर वाहन न चलाए। साथ ही वाहन चलाने के दौरान मोबाइल का इस्तेमाल भी न करें। ओवर स्पीट से वाहन न चलाए। उन्होंने सभी चाल. कों का आह्वान करते हुए कहा कि वह अपने वाहन के शीशे पर सामने परिवार के सदस्यों का फोटो लगाए। ताकि उन्हें अपने परिवार की चिंता सताए और सावधानी पूर्वक वाहन चलाए।

इस मौके पर रोडवेज के एआरएम धीर सिंह पंवार, संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) सुरेन्द्र सिंह, प्रधान सहाकय शाहिद आफाक, राम गोपाल, सत्यप्रकाश, विरासत अली, रवि चौहान आदि भी मौजूद थे।

# धार्मिक कार्यक्रमों से हनुमानमय हुआ धामपुर

## भव्य शोभायात्राएं निकाली, हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धार्मिक संस्था श्रीमद् हनुमत सेवा समिति पंजीकृत की ओर से निकाली गई विशाल कलश शोभायात्रा तथा धार्मिक कार्यक्रमों से धर्मनगरी धामपुर पूरी तरह हनुमानमय हो चुकी है। जिसके अंतर्गत आज 22 अप्रैल से विभिन्न स्थानों पर आयोजित हुए कार्यक्रम आगामी 24 अप्रैल तक चलेंगे। इन कार्यक्रमों में हनुमान चालीसा पाठ भजन उच्चारण कार्यक्रम बाबा बजरंगबली को चोला अर्पण कार्यक्रम बाबा का भोग श्री हनुमत महायज्ञ तथा विशाल भंडारों का आयोजन होगा।

मुख्य बाजार स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ श्री बालाजी मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। 23 अप्रैल को इसी स्थान पर श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में सिंदूरी चोला अर्पण कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा। दोपहर मे सामूहिक आरती एवं तीन बजे प्रसाद वितरण होगा। जबकि 24 अप्रैल को प्रात: 11 बजे बाबा को भोग लगाने के बाद प्रसाद का वितरण तथा विशाल भंडारे का आयोजन होगा। मंदिर के महंत डॉ. अमित गिरी, जतिन गिरी एवं आदित्य गिरी ने संयुक्त रूप से दी।

उधर कालागढ़ मार्ग स्थित संकट मोचन श्री सिद्धेश्वर बालाजी धाम पर 23 अप्रैल से 19 वे वार्षिक उत्सव के अवसर पर आयोजित होने वाले दो दिवसीय श्री बालाजी महाराज जन्मोत्सव की भी सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। जिसके अंतर्गत श्री हनुमत महायज्ञ हनुमान चालीसा पाठ भजन कीर्तन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए धाम के महंत राहुल अग्रवाल जी महाराज ने बताया कि 23 अप्रैल को प्रात: 9 बजे श्री हनुमत महायज्ञ होगा। जिसके यज्ञ आचार्य बरेली से पधारने वाले पंडित विकास जी महाराज रहेंगे। उन्होंने बताया कि 23 अप्रैल को ही धर्म नगरी धामपुर की धार्मिक संस्था श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाएगा भजन कीर्तन होंगे शक्ति आवाहन होगा। तथा बाबा को भोग लगाया जाएगा जबकि 24 अप्रैल को प्रात: 11 बजे से संकट मोचन श्री सिद्धेश्वर बालाजी धाम पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्रीमद् हनुमंत सेवा समिति पंजीकृत एवं बाबा श्री नीम करोली महाराज कृपा कुंज के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे तीन दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्सव के अंतर्गत आज कालागढ़ मार्ग स्थित कृपा कुंज पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन उच्चारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा बाबा को सवा कुंतल लड्डू का भोग लगाने की प्रक्रिया पूर्ण की गई।

# झालू व नहटौर के बीच सड़क पर तड़प रहा विकास

## गड्ढे मुक्त सड़कों के भाजपा सरकार के दावों की खुल रही पोल





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विकास कार्यों में बुरी तरह फ्लाप जनपद में मुख्य मार्गों का बुरा हाल है। मुख्य सड़कों की हालत बद से बदत्तर है। इसके बावजूद लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान मंत्री से लेकर भाजपा के अन्य नेता रिकार्ड विकास के झूठे दावें कर रहे थे। इन दावों की असलियत आम जनता को पता थी, इसी लिए प्रत्याशियों को मेहनत करनी पड़ी।

झालू में देवता भाई-बहन के मंदिर से नहटौर तक की सड़क की हालत किसी से छुपी हुई नहीं है। इस सड़क पर इतने ज्यादा गहरे गड्ढे है कि चालकों को वाहन चलाने के समय गड्ढों में सड़क ढूंढनी पड़ती है। कभी भी एक मीटर लम्बी सड़क भी अच्छी नहीं है। जिसे देखकर कहा जा सके कि भाजपा सरकार में विकास कार्य कराए गए है। इस खस्ताहाल सड़क की वजह से आए दिन हादसे होते रहते है। बाइकों पर पीछे बैठी सवारियां, खासतौर पर महिलाएं व बच्चे नीचे गिर जाते हैं। इस मुख्य मार्ग से वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधि भी गुजरते हैं। उन्हें भी जरूर अपनी लग्जरी गाड़ियों में झटके लगते होंगे। लेकिन वह लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को इस सड़क के निर्माण के लिए न तो फटकार लगा रहे है और न ही अपने स्तर से कोई प्रयास कर रहे है। जिससे इस मार्ग से गुजरने वाले नागरिक बेहद परेशान है। जनपद की अन्य सड़कों की हालत भी बद से बदत्तर है। कमीशनखोरी की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों की हालत बेहद खस्ता हो गई हैं। भाजपा सरकार में कमीशनखोरी पर ब्रेक नहीं लग पा रहा है। सूत्रों का कहना है कि ठेकेदारों से पहले कमीशन लिया जाता है और उसके बाद भुगतान कराया जाता है। कमीशन की वसूली में कोई रियायत नहीं बरती जाती है। जिसकी वजह से ठेकेदार भी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से समझौता कर आम नागरिकों की जान का सौदा कर लेते हैं।

### हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**नहटौर।** धामपुर क्षेत्र के ग्राम मिलक जहांगीराबाद निवासी गोपी पुत्र महेंद्र सिंह बाइक से खस्ताहाल झालू मार्ग पर जा रहा था। ग्राम रूखड़ियो के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। वह मौके पर ही गिर गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस गोपी को उठा कर अस्पताल लाई। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दी। गोपी की मौत से परिजनों



में कोहराम मच गया। उनका रो-रोकर बुरा हाल था।

### खास खबरें : एक नजर...

#### बिजनौर में निकली शोभायात्रा



**बिजनौर।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आज श्रीश्री 1008 बाबा हरिहर हनुमान मंदिर मौहल्ला खतियान के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें भगवान के विभिन्न स्वरूपों को प्रदर्शित किया गया। इस शोभायात्रा में अयोध्या में प्रतिष्ठित बालक श्री राम जी की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में नीरज शर्मा, दीपक महर्षि, विनय राना, डॉ. आकाश अग्रवाल, अनूप खन्ना, हर्ष राणा, धर्मेंद्र पहलवान, मनोज खन्ना, कार्तिक, अग्रिम अनिकेत, सत्यम आदि ने व्यवस्था में सहयोग दिया।

#### आफिया ने रौशन किया नाम



**बुंदकी।** हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की परीक्षा में इस बार भी छात्राओं ने बाजी मार ली है। क्षेत्र के विभिन्न हाईस्कूलों व इण्टर कॉलेजों का परीक्षा परिणाम पूर्व से बेहतर रहा है। छात्राओं ने बाजी मारते हुए अच्छे अंकों के साथ परीक्षाएं उत्तीर्ण की है। चौधरी राजा राम सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रहमापुर बनवारीपुर की हाईस्कूल की छात्रा आफिया पुत्र मौहम्मद आसिफ ने 88.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के साथ-साथ परिवार का नाम रौशन किया है। आफिया आगे पढ़ाई कर गांव व परिवार का नाम रौशन करना चाहती है।

#### नूरपुर में किशोरी से बलात्कार

**बिजनौर।** 17 अप्रैल को नूरपुर थाने में वादी ने तहरीर दी थी कि एक किशोर उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। तहरीर के आधार पर नूरपुर पुलिस ने धारा 363 में मुकदमा पंजीकृत किया था। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। उसके साथ आरोपी के द्वारा बलात्कार भी किया गया। पुलिस ने अभियोग में बलात्कार की धारा 376 (3) व पोक्सो एक्ट की वृद्धि कर किशोर को अभिरक्षा में ले लिया है।

#### अफजलगढ़ में तनवीर गिरफ्तार

**बिजनौर।** अफजलगढ़ पुलिस ने बहुचर्चित ताहिर हत्याकाण्ड में तनवरी पुत्र मौहम्मद आकिल निवासी मौहल्ला जैनुलआबेदीन को गिरफ्तार किया है। फैजान, धौनी व अकबर पुत्रगण तनवीर एवं तनवीर पुत्र मौहम्मद आकिल ने 27 मार्च को रास्ते में रोककर मौहम्मद ताहिर की हत्या कर दी थी। मृतक के पेट में कैंची से वार किया गया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी।

#### शेरकोट में अमित अरेस्ट

**बिजनौर।** शेरकोट पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मौहल्ला धुराड़ा निवासी अमित कुमार पुत्र महेन्द्र को गिरफ्तार किया है।

# चेयरमैन पर हमले के मामले में तीन नामजद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** चेयरमैन अब्दुल मन्नान व उनके भाइयों पर जानलेवा हमले के मामले में तीन नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिशें दी जा रही हैं।

शनिवार को चेयरमैन अब्दुल मन्नान व उनके भाई शादान दोपहर में जौहर की नमाज पढ़ने के लिए मौहल्ले में स्थित मस्जिद में गए थे। मस्जिद के पैसों के हिसाब किताब को लेकर हैदर व सौबान पुत्रगण जीशान मस्जिद के मौअज्जन, ईमाम व मुतावल्ली से गाली गलौच कर हाथापाई पर उतर आए। जिस पर चेयरमैन ने उन्हें ऐसा करने से मना किया तो सौबान व हैदर ने चेयरमैन और उनके भाई शादान से भी बदतम. ीजी की और जान से मारने की धमकी दी। नमाजियों ने उन दोनों को मस्जिद से बाहर निकाला। मस्जिद से बाहर आने के बाद हैदर व सौबान ने घर पहुंच कर अपने भाइयों को इकट्ठा किया तब सोनू, हैदर व सौबान एक राय होकर हाथों में धारदार चाकू व तमंचे लेकर जान से मारने की नियत से चेयरमैन अब्दुल मन्नान के घर में घुस गए। जहां इन्होंने शादान के सीने से चाकू से वार किया। हमले में पूर्व चेयरपर्सन रुबीना भी घायल हो गयीं। बाद में आरोपियों ने छतों पर चढ़कर पथराव किया। चेयरमैन अब्दुल मन्नान की बहन रिजवाना एडवोकेट द्वारा पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट में सोनू, हैदर व सौबान पुत्रगण जीशान व एक अज्ञात के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। थाना प्रभारी उदय प्रताप ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिशें दी गई हैं।

उधर, चेयरमैन अब्दुल मन्नान व उनके भाई मौहम्मद शादान मौहल्ले में अपराध की रोकथाम हेतु अपराधिक प्रवृत्तियों के युवाओं पर सख्ती बरतते हैं ताकि मौहल्ले की छवि शहर में अमन पसंद की बनी रहे। मगर कुछ को उनकी यह बात पसंद नहीं आती। कुछ लोग लूका छुप्पी से सट्टा, जूआ, मोबाइल चोरी एवं सुल्फा, गांजा की तस्करी में लिप्त हैं। अनैतिक कार्यों में लिप्त लोगों की जानकारी होने पर चेयरमैन और उनके भाई कानून के पालन में सहयोग करते हैं और अनैतिक कार्यों में लिप्त लोगों को पुलिस के हवाले कर देते हैं। अनैतिक कार्यों को रोकने पर अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों से उनकी आमने सामने की मुखालफत होती है। ऐसे अपराधिक प्रवृत्ति के लोग चेयरमैन व उनके भाईयों के जान के दुश्मन बन गए हैं। शनिवार को मस्जिद में घटी घटना भी उसी का एक हिस्सा है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# डोडा चूर्ण के साथ तीन गिरफ्तार

## सब्जियों से भरे ट्रूक से आठ बोरे डोडा चूर्ण व नकदी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** स्थानीय पुलिस व स्वाट/सर्विलांस टीम ने चैकिंग के दौरान एक ट्रक को पकड़ा, जिसमें सब्जियों के बोरों में छिपाकर डोडा चूर्ण ले जाया जा रहा था। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मुखबिर की मिली सूचना पर टीम ने वाहन चैकिंग के दौरान एक ट्रक पकड़ा। पुलिस ने बताया कि ट्रक नम्बर एचपी 63बी/3755 को चैक किया तो उसमें सब्जी भी थी, जिसके नीचे बोरों में डोडा चूर्ण भरा था। जिसे वह बिहार और झारखण्ड से लाकर पहाड़ों पर बेचने का काम करते है। पुलिस ने बताया कि इसमें सवार तीन लोग शिमला से सब्जी लेकर बनारस गए थे तथा लगभग 3/4 दिन पहले जाकिर निवासी पोण्टा साहिब ने अपना माल डोबी बिहार पोण्टा साहिब लाने के लिए कहा था। हम लोग डोबी बिहार से प्याज तथा बंदगोभी के कट्टो के



बीच में डोडे के आठ बोरे दबाकर ला रहे थे तथा जाकिर माल लदवाकर अपनी गाड़ी से चला गया था और हम लोग वापस पोण्टा साहिब के लिए चल दिए थे और यहां चांदपुर-बिजनौर में पुलिस ने हमें पकड़ लिया। जो इससे पूर्व 14 मार्च 24 को भी बिजनौर में एक शराब की पेटियों से भरी गाड़ी पकड़ी गई थी, जो हमारे साथी राजेश मधईक की थी।

पुलिस ने पकड़े गए लोगों के नाम इरफान अहमद पुत्र सुलेमान, अब्दुल वारी उर्फ रहमान पुत्र लियाकत अली, महबूब अहमद पुत्र नूर मौहम्मद निवासीगण ग्राम तरसानू, थाना नेरूआ, जनपद शिमला, हिमाचल प्रदेश बताए तथा इनके पास से एक ट्रक एचपी 63 बी/3755, प्लास्टिक के आठ बोरों में भरा डोडा चूर्ण, 19 बोरे प्याज भरे व 13 बोरे बंद गोभी भरे और तीन मोबा. इल व 38 हजार रुपए की नकदी बरामद की। पुलिस ने मुअसं 183/24 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीकृत कर अगली कार्यवाही प्रारम्भ कर दी है।

पुलिस अधीक्षक बिजनौर द्वारा जनपद में अवैध मादक पदार्थों के निर्माण और विक्रय/ परिवहन आदि करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना चांदपुर पुलिस व स्वाट/सर्विलांस टीम द्वारा यह कार्यवाही की जा रही है।

# किरतपुर में शनिदेव महाराज की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा

## श्रद्धालुओं ने निकाली शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शिवाला कलां।** क्षेत्र के ग्राम किरतपुर में शनिदेव महाराज की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा शोभायात्रा भक्तिभाव के साथ निकाली गई। यह शोभायात्रा शिव मंदिर परिसर से शुरू की गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम किरतपुर में शनिदेव महाराज की शोभायात्रा शिव मंदिर परिसर से शुरू की गई। श्रद्धालू शनि महिमा का गायन करते हुए मंदिर तक पहुंचे। फूलों से सजे रथ में शनि देव की प्रतिमा रखी हुई थी। भक्ति संगीत की धुनों पर श्रद्धालू भक्तिभाव में नाचते नजर आए। शनिदेव के जयकारों से पूरा वातावरण धर्ममय हो गया। शोभायात्रा का समापन मंदिर पर हुआ। जहां शनिदेव की मूर्ति की स्थापना पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कराई। यज्ञ,



अनुष्ठान आयोजित हुए। मूर्ति स्थापना के बाद महाआरती आयोजित की गई। इसके पश्चात भंडारे का कार्यक्रम देर सायं तक चलता रहा। बड़ी संख्या में लोग इस दौरान मौजूद रहे। कार्यक्रम में धर्म जागरण समिति के अध्यक्ष तेजपाल सिंह, महासचिव लोकेश कुमार, महेश कुमार, भगवंत सिंह, कर्मेंद्र कुमार, योगेंद्र सिंह, ललित प्रताप सिंह, डॉ. परविंद सिंह, डॉ. हर्षवर्धन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालू मौजूद रहे।

# कन्या इंटर कालेज का हाईस्कूल व इण्टर का परीक्षा परिणाम 97 प्रति.



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कन्या इंटर कालेज का इंटर तथा हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत रहा। विज्ञान वर्ग में कुमारी सिद्दीकी हुमेरा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कालेज टॉप किया।

मानविकी वर्ग में पलक शर्मा 92 प्रतिशत अंकों के साथ, वाणिज्य वर्ग में सानिया 83 प्रतिशत अंकों के साथ तथा व्यवसायिक वर्ग में रिया रानी 88 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रही। इण्टरमीडिएट में कुल 386 छात्राओं ने परीक्षा दी, जिसमें 371 छात्राएं उत्तीर्ण तथा 15 छात्राएं अनुत्तीर्ण रही। हाईस्कूल में कुल पंजीकृत 354 छात्राओं ने परीक्षा दी जिसमें 346 छात्राएं उत्तीर्ण रही तथा 8 छात्राएं अनुत्तीर्ण रहीं। सभी टॉपर छात्राओं को विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा देवी द्वारा मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी गई। विद्यालय के प्रबंधक शलभ कुमार अग्रवाल तथा उपाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार अग्रवाल ने विद्यालय की सभी टॉपर छात्राओं को उनके अच्छे अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण करने पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। साथ ही छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# आरएसएम में मेधावियों को किया सम्मानित

## इण्टरमीडिएट का परीक्षाफल रहा 78.44 प्रतिशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम इण्टर कालेज में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड इण्टरमीडिएट का कुल परीक्षाफल 78.44 प्रतिशत रहा।

इंटरमीडिएट कक्षाओं में छात्र प्रियांशु कुमार पुत्र सुशील कुमार ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे। नपेंद्र 87.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे। कुमारी दीक्षा 85.4 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार हाईस्कूल कक्षा में कुल परीक्षाफल 94.6 रहा। जिसमें रजत कुमार पुत्र चंद्रशेखर ने 85. 5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान ग्रहण किया तथा रचित कुमार पुत्र ब्रह्मपाल सिंह ने 84.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा किश



कुमार पुत्र पुरुषोत्तम सिंह, कावेन्द्र कुमार पुत्र दयाराम तथा मौहम्मद अनस पुत्र तहसीम अहमद ने 83.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय में प्रथम तीन स्थान ग्रहण करने वाली छात्राओं में कु. मुस्कान पुत्री राजीव कुमार ने 83.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान ग्रहण किया तथा कु. तोशीबा परवीन पुत्री सुल्तान अली ने 74.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा कुमारी अलइस्वाह पुत्री आफताब आलम ने 73.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान ग्रहण किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ओपी यादव तथा उप प्रधानाचार्य अनिल कुमार देवरा ने सभी छात्र एवं छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कई लोगों पर पथराव व मारपीट करने का आरोप

## आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** नगर पंचायत की महिला सभासद के पति ने कई लोगों पर पथराव करने व घर में घुसकर सभासद की पुत्री और भतीजे को मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है ।

प्राप्त समाचार के अनुसार कस्बे के मौहल्ला पक्काबाग निवासी सभासद नीलम देवी के पति वीरेन्द्र सैनी ने थाने में दर्ज कराए केस में आरोप लगाया कि रविवार की शाम वह बाजार में स्थित अपनी दुकान पर था। तभी एक पड़ोसी का फोन आया कि उनके घर पर 10 से 15 लोग पथराव कर रहे है।

सूचना मिलने पर वीरेन्द्र घर पहुंचा, तो उसकी पुत्री कशिश (15 वर्ष) घर पर अकेली थी और स्वजन घर से कुछ दूरी पर स्थित घेर पर गए हुए थे। पुत्री को अकेला पाकर मौहल्ला सत्तीयान निवासी 10 से 15 लोग घर में घुसकर गाली-गलौच और मारपीट करने लगे। सभी के पास लाठी-डंडे थे। उन लोगों ने पुत्री कशिश व भतीजे अरविंद को मारपीट कर घायल कर दिया। कशिश के शोर मचाने पर स्वजन रीता, पूजा, शोभा घर के बाहर आए तभी इन लोगों ने मारपीट व गाली गलौज करते हुए पथराव शुरू कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक कोमल सिंह ने बताया कि सभासद पति वीरेन्द्र सैनी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

# स्कूलों में मनाया गया पृथ्वी दिवस

## विभिन्न कार्यक्रम व प्रतियोगिताओं का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के विभिन्न स्कूलों में पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं को धरती बचाओ, जीवन बचाओ के उद्देश्य से अनेक प्रतियोगिताओं को आयोजन किया गया।

एजूकोल द गर्ल्स स्कूल में धरती बचाओ जीवन बचाओ नारे के साथ वृक्षारोपण, भाषण, पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रबंधक डा.लोकेन्द्र सिंह व प्रधानाचार्य प्रीती अग्रवाल ने छात्रओं को पृथ्वी के संरक्षण पर जोर दिया।

उधर दुर्गा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल धामपुर में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस मौके पर स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें




अध्यापकों ने बच्चो से पृथ्वी को बचाने के लिए नारे लगवाये। उधर दुर्गा पब्लिक स्कूल में प्रबंधक आशीष कुमार राजपूत ने बताया कि आज जिस तरह से प्रकृति का दोहन हो रहा है उससे वैश्विक स्तर पर हमारे भविष्य के लिए चिंता होना स्वाभाविक है। प्रधानाचार्या महवश पंजेतन ने बताया कि 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्थन प्रदर्शित करने के लिए पृथ्वी दिवस का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल की सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

# किसानों ने की नहर में पानी छोड़े जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** गर्मी के चलते किसानों की फसले सूखने लगीं है, जिसके चलते किसानों ने सिंचाई विभाग के अफसरों से नहर में जल्द पानी छोड़े जाने की मांग की है।

उतराखंड में चिड़ियापुर के समीप पूर्वी गंग नहर नेशनल हाईवे 74 को क्रास कर रही है। इस हाईवे पर काफी समय से फॉर लेन सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके चलते चिड़ियापुर के समीप फॉर लेन हाईवे के लिए पुल का निर्माण कार्य नहर के ऊपर चल रहा है, निर्माण के चलते नहर में काफी समय से पानी नहीं छोड़ा गया है। बिजनौर जनपद के भागूवाला, नजीबाबाद, बिजनौर के हजारों किसान पूर्वी गंग नहर से अपनी फसलों की सिंचाई के लिए निर्भर है। लेकिन पानी नहीं छोड़ जाने से किसानों की फसलें सूखने लगी है, जिससे किसान काफी चिंतित है। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने सिंचाई विभाग के अफसरों से शीघ्र की नहर में पानी छोड़े जाने की मांग की है। भाकियू के नेता दिनेश कुमार ने बताया की पूर्वी गंग नहर के अधीक्षण अभियंता योगेश कुमार से नहर में पानी छोड़े जाने की मांग की गई है, जिस पर उन्होंने बताया कि 2/3 दिन में नहर में पानी छोड़ दिया जाएगा।

## केएम का परीक्षा परिणाम सम्मानजनक

**धामपुर।** केएम इंटर कालेज का हाईस्कूल एवं इंटर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कालेज के प्रधानाचार्य सुभाष कुमार के अनुसार हाईस्कल मे रितेश कुमार ने 93.5, अल्वमश मलिक ने 72.6 तथा सनी ने 70.3 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इसी प्रकार इंटर में शिवम कुमार ने 87, गौरव कुमार ने 79.6 तथा मौ.अमानत ने 78.7 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। जबकि हाईस्कूल के एक तथा इंटर का 6 छात्र सम्मान सहित उत्तीर्ण हुए। कालेज के बेहतर परीक्षा परिणाम में स्कूल के शिक्षकों को योगदान रहा।

## एक नजर

### नवेद ने किया कॉलेज टॉप



**चांदपुर।** हाई स्कूल एवं इण्टर मीडिएट के परीक्षाफल घोषित होने पर सिद्धार्थ राष्ट्रीय इंटर कॉलेज ग्राम सिसौना का परीक्षाफल भी शत प्रतिशत रहा। इस कॉलेज के कक्षा 12 के होनहार छात्र नवेद अहमद पुत्र सलीम अहमद ने कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त कर न सिर्फ अपने माता-पिता का नाम रोशन किया, बल्कि कॉलेज का भी नाम रोशन किया है। होनहार छात्र पत्रकार सलीम अहमद चांदपुर निवासी का पुत्र है। पत्रकार सलीम अहमद ने कहा कि शिक्षा ही जीवन की मूल कुंजी है। हर माता-पिता को चाहिए कि वह अपने बच्चों को शिक्षित बनाने का काम करें।

### राजा का ताजपुर में चोरी

**राजा का ताजपुर।** स्थानीय मौहल्ला नई बस्ती, स्योहारा रोड पर अकील कबाड़ी की दुकान में बीती रात हजारों का सामान चोरी कर लिया गया। चोरों ने पीछे की दीवार तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। आज सुबह जब अकील अहमद अपनी दुकान पर पहुंचे, तो उन्हें वारदात के बारे में पता चला। चोरी की सूचना पुलिस को दे दी गई है। क्षेत्र में चोरी की घटनाएं काफी हो रही है। पुलिस न तो चोरों पर लगाम कस पा रही है और न ही वारदातों का खुलासा कर रही है। जिससे पुलिस की किरकिरी हो रही है।

# आंध्र प्रदेश में खेलेगा विशाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ताइक्वांडो खिलाड़ी विशाल कुमार का भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) कर्नूल आंध्र प्रदेश के लिए चयन हुआ है।

एस.एन.एस.एम. इंटर कॉलेज के कक्षा 12 के छात्र विशाल कुमार पुत्र कुंवर पाल सिंह निवासी फुलसंदा खाकम नहटौर का चयन भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) कर्नूल आंध्र प्रदेश के लिए हुआ है। विशाल कुमार ने ताइक्वांडो का प्रशिक्षण नहटौर ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एकेडमी के कोच चमन सैनी की देखरेख में प्राप्त किया। विशाल कुमार ने ढ़ाई वर्ष के अंतराल में क्षेत्रीय स्तर, जिला स्तरीय तथा राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में भाग लेकर गोल्ड मेडल प्राप्त किए है। कॉलेज के प्रबंधक इंजीनियर दर्पण त्यागी तथा प्रधानाचार्य दुष्यंत कुमार त्यागी ने विशाल कुमार तथा उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि हमें गर्व है कि हमारे स्कूल के छात्र का चयन भारतीय खेल प्राधिकरण में हुआ है। ताइक्वांडो कोच तथा नेशनल रैफरी चमन सैनी ने बताया कि विशाल कुमार शुरू से ही मेहनती रहा है और मुझे विश्वास है कि वह आने वाले समय में हमारे क्षेत्र, उत्तर प्रदेश के साथ पूरे भारत का नाम रोशन करेगा । जिला बिजनौर ताइक्वांडो एसो. के सचिव राजू राजपूत तथा नहटौर ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एकेडमी के कोच चमन सैनी ने चयनित खिलाड़ी विशाल कुमार के अभिभावकों को बधाई दी।

# दमा के मरीजों पर भारी पड़ रही गेहूं की कटाई

**थम्मन सिंह गहलौत**

**शिवाला कलां।** पिछले कई दिन से हो रही गेहूं की कटाई ने दमा व श्वास रोग पीड़ित लोगों की दिक्कतें बढ़ा दी है। हवा में उड़ कर भूसा आबादी तक मार कर रहा है। जिससे इन लोगों को सांस लेने में भी परेशानी हो रही है। निजी अस्पतालों की ओपीडी में उन लोगों की संख्या बढ़ गई है, जिन्हें सांस लेने में तकलीफ हो रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार गेहूं की कटाई जोरों पर है। इसलिए खेतों में जगह-जगह गेहूं निकालने के लिए थ्रेशर व हडंबा मशीनें चल रही है। गेहूं से निकला भूसा हवा में फैला हुआ है। जो खेत सड़कों के निकट हैं, भूसे की वजह से वहां से तो लोगों का गुजरना ही भारी पड़ रहा है। इससे न सिर्फ आखों में एलर्जी हो रही है, बल्कि रात के समय हादसा होने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। हवा में फैले भूसे के कण सांस के जरिए लोगों के अंदर जा रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी श्वास रोग से पीड़ित लोगों व बच्चों को हो रही है। अस्पतालों में लगी ऐसे लोगों की भीड़ से इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।



### दिक्कत होने पर तुरंत चिकित्सक से करें परामर्श

हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आरपी त्यागी का कहना है कि इन दिनों हवा में भूसा बहुत अधिक हैं। जिन लोगों व बच्चों को सांस लेने में दिक्कत हैं उन्हें कुछ दिन तक घर से कम ही बाहर निकलना चाहिए। अगर वे बाहर निकलें तो नाक व मुंह पर रुमाल आदि रख कर चलें। अगर सांस लेने में दिक्कत हो रही हो, तो तुरंत चिकित्सक के पास जाना चाहिए।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम GHYASUDDIN से बदलकर GAYASUDDIN रख लिया है। भविष्य में मुझे GAYASUDDIN नाम से ही जाना व पहचाना जाए।
GAYASUDDIN S/O MOHD ISMAIL
MOHALLA SARAI TALE WALI,
NEHTAUR, BIJNOR

**संबंध विच्छेद सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मौ. परवेज पुत्र तमीज अली को उसकी हरकतों से तंग आकर अपनी हर प्रकार की सम्पत्ति से बेदखल (आक) कर दिया है। अपने सभी संबंध विच्छेद कर लिए है। अब मैं तथा मेरे परिवार का कोई सदस्य मौ. परवेज के किसी भी कार्य के लिए जिम्मेदार नहीं है। **खातून पत्नी मरहूम तमीज अली निवासी मौहल्ला खंदक, राजा का ताजपुर, जिला बिजनौर।**

**संबंध विच्छेद सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मौ. इन्तजार को उसकी हरकतों से तंग आकर अपनी हर प्रकार की सम्पत्ति से बेदखल (आक) कर दिया है। उससे अपने सभी तरह के संबंध विच्छेद कर लिए है। अब मैं मौ. इंतजार के किसी भी कार्य व लेनदेन के लिए जिम्मेदार नहीं हूं। **मौहम्मद उस्मान पुत्र अब्दुल हकीम निवासी ग्राम रवाना शिकारपुर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर**

# भाकियू ने थाने पर दिया धरना

## दरोगा पर लगाया अभद्रता का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** नांगल थाने में तैनात एक दरोगा द्वारा भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के कार्यकर्ता के साथ अभद्रता करने के विरोध में यूनियन के कार्यकर्ताओं ने नांगल थाने पर धरना प्रदर्शन किया। ।

सोमवार को युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी के नेतृत्व में यूनियन के कार्यकर्ता व किसान थाना नांगल पहुंचे और दरोगा योगेश कुमार द्वारा कार्यकर्ता महफूज चौधरी के साथ अभद्रता करने के विरोध में नांगल थाने के गेट पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरने को संबोधित करते हुए युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी ने कहा कि किसी भी कीमत पर भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी किसानों, मजदूरों व कार्यकर्ताओं का शोषण बर्दाश्त नहीं करेगी। धरने के दौरान वार्ता के लिए थानाध्यक्ष नांगल अशोक कुमार किसानों के बीच पहुंचे और किसानों से वार्ता की। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने किसानों को मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के कार्यकर्ताओं ने शीघ्र जांच कर कार्यवाही करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन थानाध्यक्ष को सौंपा और धरना समाप्त कर दिया।



इस मौके पर जिलाध्यक्ष विकास उर्फ नूरी, परवेन्दर कुमार, मुस्तकीम अंसारी, इमरान चौधरी, छोटन सिंह, अल्ताफ अहमद, महफूज चौधरी, मास्टर वेदपाल सिंह मलिक, राकेश कुमार, मुनेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, आक. श डबास, अरुण कुमार, देवेंद्र सिंह, पीतम सिंह आदि कार्यकर्ता व किसान मौजूद रहे।

इसके साथ ही दरोगा योगेश कुमार ने बताया कि जमीनी विवाद के चलते किसान बेबुनियाद आरोप लगा रहे है।

# प्रेमधाम आश्रम ने दो बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर के हरिद्वार मार्ग स्थित प्रेमधाम आश्रम में अपने परिवार के बिछड़े दो बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। अपने जिगर के टुकड़ों को सकुशल पाकर परिजनों के आंसू निकल पड़े।

प्राप्त समाचार के अनुसार प्रेमधाम आश्रम के संस्थापक फादर शिबू ने कहा कि उनका उद्देश्य प्रेम व सेवा के माध्यम से समाज के सबसे असहाय व अविनाशित व्यक्तियों की मदद करना है। हाल ही में आश्रम ने चार दिव्यांग बच्चों को स्वागत किया। जो जीवन की मुश्किलों से लड़ रहे हैं। इन बच्चों की स्थिति कठिन होने के बावजूद आश्रम ने उन्हें अपनी गोद में लेकर उन्हें घर का एहसास दिलाया। प्रेमधाम आश्रम ने केवल बेसहारा को संरक्षण देता है, बल्कि



परिवार से बिछड़े हुए को उसके परिवार वालों तक सकुशल पहुंचाने का हर संभव प्रयास करता है। इसी कड़ी में आश्रम ने घर से बिछड़े हुए मानसिक रूप से दिव्यांग दो बालकों को सुरक्षित उनके माता-पिता के सुपुर्द किया। पिछले एक वर्ष से लापता 17 वर्षीय आकाश पुत्र राकेश तोमर निवासी बुलंदशहर को सकुशल उसके माता-पिता के सुपुर्द किया गया। बालक को पाकर उसके परिजन भाव विभोर हो गए तथा नम आंखों से आश्रम परिवार को धन्यवाद दिया। इसी के साथ पांच महीने से अपने परिवार से बिछड़े हुए 20 वर्षीय केवल सिंह पुत्र ऋषिपाल निवासी अमरोहा को भी आश्रम ने उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# ट्रेन की चपेट में आकर मोर की मौत

## पोस्टमार्टम के बाद मोर को दफनाया

**शाह टाइम्स संवददाता**

**नांगल सोती।** राष्ट्रीय पक्षी मोर की चंदक रेलवे फाटक पर ट्रेन की चपेट मे आकर मौत हो गई। सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मच गया।

राष्ट्रीय पक्षी मोर सोमवार की सुबह चंदक रेलवे फाटक पर ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। रेलवे फाटक पर मौजूद कर्मचारियों ने इसकी सूचना सामाजिक वानिकी विभाग के अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंचे दरोगा विकास कुमार घायल मोर को लेकर उपचार के लिए राजकीय पशु चिकित्सालय नांगल सोती जा रहे थे,



चिकित्सालय पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। दरोगा विकास कुमार की मौजूदगी में पशु चिकित्सालय के प्रभारी डॉ. अंकित चौधरी, लक्ष्मण बनवारी, आनंद की टीम ने मोर का पोस्टमार्टम किया। इसके बाद दरोगा विकास कुमार ने

मोर को जंगल में ले जाकर दफना दिया।

# विद्यार्थियों ने दिया पृथ्वी को हरित बनाने का संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम हर साल 22 अप्रैल को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने के पीछे मूल उद्देश्य पृथ्वी के बिगड़ते स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है।

विश्व पृथ्वी दिवस की इसी श्रृंखला में आज कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस के विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण का आयोजन किया। जिसमें विद्यार्थियों ने भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति आयुर्वेदिक चिकित्सा को बढ़ावा देने का एक सुंदर प्रयास किया। विद्यार्थियों ने औषधीय पौधों तथा मसालों के पौधों का रोपण किया। जिसमें हल्दी, तेज पत्ता, इलायची, लौंग, काली मिर्च, पारिजात, जामुन, मेहंदी, एलोयवेरा, अश्वगंधा, नीम, करी पत्ता, गिलोय, लैमन ग्रास आदि पौधों का रोपण



महाविद्यालय प्रांगण में किया। 54 वर्ष पूर्व 22 अप्रैल, 1970 को विश्व पृथ्वी दिवस को प्रथम बार मनाया गया। अब यह न तो किसी धर्म और न ही किसी राष्ट्र के उत्सव का कार्यक्रम है। इसे विश्वस्तर पर एक आन्दोलन के रूप में मनाने की आवश्यकता है।

प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खां ने कहा कि पृथ्वी पर हो रहे परिवर्तन, विकास कार्यों का अनियोजित संच. ालन, पृथ्वी के अस्तित्व के लिए खतरा बन गया है। दिनों-दिन धरती का हरित आवरण कम होता जा रहा है।

कृष्णा कॉलेज के चेयरमैन मनोज कुमार ने इस कार्यक्रम के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए आह्वान किया कि हम अपनी जीवनशैली बदले, उन बातों पर गौर करें जिससे हमारी बदले पृथ्वी लम्बे समय तक हरी भरी और हम सभी के रहने योग्य बनी रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागाध्यक्षा डॉ. पूनम गुप्ता, डॉ. शोमा सिंह, डॉ. पायल, अदीबा, श्वेता टोंक, अनुशा शहजाद तथा अन्य प्रवक्ताओं का योगदान रहा।

# कार से टकराकर माहा घायल



**शाह टाइम्स संवददाता**

**नगीना।** सड़क पार कर रहा एक माहा कार से टकराकर घायल हो गया।

सोमवार की सुबह थाना शेरकोट निवासी मोहम्मद शफीक पुत्र रफीक अहमद अपने परिवार के साथ बढ़ापुर जा रहा था। जब उसकी कार बढ़ापुर-नगीना मार्ग पर गांव काजीवाला नंदपुर के बीच पहुंची तो रोड पार कर रहे एक माहे से कार टकरा गई, जिससे माहा घायल हो गया तथा कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। जबकि कार में सवार मोहम्मद शफीक के परिवार के सभी लोग सकुशल बच गए। राहगीरों ने वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली तथा घायल माहे का उपचार कराया।

# हाईस्कूल में वाणी और वंशिका ने किया नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवददाता**

**नजीबाबाद।** बोर्ड परीक्षा-2024 का परिणाम में विद्या भारती से सम्बद्ध निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज की वाणी चौहान एवं वंशिका ने जिले की मेरिट लिस्ट में चतुर्थ एवं नौवां स्थान प्राप्त किया।


इस अवसर पर प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह एवं कोषाध्यक्ष कपिल गर्ग ने दोनों बहनों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा परिणाम में प्रथम स्थान पर वाणी चौहान 95.5 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर वंशिका 94.33 प्रतिशत एवं तृतीय स्था हिमानी 88.66 प्रतिशत ने प्राप्त किया। इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा परिणाम में प्रथम स्थान पर मयंक कुमार 88.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर अखिल चौहान 86.6



प्रतिशत एवं अर्षराज सिंह 86.6 प्रतिशत, तृतीय स्थान आशीष कुमार 85.4 प्रतिशत ने प्राप्त किया। प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# चौरासी घंटा मंदिर में मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

**बिजनौर।** कल (आज) मंगलवार को अतुलित बल वाले श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव चौरासी घंटा मंदिर में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। मंदिर प्रबंध समिति के सर्वश्री दीपक अग्रवाल (बेसन वाले), अरविंद अग्रवाल, कुलद. ीप, मास्टर अनिल आदि ने बताया कि दोपहर एक बजे छप्पन भोग के पश्चात मंदिर परिसर में विशाल भंडारा रात्रि सात बजे भजन संध्या के पश्चात आरती व प्रसाद का वितरण किया जाएगा।



# जियो और जीने दो के संदेश के साथ निकाली प्रभातफेरी

**नजीबाबाद।** जैन समाज की ओर से महावीर जयंती पर नगर में अहिंसा परमो धर्म, जियो और जीने दो के संदेश के साथ प्रभात फेरी निकाली गई।

श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर से प्रभात फेरी का शुभारंभ किया गया। आरती व सामूहिक अभिषेक पूजन के साथ श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर से प्रभात फेरी शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए मंदिर परिसर में आमर संपन्न हुई। श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में शास्त्र जी को बेदी पर सिद्धार्थ जैन ने विराजमान कराया। श्री जी ने अभिषेक शांति धारा की बोली सुमित जैन ने ली। धर्म ध्वज, पालकी आदि में भाविक जैन, राजीव जैन, नमन जैन, नीरज जैन, मनीष जैन, पारस नाथ जैन आदि ने भाग लिया। उधर सरजायती मंदिर पर नए शास्त्र को सिद्धार्थ जैन ने विराजमान किया। कार्यक्रमों में आदित्य जैन, जितेंद्र जैन, राहुल जैन, मनीष जैन, संजय जैन, संतोष जैन, पारसनाथ जैन आदि शामिल रहे।

# अग्नि सुरक्षा के प्रति लोगों को किया जागरूक

**नजीबाबाद।** फायर स्टेशन नजीबाबाद के अंतर्गत अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत अग्नि सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने का अभियान जारी है। फायर स्टेशन के प्रभारी केएस जादौन के नेतृत्व में अग्नि सुरक्षा टीम ने ग्राम समीपुर, मथुरापुर मोर, बड़िया, ग्राम चंदनपुरा, नई बस्ती कोटद्वार रोड, स्नेह पब्लिक स्कूल आदि संस्थाओं में अग्नि सुरक्षा से संबंधित मॉक ड्रिल इवैक्यूशन ड्रिल आदि के संबंध में पम्पलेट वितरित किए।

# हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारा

**शाह टाइम्स संवददाता**

**हल्दौर।** श्री बालाजी कीर्तन मण्डल हल्दौर के तत्वाधान में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर हवन पूजन कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

नगर के पोखर बाजार में जमनादास धर्मशाला मंदिर हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष पर श्री बालाजी कीर्तन मंडल के तत्वाधान में सोमवार को पंडित धर्मवीर द्वारा शगुन चौहान सपत्नीक रहे हवन पूजन कराया गया इसके उपरांत एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भारी तादाद में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण



कर पुण्य कमाया। भंडारे में सुरेश कुमार, संदीप दुबे, शगुन चौहान, पुनीत शर्मा, शिवम वर्मा, सभासद राजीव चौहान, चेयरपर्सन पति दीपक सैनी, भोलू चौहान, रमेश मुंशी जी आदि का सहयोग रहा।

# हज यात्रा पर जाने वालों के लिए कैम्प आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वर्ष 2024 में हज यात्रा पर जाने वाले आजमीने हज की खिदमत के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कैंप कल (आज) मगरिब की नमाज के बाद यतीमखाना निकट जामा मस्जिद चाहशीरी में मनुअकिद किया जा रहा है।

यह जानकारी देते हुए जिला हज ट्रेनर हाजी अय्यूब अहमद व हाजी मौहम्मद आसिफ चांद ने बताया कि कैम्प में आजमीने हज को हज के सफर की तैयारी, साथ ले जाने वाले सामान और हज के अरकान के बारे में तफसीली जानकारी दी जाएगी। जो भी आजमीन इस साल हज पर जा रहे हों, वे इस ट्रेनिंग कैंप में जरूर हिस्सा लें। बिना ट्रेनिंग लिए सर्टिफिकेट जारी नहीं किया जाएगा। हज यात्रा पर जाने के लिए ट्रेनिंग सर्टिफिकेट का होना बहुत जरूरी है। सभी आजमीने हज मर्द और औरत अनिवार्य रूप से ट्रेनिंग कैंप में भाग लें। सम्पर्क के लिए इन नम्बरों पर 7906257615, 7520021773 फोन भी किया जा सकता है।

# कृष्णा में वृक्षारोपण एवं स्लोगन प्रतियोगिता

## विश्व पृथ्वी दिवस मनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा इंस्टिट्यूट में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर फार्मेसी विभाग द्वारा वृक्षारोपण एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वृक्षारोपण एवं स्लोगन प्रतियोगिता में कॉलेज के सभी विभागों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज के चेयरमैन एवं मुख्य अतिथि मनोज कुमार, संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा तथा प्रशास. निक अधिकारी डॉ. हरवीर सिंह ने वृक्षारोपण कर किया।

कार्यक्रम में फार्मेसी प्राचार्य डॉ. विवेक वर्मा, पॉलिटेक्निक प्राचार्य संजीव कुमार, नर्सिंग प्राचार्या डॉ. सफिया खान, शिक्षा विभाग विभागाध्यक्ष कृष्ण कुमार, बीसीए विभागाध्यक्ष सार्थक गुप्ता तथा बीएएमएस विभागाध्यक्ष मुकुल कुमार ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया एवं छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प दिलाया।



स्लोगन प्रतियोगिता में बीसीए विभाग की प्रथम वर्ष की छात्रा अरिशा नाज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर बीसीए विभाग प्रथम वर्ष की छात्रा मंशा इदरीस ने बाजी मारी। बी. फार्मेसी विभाग की प्रथम वर्ष की छात्रा दिशा गोयल तृतीय स्थान पर रही। कॉलेज के अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि मनोज कुमार ने कहा की वृक्ष हमसे कभी कुछ नहीं लेते अपितु फल, फूल, लकड़ी व ऑक्सीजन आदि हमें देते ही हैं। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सीमा शर्मा ने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में एक पौधा लगाने तथा उसे भरपूर समृद्ध करने का भी संकल्प ले, तो पर्यावरण को सतत संरक्षित किया जा सकता है। उन्होंने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. हरवीर सिंह ने सभी विद्यार्थियों को रोपित पौधों की देखभाल करने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर डॉ. प्रभाकर, डॉ. संगीता, डॉ. गुंजन, जय सिंह, रजनीकांत, लवी, नीरज चौहान, विपिन कुमार, नितिन राजपूत, मो. निका, मानसी, हर्ष, वाणी, प्राची, ज्योति, मयंक, वंशिका रस्तौगी, शिल्पी रानी आदि का सहयोग रहा।

# शीशम की लकड़ियों से भरी गाड़ी बरामद

## लकड़ी माफिया मौके से फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** मुखबिर की सूचना पर सर्च अभियान करने पहुंची वन विभाग की टीम को शीशम आदि लकड़ियों से भरी एक पिकअप गाड़ी बरामद हुई। जबकि लकड़ी माफिया मौके से फरार हो गया। इस दौरान वन विभाग को महिलाओं के विरोध का सामना भी करना पड़ा। वन विभाग कार्यवाही में जुटा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज वन विभाग को सूचना मिली कि क्षेत्र के ग्राम चंपतपुर चकला निवासी एक लकड़ी माफिया जंगल से अवैध रूप से काटकर लाई गई लकड़ियों को पिकअप गाड़ी में भरकर बाहर ले जाने की तैयारी में है। सूचना पर डीएफओ नजीबाबाद वंदना फोगाट, एसडीओ राजीव कुमार, साहूवाला वन क्षेत्राधिकारी राजेंद्र प्रसाद ध्यानी, विजयसिंहपुर (बढ़ापुर) वन क्षेत्राधिकारी जितेंद्र सिंह टीम के साथ



सर्च अभियान करने ग्राम चंपतपुर चकला पहुंचे। सर्च अभियान के दौरान टीम को अंग्रेज सिंह के घर से एक शीशम व अन्य प्रजाति की लकड़ियों से भरी हुई पिकअप गाड़ी बरामद हुई। टीम को देखकर अंग्रेज सिंह मौके से फरार हो गया। वन विभाग की टीम लकड़ियों से भरी पिकअप गाड़ी को रेंज कार्यालय लाने लगी, तो इस दौरान ग्राम की महिलाओं ने टीम का विरोध करते हुए हंगामा किया। वन अधिकारियों द्वारा महिलाओं को समझाने पर महिलाएं शांत हुई और टीम लकड़ियों से भरी पिकअप गाड़ी को साहूवाला वन रेंज कार्यालय ले आई। डीएफओ वंदना फोगाट ने बताया कि आरोपी के खिलाफ बढ़ापुर थाने में कार्यवाही कराई जाएंगी और विभागीय कार्यवाही भी की जा रही है।

# 12 प्रत्याशियों के बीच होगा मुकाबला

## राजनीतिक दल और निर्दलीय प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह किए गए आवंटित, एक नाम हुआ वापसी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन की नाम वापसी प्रक्रिया के तहत एक नाम वापस लिया गया,जबकि एक दर्जन प्रत्याशी मैदान में रह गए है। नामांकन कराने वाले सभी बारह प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित होने के साथ चुनावी सरगर्मियाँ तेज हो गयी है।

लोकसभा चुनाव के नाम निर्देशन की प्रक्रिया सोमवार को समाप्त हो गयी। इसी के तहत दोपहर नाम वापसी की प्रक्रिया करायी गयी। जिसमे एक प्रत्याशी तूबा की ओर से नाम वापसी की गयी, जबकि दोपहर तीन बजे के बाद मैदान मे डटे प्रत्याशियों को प्रतीक चिन्ह आवंटित किए गए। चुनाव में अब एक दर्जन प्रत्याशी रह गए। मैदान में डटे समाजवादी पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी जियाउर्रहमान को साईकिल चिन्ह आवंटित किया गया,जबकि भाजपा के परमेश्वर लाल सैनी को भारतीय जनता पार्टी के कमल का चुनाव चिन्ह दिया गया। बहुजन समाज पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी चौधरी सौलत अली को हाथी निशान दिया गया, जबकि जनता शासन पार्टी के प्रत्याशी जैगमउल इस्लाम को सेब एवं लोग पार्टी के पवन कुमार को बक्सा, पीस पार्टी के प्रत्याशी डा. राशिद को काँच का गिलास तथा किसान क्रन्ति दल के संतोष को खाने से भरी थाली चिन्ह दिया गया। निर्दलीय अनुज वार्ष्णेय को ऑटो रिक्शा एवं तौफीक अहमद निर्दलीय को बएअर कंढीस्नर, महेन्द्र सिंह निर्दलीय को बाल्टी, मौ. वसीम निर्दलीय को केक एवं वसीम निर्दलीय को फूल गोभी का चिन्ह दिया गया।

# कुत्ते से बचाने के प्रयास में कार पलटी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कुत्ते से बचाने के प्रयास में अनियंत्रित हुई कार पलट गई। हादसे में आधा दर्जन से अधिक घायल हो गए।

कैलादेवी थाना क्षेत्र के ग्राम सौंधन की मिलक निवासी अनीता, राहुल और उसकी दो बहनें पूनम, व सृष्टि, सरायतरीन निवासी नीरू, हयातनगर निवासी राधा उनकी बेटी उजाला और बेटा तरूण एक ही कार में सवार होकर रविवार की शाम ऐंचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव हरिपुर की मिलक एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। सोमवार की सुबह छह बजे के करीब वह वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार कैलादेवी थाना क्षेत्र के ग्राम अमावती के नजदीक पहुंची तो सामने से अचानक कुत्ता आ गया। कुत्ते को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रि हो गई और सड़क किनारे जा पलटी। हादसा होते ही कार में सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। चीख पुकार सुनकर राहगीर मौके पर पहुंचे और सभी को कार से बाहर निकाला। इसमें आठ लोग घायल हो गए। सभी घायलों को राहगीरों ने जिला अस्पताल भर्ती कराया। जिला अस्पताल में उनका उपचार चल रहा हैं।

**०हादसे में आधा दर्जन से अधिक घायल**



सम्भल- दहेज के लिए जलाई गई महिला का अस्पताल मेंउपचार कराते परिजन।

# दावत में जाते किसान नेता के पुत्र की मौत

**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन असली के वरिष्ठ किसान नेता के पुत्र की हादसे में मौत हो गयी। मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

ग्राम हाफिजपुर निवासी भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ नेता दलवीर सिंह का बड़ा बेटा समय सिंह गजरौला दावत में अपने दोस्त अजीत सिंह टाडा निवासी के साथ जा रहा था। हसनपुर के पास भिकनपुर में स्विफ्ट कार से टक्कर मार दी। हादसे में दोनो की मौके पर ही मौत हो गई।

# विहिता को जलाकर मारने का प्रयास

शाह टाइम्स संवाददाता

**असमोली।** थाना असमोली के गांव गुमसानी में एक महिला को जलाकर मारने की कोशिश की गई। पीड़िता के भाई ने बताया कि मेरे पास गुमसानी से किसी का फोन आया कि आपकी बहन को जला दिया गया है। आनन-फानन वह गुमसानी बहन की ससुराल पहुंचे। वहाँ उनकी बहन आशा के सारे शरीर पर जले हुए जख्म थे। विवाहिता दर्द के कारण कराह रही थी। परिजन उसे उसे लेकर थाना असमोली पहुंचे। परिजनों की ओर से पवन के खिलाफ तहरीर दी। पीड़िता के भाई ने बताया कि पवन उसकी बहन आशा से बार-बार दहेज लाने की मांग करता रहता था और आए दिन उसके साथ मारपीट करता था। 19 तारीख की रात को पवन ने मेरी बहन पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। शोर सुनकर पास पड़ोसियों ने आग बुझायी।

# स्कूलों की आढ़ में शिक्षा की दुकानों के खिलाफ उठने लगी आवाज़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** स्कूलों की आढ़ में चलायी जा रही शिक्षा की दुकानों के खिलाफ स्वर तेज़ होने लगे है। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने इसकी शुरूआत करते हुए आवाज़ उठायी है। कोर्स से लेकर फीस बढ़ोत्तरी पर हो रही मनमानी के खिलाफ उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने का निर्णय बैठक में लिया गया है।

नगर व जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र में चल रहे विद्यालय जिनमें सी बी एस ई व उत्तर प्रदेश सरकार से मान्यता प्राप्त इंग्लिश मीडियम स्कूलों में मनमानी फीस बढ़ोत्तरी व कोर्स आदि बैचने के अलावा डवलपमेंट और बिल्डिंग फीस के नाम पर अभिभावकों को हो रही परेशानी पर चिंता व्यक्त की गई। बैठक में स्कूलों की आढ़ में शिक्षा की दुकानें संचालित करने पर रोष जताया और इसके खिलाफ आवाज़ बुलंद करते हुए समस्या से छुटकारा दिलाने को उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देने का निर्णय लिया। इस मौके पर डा. कलीम अशरफ, हिफजुर्रहमान उर्फ छोटे भाई, इफ्तेखार अली, मनाजिर हुसेन, जिया अशरफ, मौलाना मुकीम कुरैशी, जुल्फेकार अली, मौ. कासिम तुर्की, तसलीम खान, मौ. रेहान, मौ. मुजीब आदि मौजूद रहे।



सम्भल- सेवा अधिवर्षता पूर्ण करने पर सेवानिवृत शिक्षकों को प्रीक चिन्ह देती एबीएसए।

# सेवा निवृतों से प्रेरण लेकर कार्य करें शिक्षक

**सेवा अधिवर्षता पूर्ण करने वाले शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन, प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मान पूर्वक विदा**

याह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** सेवा अधिवर्षता पूर्ण कर चुके अध्यापकों को सम्मान पूर्वक विदाई देकर सेवारत शिक्षकों को सेवा निवृत शिक्षकों से प्रेरणा लेकर कार्य करने पर ज़ोर दिया गया।

नगर के यशोदा रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में सेवा अधिवर्षता पूर्ण करने वाले शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ए आर पी आदिल बेग ने सेवा निवृत शिक्षकों की प्रशंसा की। उन्होने मोइनुल इस्लाम को कर्मठ शिक्षक बताते हुए कहा कि मोनुल इस्लाम ने शिक्षक के रूप में अपना योगदान दिया। उन्होने तंजील अहमद की प्रशंसा करते हुए कहा कि तंजील अहमद ने पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी अपने विद्यालय के साथ विकास खंड, जनपद व मंडल का नाम रौशन कराया। उन्होने बतायाकि तंजील अहमद ने बॉलीवॉल की शुरूआत उन्ही के विद्यालय उच्च प्राथमिक विद्यालय खानपुर खुम्मार से हुई। जबकि उनकी टीम आठ बार मंडल स्तर तक पहुंची और चार बार मंडल चैम्पियन बनी। जिसके लिए उन्हे डीएम ने भी सम्मानित किया। खंड शिक्षा अधिकारी बबीता सिंह ने कहा कि कहा कि सेवा अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर चुके यिक्षकों ने बहुत कुछ काम किया है। उन्होने कहा कि आप खुले दिमाग से बहुत कुछ करने में सक्षम हैं। उन्होने शिक्षकों ने अपने जीवन में ऐंसा कुछ स्थापित करके जाने को प्ररित किया जिससे कि वह प्रेरणा लें और कुछ सीख सकें। उन्होने विश्वास दिलालते हुए कहा कि उनका भी कुछ न कुछ सीखने का सदा प्रयास रहता है। उन्होने जीवन के अन्तिम सांस रहे तब तक सीखते रहने को भी प्रेरित किया। कार्यक्रम में सेवा निवृत शिक्षक तंजील अहमद, मोईनुल इस्लाम, कमल आरिफ, नजरूर हुसैन, यास्मीन गौहर व मेहताब जहाँ का माल्यार्पण और उपहार व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित कर भाव-भवी विदाई दी।

# स्नान करते पांव फिसलने से डूबी महिला

**०गोताखारो ने निकाला, बेहोशी की हालत में गुन्नौर सीएचसी भेजा**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** राजघाट गंगा घाट पर गंगा स्नान करने आई बुजुर्ग महिला का गंगा स्नान करते समय पैर फिसल गया।जिससे वह डूबने लगी। तो शोर मचाने पर गोताखोरों ने बाहर निकालकर पुलिस के साथ सीएचसी गुन्नौर भिजवाया।

सोमवार को बदायूं जनपद के थाना इस्लामनगर के गांव कुंवरपुर निवासी गंगा देवी (67) पत्नी रामचरन राजघाट गंगा घाट पर गंगा स्नान करने के लिए आई थी। जब वह नहाने लगी तो उसका पैर गंगा में गहरे पानी में फिसल गया। जिससे वह गहरे पानी में चली गई। उनको देखकर घाट पर शोर मचा तो आसपास गंगा स्नान करने वालों ने भी शोर किया तो गोताखोरों ने प्रयास करके महिला को पानी में से निकाल लिया। गंगा से निकलने पर महिला बेहोशी की अवस्था में थी। जहां गुन्नौर पुलिस ने गाड़ी में डालकर सीएससी गुन्नौर में भर्ती कराया। जहां दो घंटे बाद महिला को होश आया। तो उसने बताया कि वह गंगा नहाने आई थी। और उसका पैर फिसल गया।जिससे गहरे पानी मे चली गयी।पुलिस ने बताया कि महिला गहरे पानी मे चली गयी थी। गोताखोरों ने सकुशल बाहर निकाल लिया और अस्पताल में भर्ती कराया।परिजनों को सूचना की जा रही है।

# करे कोई-भरे कोई: सड़क निर्माण की सुस्त चाल से लग रहा जाम

**०नगर पंचायत तिराहे से पानी के जमाव वाले स्थानों पर डाली जा रही सीसी रोड**

शाह टाइम्स संवाददाता

**सिरसी।** कस्बे के सम्भल-मुरादाबाद भीतरी हिस्से में सार्वजनिक निर्माण विभग द्वारा सड़क का निर्माण बहुत ही सुस्त तरीके से किया जा रहा है। जिसका खमियाज़ा जाम में फंसे वाहनों को भुगतना पड़ता है।

नगर पंचायत तिराहे के करीब पानी के जमाव वाले हिस्सत को सी सी द्वारा डिवाइडर के बराबर ऊँचा किया हुए एक माह से ज़्यादा का समय हो गया है,लेकिन उस मार्ग को यातायात के लिए नहीं खोला गया। इसके अलावा फारूख खाँ के मकान के सामने से पुलिस चौकी तक बजरी आदि डाली गई है,लेकिन इस काम को दिन भर में बहुत कम समय में किया जाता है। निर्माण कार्य में सुस्ती के कारण हर समय लम्बा जाम लग जाता है। जिसमें जरूरी काम से जाने वाले व स्कूली बच्चों को काफी दिक्कत होती है। इस सम्बंध में जानकारी करने पर पी डब्लयू डी के अवर अभियंता अलीताब ने बताया कि नगर पंचायत कार्यालय के आसपास व स्टेट बैंक व पुलिस चौकी के सामने पानी की पाइप लाइन अक्सर लीक होती रहने से सड़क क्षतिग्रस्त हो जाती थी। जिससे विभाग का बुहत नुक्सान होता थौ। अवर अभियंता का कहना है कि अब विभा के द्वारा पानी भरने वाले स्थानों को डिवाइडर के बराबर सी सी द्वारा ऊँचा करने का कार्य किया जा रहा है। जब उनसे हर समय लम्बा जाम लगने से होने वाली दिक्कतों के बारे में कहा गया तब बोले सी सी का कार्य रात में ही शुरू करा दिया जाएगा। बिलारी तिराहे से रेलवे क्रासिंग तब सड़क निर्माण की वजह से लगने वाले जाम से लोगों को कब राहत मिलगी। यह कहना मुश्किल है। सम्बंधित ठेकेदार द्वारा कार्य में लापरवाही व सुस्त चाल से ेसा महसूस हो रहा है कि यातयात सुचारू होने के लिए लोगों को अभी ओर इंतेज़ार करना पड़ेगा।



सिरसी- मुरादाबाद मार्ग स्थित सिरसी में बन रही सड़क से लगा जाम में फंसे वाहन।

# शहर भर में ई-रिक्शा से लग रहा जाम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अप्रशिक्षित हाथों में चल रहे ई रिक्शा शहर भर में जाम का कारण बने हुए हैं। अनगिनत और बिना किसी परीक्षण के चल रहे ई रिक्शा भीड-भाड़ वाले क्षेत्र में एक साथ कई-कई आने से जाम लगा देते हैं। इससे हर समय अनेको समस्याएं बनी रहती है। हालात यह हो गए हैं कि एक साथ ई रिक्शाओं के कई झुंड आने से बाज़ार और अन्य मार्गो पर पैदल निकलना भी दूभर हो गया है,परन्तु पुलिस-प्रशासन और परिवहन विभाग खामोश है। हालांकि पूर्व शहर कोतवाली प्रभारी ने अतिक्रमण हटवाकर और मुख्य बाज़ार में ई रिक्शा का प्रवेश बंद कर जाम लगने पर सफलता पा ली थी, लेकिन शहर के अन्य स्थानों पर ई रिक्शा के कारण हर समय जाम का झाम बना हुआ है,मगर इस ओर प्रशासन या पुलिस का कोई ध्यान नही हैं। नगरवासी इस समस्या से बुरा परेशान हैं।

# नाबालिग के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**०बाज़ार से सामान लेने गई थी किशोरी का बहला-फुसलाकर किया गया था अपहरण**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के एक नगर निवासी किशोरी की मां ने गुन्नौर थाने में पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 16 अप्रैल 2024 मेरी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी बाजार से सामान लेने गई थी। पता चला कि एक गांव इटुउआ निवासी एक लड़का नाबालिग बेटी को बहला फुसला कर ले गया है। पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर पर गांव इटुउआ निवासी दुर्गेश थाना गुन्नौर के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया था तभी से पुलिस की से फरार चल रहा था। उप निरीक्षक मनोज कुमार ,कांस्टेबल सिद्वार्थ मलिक, वीरेंद्र सिंह, ने गुन्नौर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया।

★शाह टाइम्स★
खबरे छुपाता नही, छापता है।

# युवक को लाठी से बुरी तरह पीटने का वीडियो हो रहा वायरल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** योगीराज में बेदर्दी से युवक को सरेराह लाठी से पीटने का वीडियो वायरल होने से कानून व्यवस्था की पोल खुल रही है, जबकि आपास बैठे लोग भी निर्दयता के साथ पीटे जा रहे युवक को नहीं बचाया जा रहा है। यह वीडियो असमोली थाने के ग्राम ग्राम चंदवार का बताया जा रहा है।

सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो ने कानून व्यवस्था और पुलिस के इकबाल की पोल खोलकर रख दी। वायरल हो रहे वीडियो में एक व्यक्ति एक युवक को पकड़ रहा है,जबकि उसके साथ दूसरा व्यक्ति बिजली के पोल से सटाकर युवक पर बेदर्दी से डंडे बरसा रहा है। निर्दयता के साथ पीटे जा रहा युवक बचने का प्रयास कर रहा है,लेकिन डंडे से पीटे रहे व्यक्ति का साथी उसके हाथ पकड़कर पिटाई करवा रहा है। इतना ही नहीं पोल से सटाकर पीटे जाने वाले स्थान के आसपास दो व्यक्ति बैठे दिखायी दे रहे हैं,लेकिन वह भी आरोपियों के सामने चुप्पी साधे हुए निर्दयता से युवक की पिटाई देख रहे है। सीशल मीडिया पर जिस तरह से युवक की पिटाई का वीडियो वायरल किया गया है उससे कई सवालिया निशान लगे हैं।

# स्कूली पोस्टरों से मकान हो रहे बदरंग

**०अधिकतर स्कूल संचालक धर्म समाज के ठेकेदार**

शाह टाइम्स संवाददाता

**सिरसी।** कस्बे के मान्यता एवं गैर मान्यता वाले सकूल संचालकों ने प्रचार में ताकत झोंक दी है। मकानों की दीवारों पर पोस्टर चिपका कर इन्हे बदरंग कर मकान स्वामी की खून पसीने की कमाई को काला करने में जरा भी संकोच नहीं किया जाता।

अधिकतर स्कूल संचालक धर्म व समाज के कथित ठेकेदार समझे जाते है। जो उल्लू सीधा कर दूयसरों का उल्टा कर रहे है। यँ तो स्कूल संचालक जिनमें गैर मान्यता वाले भी शामिल है। नौनिहालों का भविष्य उज्जवल करने का दावा/वादा कर रहे है।, जबकि इसकी आड़ में वे अपना भविष्य सुनहर करने में लगे है। स्कूल के प्रचार से सम्बंधित पोस्टर आदि मकानों के मुख्य द्वार के पास दीवारों पर लगाने वाले कथित समाज सेवको को अतना भी ख्याल नहीं है कि आज कल मकान की पुताई कराने में कितना खर्च आता है जो जैसे-तैसे कराया जाता है,लेकिन अपने स्वज्ञर्थ की खातिर ऐसे स्कूल संचालक इस सबसे बेखबर अपना हित साधने में लगे हैं।

# अपका वोट करेगा भविष्य का निर्धारण

**०मतदाताओं की जागरूकता को निकाली गई रैली**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** बाबूराम सिंह भायसिंह पी जी कालिज के तत्वावधान में स्वीप सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं भागीदारी कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

जिसमें लोकसभा चुनाव में शत- प्रतिशत मतदान करने के लिए बबराला नगर में उपजिलाधिकारी रमेश बाबू एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी गुन्नौर आलोक सिद्धू के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर नगर वासियों को जागरूक किया। उपजिलाधिकारी रमेश बाबू ने कहा कि सभी लोकतंत्र में वोट के माध्यम से अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। यह वोट आपके भविष्य का निर्धारण करेगा। सभी वोट अवश्य प्रदान करें। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी छात्र वर्ग डा. हरवीर यादव व छात्र वर्ग रश्मि गुप्ता ने लोकतन्त्र को मजबूत बनाने के अधिक से अधिक मतदान करने के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि समस्त छात्र एवं छात्रायें अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को मतदान के बारे में अवश्य बतायें। लोकतंत्र के पर्व में बढ़-चढ़कर मतदान करें। आपका वोट बहुमूल्य है। मतदान करना बेहद जरूरी है। इस अवसर पर बीआरएस इण्टर कालिज प्रबन्धक सुमित यादव, प्राचार्या डा. मीरा शर्मा एवं समस्त महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।



बबराला- स्वीप कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता रैली निकलवाते उपजिलाधिकारी।

# गोवंश की टक्कर में घायल ने दम तोड़ा

**०15 मार्च को हुआ था हादसा, अलीगढ़ में कराया जा रहा था उपचार, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** गोवंश की टककर से घायल ने अलीगढ़ में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। ग

15 मार्च की रात साढ़े आठ बजे आगरा मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित काली मंदिर के पास बाइक सवार श्यामू (27) पुत्र नेत्रपाल निवासी गांव अफसरनगर थाना गुन्नौर व उसके पीछे उसका साथी श्रीपाल मोहल्ला अस्पताल गुन्नौर बैठा था। तभी बाइक के सामने गोवंशीय पशु आ गया। जिससे बाइक टकरा गई और हादसे में श्यामू गम्भीर रूप से घायल हो गया, जबकि श्रीपाल के मामूली चोट आई। परिजन श्यामू को आनन फानन में अलीगढ़ अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान आज मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की 3 वर्ष पहले शादी हुई थी। उसके तीन माह की एक पुत्री है, जबकि पत्नी प्रभा व परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

# श्रीमदभागवत कथा महोत्सव का कलश यात्रा से हुआ शुभारम्भ

**सम्भल।** श्रीमद्भागवत चरित्र सप्ताह कथा महोत्सव में भागवत कथा महात्म किया गया। कथा के मुख्य अतिथि कमल कांत तिवारी जी व गौरव कुमार विभाग प्रचारक विश्व हिन्दू परिषद रहे। इसके अलावा प्रमुख यजमान- अजय गुप्ता एलआईसी हरिओम गुप्ता, भत्ते बाले, दीपक गुप्ता मेडिकल बाले रहे। इसके अलावा श्रीमदभागवत कथा का शुभारम्भ कलश यात्रा से किया गया।

# ज़मीनी विवाद में भिड़े

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगावास में सोमवार को दो पक्ष जमीनी विवाद को लेकर भिड गए इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षो से एक-एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर थाने ले आई जिनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए न्यायालय पेश कर दिया

गांव गंगावास निवासी सोमवीर ने बताया कि सोमवार सुबह वह अपने खेत पर भूसा भरने के लिए बोगी बना रहा था तभी दूसरा पक्ष विजयपाल पुत्र बदन सिंह मौके पर आ गया और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। इसके बाद पीड़ित ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों से आरोपी सोमवीर पुत्र साहिब सिंह , विजयपाल पुत्र बदन सिंह निवासीगढ़ गंगावास थाना गुन्नौर को गिरफ्तार कर लिया।

# मैनाठेर में असामाजिक तत्वों ने की प्राचीन शिव मंदिर की मूर्ती खंडित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी/मैनाठेर।** मैनाठेर क्षेत्र के कोतवाली हुसैनपुर पचतौर में असामाजिक तत्वों ने प्राचीन शिव में भगवान शिव और भगवान शेरा वाली की मूर्ति खंडित कर दी। मूर्ति खंडित होने जानकारी होने पर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। इस मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है। सूचना पर आलाधिकारियों के साथ मैनाठेर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुँच गई। पुलिस ने विरोध कर रहे ग्रामीणों को कार्यवाही करने का आश्वाशन देकर शांत करने का प्रयास किया। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए दो लोगो को हिरासत में लिया है। घटना की सूचना पाकर चेयरमैन प्रतिनिधि मंगल सेन सैनी ने ग्रामीणों को काफी समझाने का प्रयास किया एवं जल्द ही नई मुर्तिया स्थापित कराने का भी आश्वाशन दिया। वही ग्रामीणों ने पुलिस ने सामने गांव में हो रही अवैध शराब की बिक्री एवं अवैध रूप से चल रही देसी शराब की भट्टियों को लेकर भी ग्रामीणों ने विरोध जताया ग्रामीणों का कहना है की गांव में ही जुआ का खेल भी बेरोकटोक शरेआम चल रहा है। ग्रामीणों ने का कहना है कि गांव के कुछ लोग शराब के नशे में मूर्तिया खंडित करते है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जबकि ग्रामीणों ने नई मूर्तिया स्थापित करने एवं आरोपियों पर कार्यवाही करने की मांग की है।

मैनाठेर में सुबह- सुबह पुलिस को हुसैनपुर पचतौर में प्राचीन शिव मंदिर में मूर्तिया खंडित करने की सूचना पर पुलिस महकमा हरकत में आ गया। रविवार की सुबह को थाना क्षेत्र के हुसैनपुर पचतौर में कुछ शरारती तत्वों ने गांव के प्राचीन शिव मन्दिर में रखी भगवान शिव, भगवान शेरा वाली की मूर्तियों को खंडित कर दिया। मूर्तिया खंडित से होने से गांव में हड़कंप मच गया और ग्रामीण में भारी आक्रोश होने लगा।

मंदिर में मूर्तियों के खंडित होने की सूचना सूचना पर मंदिर परिसर में ग्रामीणों की भीड़ जमा होने लगी। सूचना पर मैनाठेर पुलिस एवं सीओ बिलारी राजेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुँच गए। सीओ बिलारी ने घटनास्थल का मुआयना किया और विरोध कर रहे ग्रामीणों को कार्यवाही का आश्वाशन देकर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। घटना की सूचना पर नायब



तहसीलदार लोकेश यादव ने भी मौके का मुआयना किया। ग्रामीण आरोपीयो पर तत्काल कार्यवाही करने की मांग करते हुए भारी नारा. जगी जताते नजर आये। वही इस घटना से लगभग दो माह पूर्व भी पड़ोस गांव नरोदा में मंदिर में रखी मूर्तिया खंडित करना का मामला प्रकाश में आया था तो बही नूरपुर में बाबा साहब आंबेडकर की मूर्ती को भी खंडित करने का मामला प्रकाश में आया था जिसमे ग्रामीण ने विरोध प्रदर्शन कर आरोपियों के खिलाफ पुलिस से कार्यवाही की मांग की थी।

मैनाठेर पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए प्राचीन शिवंदिर मंदिर के पुजारी भगतदास की तहरीर पर भूपाल पुत्र रघुवीर, गजेंद्र पुत्र छत्रपाल निवासी हुसैनपुर पचतौर के खिलाफ धारा 295 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। सीओ बिलारी राजेश कुमार का कहना है की इस मामले में दो आरो. पियों को हिरासत में लिया गया है जिनपर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है।

## रॉयल पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस पर हुआ प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के डाक बंगला के निकट स्थित रॉयल पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर बोर्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें प्रतिभागियों ने अलग-अलग पोस्टर के बोर्ड बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर मदर टेरेसा हाउस में प्रथम स्थान प्राप्त किया, अब्दुल कलाम हाउस ने द्वितीय स्थान और महात्मा गांधी हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान प्रधानाचार्य मुकेश शास्त्री की ओर से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले मेधावियों को सम्मानित किया गया और उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इस अवसर पर जावेद आलम, मोहम्मद अली, आक. ाश, मोहम्मद आसिम, मुहम्मद आरिफ, देवांश भटनागर, मयंक आर्य, अमन जोहरी, प्रखर शर्मा, निखलेश शर्मा, वसी अल सहर, हिना, शीतल, प्रीति क्वात्रा, कामना, रोली, रुबीना, विवेचना, सुमायला, नूर जहां, शाजिया, इरम, अजरा, शिवली आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## यूपी बोर्ड की जिला मुरादाबाद टॉपर खुशबू को बिलारी विधायक ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** एमआई हाउस पर सपा विधायक मौहम्मद फहीम इरफान ने यूपी बोर्ड परीक्षा में इंटरमीडिएट की विद्यार्थी खुशबू चन्द्रा को जिला टॉपर की सूची में स्थान पाने पर पुष्प माला, शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा विधायक मौहम्मद फहीम इरफान ने छात्र खुशबू चन्द्रा और उनके परिजनों को पुष्पमाला पहनाकर और



मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

विधायक मौहम्मद फहीम इरफान ने शेर के माध्यम से अपनी बात रखी-बेटियां होती है,पुरनूर चरागों की तरह, रोशन कर देती है जिस घर में चली जाती है। कहा कि यूपी बोर्ड परीक्षा में जिस तरह अच्छे अंक पाकर बेटियों ने बाजी मारी है, वह काबिले तारीफ है। कहा कि आप आगे पढ़लिखकर आईएएस, पीसीएस, डॉक्टर, इंजीनियर आदि बने। कहा कि मेरे वालिद ए मोहतरम बिलारी के प्रथम विधायक मरहूम हाजी इरफान क्षेत्र की तमाम बेटियों के मुस्तकबिल के लिये हमेशा सोच रखते थे। इस अवसर पर प्यारेलाल, छत्रपाल, प्रिंस, मनोज सक्सैना, विक्की सक्सैना, अंजली चन्द्रा, अरूण चन्द्रा, विशाल, आकाश, मनोज चन्द्रा आदि मौजूद रहे।

## क्षत्रिय महासभा की बैठक में सर्वेश सिंह को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** सोमवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की कार्य समिति के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मंदिर पौड़ा खेड़ा पर इकट्ठा हुए। यहां मुरादाबाद से सांसद रहे सर्वेश सिंह के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन धारण कर मृतक आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। यहां बताया गया कि सर्वेश सिंह सभी धर्मो का समान रूप से सम्मान



करने वाले सांसद थे, उनके निधन से मुरादाबाद जिले के साथ-साथ आसपास के जिलों में भी कार्यकर्ताओं को उनके शुभचिंतकों को गहरा धक्का लगा है। उनके आकस्मिक निधन को क्षत्रिय समाज के साथ-साथ अन्य सभी लोगों के लिए अपूर्णनीय क्षति बताया गया।

शोक सभा में मुख्य रूप से कौशल ठाकुर, संजय राणा, धर्मेंद्र गांधी, पवन राघव, हरपाल सिंह चौहान, मनीष राघव, अंकित सिंह,मनोज ठाकुर, नत्थू सिंह, राजेंद्र सिंह, डॉ अरुण राघव, पंकज चौहान, महेश बिष्ट, सुरेंद्र सिंह आदि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## डॉ. कल्पना रस्तोगी ने विश्व पृथ्वी दिवस पर जागरूकता का दिया संदेश

**मुरादाबाद।** विश्व पृथ्वी दिवस पर मुरादाबाद महानगर में विभिन्न जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए गए तो वहीं लोगों को पर्वयावरण के प्रति गंभीर होने



के लिए भी अपील की गयी, विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से बताया गया की पेड़-जल,हवा जमीन सब हमें कुछ न कुछ देते हैं, जिस कारण हमारा जीवन बेहतर है,लेकिन हम पर्यावरण को लेकर बिलकुल गंभीर नहीं है।वहीँ इस मौके पर डॉ. कल्पना रस्तोगी कोऑर्डिनेटर रूरल बड्स सोसाइटी एनजीओ मुरादाबाद के द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस पर सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर विश्व पृथ्वी दिवस पर जागरूकता का संदेश देने का काम किया गया। उन्होंने भी अपने स्तर से पर्यावरण संरक्षण की अपील की।

## श्री बालाजी जयंती के उपलक्ष्य में शहर में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

**मुरादाबाद।** पिछले कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री बालाजी जयंती के उपलक्ष में एक भव्य शोभायात्रा शहर में निकाली गई, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे, शोभायात्रा में मनमोहक झांकियां शामिल रही, शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया, श्रद्धालु शोभा यात्रा में श्री बाला. जी महाराज के भजनो पर झूमते गाते नजर आए, वहीं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर शोभायात्रा में पुलिसकर्मी भी तैनात रहे। बता दें की गत वर्षो की भातिं इस वर्ष भी समिति के द्वारा शहर के मुगलपुरा क्षेत्र राजकीय इंटर कॉलेज से श्री बालाजी जयंती के उपलक्ष में एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, शोभा यात्रा पान दरीबा, मंडी चौक, अमरोहा गेट, चौमुखापुल, टाउन हॉल, गंज बाजार,गुरहट्टी चौराहा, ताड़ीखाना, जीएमडी रोड, बुध बाजार आदि इलाकों में निकाली गई।शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया, शोभायात्रा में शामिल मनमोहक झांकियों ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। शोभायात्रा में शामिल कलाकारों के द्वारा भजनों पर मनमो. हक नृत्य की प्रस्तुति दी गई।भारी संख्या में श्रद्धालु शोभायात्रा में शामिल रहे, वहीं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस कर्मी भी शोभायात्रा में तैनात रहे।



## टिमिट संस्थान में मार्केटिंग क्लब ने एमबीए के छात्रों के लिए

# एक रोचक क्विज कंपटीशन किया आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट के सेमिनार हॉल में संस्थान के मार्केटिंग क्लब के एमबीए छात्रों के लिए एक मनोरंजक और ज्ञानवर्धक क्विज कंपटीशन का आयोजन किया। यह कंपटीशन उन विद्यार्थियों के लिए था जो विपणन और ब्रांडिंग क्षेत्र में अपनी ज्ञान को परीक्षित करना चाहते थे। इस कंपटीशन में छात्रों ने अपने विचारों और ज्ञान का प्रदर्शन करते हुए एक-दूसरे को मात दी। विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे गए जैसे विपणन संकल्प, ब्रांड प्रबंधन, डिजिटल मार्केटिंग और समाज सेवा मार्केटिंग।

इस मौके पर टिमिट के प्रिंसिपल प्रोफेसर विपिन जैन ने अपने उद्बोधन में कहा इस क्विज कंपटीशन का आयोजन छात्रों के व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देने के साथ-साथ उनके बीच एक सामूहिक और शिक्षात्मक माहौल बनाने का उद्देश्य रखना था। मार्केटिंग क्लब के संचालक शिक्षक गणों ने बताया कि इस प्रकार के कंपटीशन से छात्रों को अवसर मिलता है अपने ज्ञान को परिपूर्ण करने का और व्यापारिक जगत में अपनी निश्चितता बढ़ाने का।

इस कंपटीशन के विजेताओं को सम्मानित किया गया। संस्थान के द्वारा इस प्रकार के आयोजन के माध्यम से, छात्रों को व्यापारिक जगत में एक संरचित मार्गदर्शन प्राप्त करने में मदद मिलेगी।




## जिलाधिकारी ने अक्कापाण्डे भोजपुर, ब्लाक मूढापाण्डे गोवर्धनपुर गोशालाओं का किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह द्वारा वृहद गौ संरक्षण केन्द्र नाजरपुर एवं अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल अक्कापाण्डे भोजपुर, गोवर्धनपुर ब्लाक मूढ़ापाण्डे का औचक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने गोवंश हेतु पर्याप्त मात्रा में हरा चारा, नमक मिनरल पाउडर एवं दाना की व्यवस्था कराने के निर्देश दिये। उन्होंने उक्त गौशालाओं में गोवंश हेतु बनाई गई





पानी की चरही की नियमित साफ सफाई एवं पर्याप्त पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये तथा गौशाला गोवर्धनपुर के समीप जमीन पर समतलीकरण का कार्य कराकर हरे चारे हेतु उपयोग में लाने के निर्देश दिये। उन्होंने गौशालाओं में गोवंशों को दिए जाने वाले दाने की गुणवत्ता को परखा तथा ठीक प्रकार से गोवंशों की देखभाल करने के निर्देश दिये।

गौशाला अक्कापाण्डे में गोवंश हेतु पानी पीने के लिये बनायी गयी चरही में तकनीकी सहायक द्वारा पानी निकासी की व्यवस्था नहीं पायी गयी, निर्माण कार्यो में लाप. रवाही देख जिलाधिकारी ने संबंधित तकनीकी सहायक की सेवा समाप्त करने के निर्देश दिये।

## मिलावटी दूध की रोकथाम के लिए सघन अभियान चलाए जाने की उठाई मांग

**मुरादाबाद।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत मेरठ प्रांत की मुरादाबाद जिला इकाई ने मिलावटी दूध की रोकथाम हेतु सघन अभियान चलाए जाने



की मांग उठाई है, इस संबंध में जिला मुख्यालय पर पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारियों को एक ज्ञापन देते हुए कहा गया कि पूरे देश के साथ-साथ उत्तर प्रदेश में भी बड़े पैमाने पर मिलावटी दूध की बिक्री हो रही है,जनमानस विशेष कर बच्चों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए मिलावटी दूध की रोकथाम हेतु कठोर कदम उठाए जाने पर जोर दिया गया।

● डीआईजी को एमआर पाशा,मौहम्मद वसीम ने सामान्य लोकसभा चुनाव 2024 मंडल के मुरादाबाद, रामपुर, बिजनौर में शांतिपूर्वक संपन्न होने पर दी बधाई

# जनपद मुरादाबाद, रामपुर, सम्भल में दिव्यांगों की सुविधा के लिए रैम्प व व्हीलचेयर की व्यवस्था की जाए: एमआर पाशा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक / राष्ट्रीय अध्यक्ष सामान्य लोकसभा चुनाव 2024 के स्वीप आइकॉन ब्रांड एंबेसडर एमआर पाशा व वाइस प्रेसिडेंट मौहम्मद वसीम ने सोमवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद कार्यालय में पहुंचकर पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र मुनिराज जी को सामान्य लोकसभा चुनाव 2024 मुरादाबाद मंडल के मुरादाबाद,रामपुर,बिजनौर में संपन्न होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने पुलिस उपमहानि. रीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र मुनिराज जी को दिव्यांगों की समस्या से अवगत कराया। राष्ट्रीय अध्यक्ष एम आर पाशा ने कहा कि परिक्षेत्र मुरादाबाद मंडल में दिव्यांगों की संख्या करीब 2 लाख से अधिक है। दिव्यांगों पर उनके परिवार वालों व अन्य का उत्पीड़न बढ़ रहा है। दिव्यांगजन जब थाने अपनी समस्या लेकर जाता है तो उसकी समस्या का समाधान नहीं किया जाता। उसको इग्नोर किया जाता है। तथा उसको हीन भावना की नजरों देखा जाता है। और थानो में कोई भी सुनवाई नहीं होती। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद मंडल परिक्षेत्र के सभी जनपदों के थानो में दिव्यांगों की प्राथमिकता के आधार पर सुनबाई कराई जाए। तथा उनको त्वरित न्याय दिलाया जाए। तथा मुरादाबाद मंडल परिक्षेत्र के समस्त थानों व पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय में दिव्यांगों की सुविधा हेतु रैम बनवाए जाएं। तथा दिव्यांग सुविधा के लिए मंडल मुरादाबाद परिक्षेत्र के सभी एसपी कार्यालय / आवास एसपी ग्रामीण/ सिटी व समस्त जनपद के थानों में भी व्हीलचेयर की व्यवस्था की जाए।दिव्यांगजन अधिनियम 2016 की धारा 6 और 7 के तहत कार्रवाई हो। इन सभी धाराओं में दिव्यांग एक्ट के तहत दिव्यांगों की रिपोर्ट लिखी जाए।तथा दिव्यांग एक्ट के तहत कार्रवाई की जाए। जिस तरह से एससी एसटी के व्यक्तियों को जाति सूचक शब्द कहने पर एससी एक्ट के तहत कार्रवाई होती है। उसी तरह लूला लंगड़ा कहने पर दिव्यांगजन एक्ट 2016 के तहत धारा 6 और 7 के तहत कार्रवाई होनी चाहिए। तथा सभी थानों के बोर्ड पर दिव्यांगजन अधिनियम की धारा 6 और 7 /89/90/व 95 का प्रचार प्रसार किया जाए। सभी थानों में एक एसआई की नियुक्ति विकलांग जनों के लिए अलग से की जाए। विकलांगो द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र पर 24 घंटे के अंदर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।विकलांगों को थानों के अंदर बैठने और आने जाने की व्यवस्था सुगम होनी चाहिए। सभी अधिकारियों के नंबर जो चालू है उस बोर्ड पर लिखे हुए होने चाहिए। पुलिस उपमहानि. रीक्षक मुनिराज जी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा को आश्वासन




दिया कि परिक्षेत्र के सभी जनपदों मैं दिव्यांगों का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। और प्राथमिकता के आधार पर दिव्यांगों की सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। अगर किसी दिव्यांगजन का उत्पीड़न मेंरे संज्ञान में आता है तो संबंधित के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## पुलिस ने चाकू व शराब सहित दो को किया गिरफ्तार

**बिलारी।** कोतवाली पुलिस ने अवैध चाकू सहित बिलारी के मोहल्ला बाजार निवासी आसिफ पुत्र ताहिर हुसैन को नाजायज चाकू सहित गिरफ्तार किया। इसके अलावा बिलारी के गांव सतारन निवासी नरेश पुत्र बलजीत सिंह को 20 लीटर देसी शराब सहित गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके दोनों को जेल भेज दिया।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने सगे पुत्र मौहम्मद आरिफ व उसकी पत्नी श्रीमती आसमा को गलत संगत/गलत व्यवहार व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के अन्य किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
**मौहम्मद हनीफ पुत्र अब्दुल रशीद**
**निवासी: ग्राम गोपीवाला थाना ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र साकिब अली व उसकी पत्नी श्रीमती जन्नती को गलत संगत/गलत व्यवहार व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के अन्य किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
**माहिर हुसैन पुत्र हसन रजा**
**निवासी: ग्राम जाहिदपुर सीकमपुर थाना भगतपुर, जिला मुरादाबाद।**

# कलेक्ट्रेट सभागार में गेहूं खरीद की डीएम ने की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में रबी विपणन वर्ष 2024-25 में गेहूँ क्रय केन्द्रों पर अपेक्षाकृत कम खरीद होने एवं जनपद में कतिपय व्यापारियों/ आढ़तियों व अन्य के द्वारा गेहूँ के अवैध संचरण व अवैध भण्डारण किये जाने के दृष्टिगत समीक्षा बैठक की गई। सर्वप्रथम श्री राजेश्वर प्रताप सिंह, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, मुरादाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद को गेहूँ की खरीद हेतु 101300 मी.टन का लक्ष्य दिया गया है। दिनांक 01.03. 2024 से गेहूँ की खरीद प्रारंभ हो चुकी है, किन्तु जनपद में अभी तक मात्र 465 कृषकों से 2864.5 मी.टन की गई है, जो कि लक्ष्य का मात्र 2.89 प्रतिशत है। संज्ञान में लाया गया कि कतिपय व्यापारी/ आढ़ती व अन्यों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों से कम दर पर गेहूँ क्रय कर गेहूँ का अवैध भण्डारण व अवैध संचरण भी कर रहें है। अपर जिलाधिकारी (प्र0)/ जिला खरीद अधिकारी ने कहा कि क्रय केन्द्रों पर लक्ष्य के अनुरूप अत्यंत अल्प खरीद किए जाने पर समस्त क्रय एजेन्सियों को निर्देशित किया गया कि समस्त केन्द्र प्रभारी सक्रिय रूप से खरीद कार्य में रूचि लें, कृषकों के अधिकाधिक पंजीयन सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी द्वारा समस्त क्रय संस्थाओं, मण्डी समिति, भारतीय खाद्य निगम व अन्य को निर्देशित किया कि समस्त गेहूँ क्रय केन्द्रों पर प्रतिदिन कम से कम 300 कु0 गेहूँ क्रय कर गेहूँ क्रय केन्द्रों को सक्रिय रखेंगे। ग्रामीण अंचलों जहां गेहूँ के भाव अपेक्षाकृत कम है वहां पर ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधानों से संपर्क कर गेहूँ बिक्री हेतु इच्छुक किसानों से नियमानुसार मोबाइल क्रय केन्द्र के माध्यम से केन्द्र प्रभारियों द्वारा गेहूँ क्रय किया जायेगा, इस हेतु सम्बन्धित उपजिलाधिकारी सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल को क्रय केन्द्र की सक्रियता की स्थिति एवं कृषकों से संपर्क कर केन्द्र पर अधिकाधिक गेहूँ खरीद कराये जाने हेतु लगाया जायेगा। जनपद/ राज्य की सीमा से बाहर गेहूँ का अवैध संचरण भी किया जा रहा है, उक्त संदर्भ में बैठक में उपस्थित क्षेत्राधिकारी कटघर को जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि किसी भी दशा में जनपद से बाहर गेहूँ का अवैध संचरण न होने पाए। गेहूँ के अवैध भण्डारण व अवैध संचरण होने पर जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम व अन्य सम्बन्धितों द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी, यदि जनपद में गेहूँ का अवैध भण्डारण/ अवैध संचरण होगा तो इसके लिए विपणन निरीक्षक/क्रय एजेन्सियों के केन्द्र प्रभारी/ मण्डी समिति के अधिकारी/कर्मचारी भी जिम्मेदार होंगे। पुलिस विभाग द्वारा सम्बन्धित क्षेत्रीय विपणन अधिकारी/ विपणन निरीक्षकों/केन्द्र प्रभारियों को गेहूँ के अवैध भण्डारण व अवैध संचरण को रोके जाने हेतु अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जायेगा। भारतीय खाद्य निगम, मुरादाबाद द्वारा गेहूँ की तीव्र अनलोडिंग, सुरक्षित भण्डारण की समुचित व्यवस्था बनाये रखी जायेगी। भारतीय खाद्य निगम द्वारा गेहूँ भरे ट्रक को तद्दिनांक को ही खाली कराया जायें। किसी भी दशा कृषकों का शोषण न होने पाये। किसी भी अधिकारी/कर्मचारी, आढ़ती व्यापारी व अन्य की अनियमितता प्रकाश में आने पर तत्काल कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी(प्र0)/ जिला खरीद अधिकारी, मुरादाबाद, समस्त उपजिलाधिकारी, जनपद मुरादाबाद, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, मुरादाबाद, पुलिस विभाग के अधिकारी, समस्त क्रय संस्थाओं के जिला प्रबन्धक व जिला प्रभारी एवं क्षेत्रवार खाद्यान्न के कुल थोक व्यापारी/आढ़ती उपस्थित रहे।





## समाचार एक नज़र में

### मारपीट में पिता-पुत्रों पर एफआईआर

**कांठ( शाहटाइम्स )** घटना 16 अप्रैल की रात साढे दस बजे की है पेली विश्नोई गांव निवासी नितिन कुमार पुत्र शुरेश कुमार का आरोप है कि 16 की रात को करीब साढे दस बजे वह काम से बाहर गया था। तभी गांव का अंकित पुत्र सुशील अपनी छत से उसके मकान पर आकर ताक झांक करने लगा। नितिन की पत्नी घर पर अकेली थी। इसकी सूचना उसने अपने पति को दी।

आरोप है कि नितिन के विरोध करने पर अंकित अपने भाई हर्षित और पिता सुशील के साथ घर के बाहर आ गया और गाली गलौज करने लगा। गाली को मना किया तो लाठी डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। पीडित थाने पहुंचा और चोटो का चिकित्सक परीक्षण कराया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पिता पुत्रो के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### पुलिस ने तमंचे के साथ एक को किया गिरफ्तार

**कांठ( शाहटाइम्स )** उप निरीक्षक विपिन कुमार को नयां गांव के पास एक युवक के संदिग्ध होने की जानकारी मिली तो वह मौके पर पहुंचे और एक युवक को हिरासत मे ले लिया।

पकडे गए व्यक्ति ने आपना नाम शाहिद पुत्र रईस नयां गांव बताया। पुलिस ने बताया कि उक्त युवक के पास से अवैध तमंचा बारामद किया गया है। पुलिस ने पकडे गए युवक का चालान किया है।

### नहीं मिली बेटी, तो थाने जाकर लिखाई रिपोर्ट

**कांठ( शाहटाइम्स )** थाना क्षेत्र के गांव की लडकी 14 अप्रैल को घर से गायव हो गई परीजनों को उसके गायव होने का पता लगा तो तलाश शुरू की गई।

बताया गया कि 19 साल की लडकी को अकबरपुर चौदरी गांव का गुफरान पुत्र अनीस बहला फुसलाकर ले गया। निराश होकर लडकी के पिता ने पुलिस की मदद मांगी। पुलिस ने तहरीर के आधार के पर गुफरान के खिलाफ संबंधित धाराओ मे मामला दर्ज किया है।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर आओ हाथ बढ़ाएं-एक पहल मदद की

# चैरिटेबल ट्रस्ट की अनूठी पहल

**मुरादाबाद।** विश्व पृथ्वी दिवस पर आओ हाथ बढ़ाएं-एक पहल मदद की' चैरिटेबल ट्रस्ट ने अनूठी पहल की।शहर में पानी की बर्बादी रोकने के लिए खुद आगे आई ट्रस्ट की टीम ने जल संरक्षण सप्ताह मनाया। बुद्धि विहार समेत अलग-अलग इलाकों में 57 सरकारी नलों की खराब टोटियां बदलीं गयी, इसके लिए टीम प्लंबरों के साथ गली-गली अभियान चलाती नजर आई। इस सप्ताह का समापन भी सोमवार को जागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक के साथ किया गया। बुद्धि विहार से खुशहालपुर होते हुए दिल्ली रोड तक रैली के माध्यम से बच्चों ने 'जल है तो कल है' जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का काम किया।बुद्धि विहार में भाटिया तिराहा से जागरूकता रैली निकाली गई जो आकांक्षा नर्सिंग होम, महिलाल पब्लिक स्कूल, आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल होते हुए चौधरी चरण सिंह चौक फिर वापस भाटिया चौराहे पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस बीच चार स्थानों पर ट्रस्ट के नि:शुल्क ट्यूशन सेंटर और सिलाई कढ़ाई केंद्र के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए जल को कल के लिए सहेजकर रखने का संदेश दिया। बच्चों के गले और सीने पर जागरूकता के पोस्टर व तख्तियां लगी हुईं थीं जिस पर अंकित था-बच्चों को यही पढ़ाना है, वर्षा जल को बचाना है।

जल है तो हम हैं। जल बचाओ, कल बचाओ। यह देखकर और सुनकर तमाम कॉलोनी वासी भी गदगद हो गए। ट्रस्ट की अध्यक्ष गीतांजली पांडेय ने बताया कि ऐसे जागरूकता संदेशों को अगर दस-बीस प्रतिशत लोगों ने भी आत्मसात किया तो बड़ी बात होगी। रैली और नुक्कड़ नाटक के आयोजन में ट्रस्ट की अध्यक्ष गीतांजली पांडेय के अलावा तरुण गुप्ता, प्रबल पंत, रचित गुप्ता, सुमित सैनी, आशीष चौधरी, राघव रस्तोगी, शैलेंद्र गौड़, मनमीत चहल, मनीषा शर्मा, विजय शर्मा, सनी सेठी, ऋतु और अनिकेत गुप्ता ने अहम भूमिका निभाई।



## गजल



में कागज पे अपने ख्यालात लिखता।
छिपे हैं जो दिल में वो हालात लिखता।।
न होता जो डर तेरी रुसवाइयों का।
गुजरते हैं किस तरह दिन रात लिखता।।
अगर बेवफा तुझ से उल्फत न होती।
मोहब्बत ने दी है जो सौगात लिखता।।
में लिखता अगर अपने दिल की तबाही।
तेरा नाम लिखता तेरी पात लिखता।।
सहारा न होती अगर याद तेरी।
तेरे गम को अश्कों की बरसात लिखता।।
कसीदे लिखे हुस्न वालो के सब ने।
कोई आशिको के भी जज्बात लिखता।।
अमीरों की खैरात लिखने से पहले।
कोई गम के मारो के सदमात लिखता।।
कई दोस्तो के भी नाम आ रहे थे।
अगर दुश्मनों की में औकात लिखता।।
किया करती बाते जो तस्वीर तेरी।
जुदाई को राशिद मुलाकात लिखता।।

**इंजीनियर राशिद हुसैन**
**मुरादाबाद उत्तर प्रदेश।**

## खोया-पाया सूचना

मेरा मूल बैनामा दिनांक 6.4.2013 बही नंबर-1, जिल्द 9670, पृष्ठ 49 से 68, क्रमांक 5497 जो उपनिबंधक प्रथम मुरादाबाद में पंजीकृत है जिसका गाटा संख्या 308 रकबई 104.93 वर्ग मीटर, स्थित जयंतीपुर मियां कलोनी तहसील व जिला मुरादाबाद का सब रजिस्ट्रार के हस्ताक्षर वाला मूल पृष्ठ वास्तव में खो गया है, जिसका प्रयोग अवैध होगा। **श्रीमति अफरोज जहां पत्नी सुहैल अनवर पुत्र श्री खुर्शीद अहमद निवासी धीमरी निकट अखबार फैक्ट्री थाना मझोला मुरादाबाद।**

## बेदखली सूचना

हमने अपने पुत्र अजहर को गलत संगत/गलत आचरण में पड़ने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा। आज के हमारा व हमारे परिवार के अन्य किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। महबूब हुसैन पुत्र हिदायत हुसैन व महताब बेगम पत्नी महबूब हुसैन निवासीगण: डिडौरा पोस्ट पाकबड़ा मस्जिद के पास, मुरादाबाद।

# आरएसडी अकेडमी में विश्व पृथ्वी दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के आरएसडी अकैडमी में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को पृथ्वी के महत्व के बारे में बताना था,की जिस प्रकार जल को सुरक्षित व वायु को स्वच्छ रखना हमारा कर्तव्य है, उसी प्रकार इन सब के माध्यम से पृथ्वी के वातावरण को अधिक वृक्ष लगाकर सुरक्षित रखना भी हमारा परम कर्तव्य है, क्योंकि अधिक जनसंख्या व प्रदूषण बढ़ने के कारण पृथ्वी पर अनेक प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो रही है, इसलिए हर वर्ष जन-जन को जागरूक करने हेतु ,पृथ्वी को सुरक्षित रखने के लिए (अर्थ डे), विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। आरएसडी अकैडमी में अर्थ डे पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन लेफ्टिनेंट कुमारी सुखरानी व संचालन डॉक्टर मयंक शर्मा के द्वारा किया गया, पोस्टर प्रतियोगिता में विभिन्न विभाग की छात्राएं, एनसीसी कैडेट, रोवर्स रेंजर्स, स्काउट गाइड, एनएसएस के स्वयंसेवक आदि ने प्रतिभाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता का परिणाम आरएसडी के निदेशक डॉ. विनोद कुमार व डॉक्टर जी कुमार के द्वारा घोषित किया गया,जिसमें प्रीति कुमारी ने प्रथम, सविता द्वितीय , इरम तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर डॉ. गरिमा शर्मा, अजय शर्मा, डॉ. गौरव कुमार ,अभिषेक शर्मा ,डॉक्टर संजय मेहरोत्रा ,डॉक्टर बी के पाल , अंजू सुखीजा, ज्योति पाठक, मुकुल सक्सेना, लवप्रीत कौर आदि अध्यापक व अध्यापिकाएं उपस्थिति रही।कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर यह संदेश दिया सेव अर्थ एंड सेव लाइफ।



## ● आईएफटीएम विश्वविद्यालय में

# 'वर्ल्ड क्रिएटिविटी एंड इनोवेशन डे' के अवसर पर हुआ पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशंस इना. ेवेशन काउंसिल (आईआईसी), स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एवं स्कूल ऑफ साइंसेज के संयुक्त तत्वावधान में ''वर्ल्ड क्रिएटिविटी एंड इनोवेशन डे'' मनाए जाने के अंतर्गत 'वन अर्थ वन फैमिली वन फ्यूचर' की थीम पर एक ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 70 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिनमें अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बी.एससी द्वितीय वर्ष की छात्रा दानिया खान ने प्रथम, बीसीए प्रथम वर्ष के छात्र दीपक ने द्वितीय तथा बी.टेक (सीएसई) तृतीय वर्ष की छात्रा पल्लवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजेता रहे विद्यार्थियों को स्कूल ऑफ इंजी. नियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निद. ेशक व आईआईसी के अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक प्रो. बी.के. सिंह ने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में आईआईसी के संयोजक डॉ. अतनु नाग समेत आयोजन समिति के सदस्यों एवं अन्य कई फैकल्टी मैम्बर्स की महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# एसएस चिल्ड्रन एकेडमी के छात्र- छात्राओं ने पर्यावरण को बढ़ावा देने का दिया संदेश

**मुरादाबाद।** शहर के कांठ रोड स्थित एसएस चिल्ड्रन एकेडमी में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया,स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए, और पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाव के लिए जागरूकता के संदेश दिए। स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. बबीता अग्रवाल, उप प्रधानाचार्य सुप्रिया अग्रवाल ने कहा की पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर हमारे विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं पृथ्वी दिवस पर भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बता दे कि सोमवार को एस एस चिल्ड्रन एकेडमी के कैंपस में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पूरे विद्यालय में जोरो-शोरों से सभी छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रमों में जमकर भाग लिया।कक्षा दूसरी व तीसरी कक्षा के बच्चों ने इको मिनियंस एक्टिविटी के द्वारा इको फ्रेंडली प्रोडक्ट्स के फायदों के बारे में बताया और उनके उपयोग के बारे में सभी को अवगत कराया। चौथी व पाँचवी कक्षा के बच्चों ने नारियल के खोल का उपयोग करके पौधे लगाए। छठी से आठवीं कक्षा के बच्चों ने रंगोली बनाकर धरती मां को नमन किया। नौवीं व बाहरवीं के छात्र छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रदूषण के दुषप्रभाव के बारे में जागरूकता फैलाई और बताया कि हम प्रदूषण को कैसे कम कर सकते हैं। विद्यालय के सभी बच्चों के द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से जागरूकता के संदेश देने का काम किया गया।






# मॉडर्न पब्लिक स्कूल क्रिकेट अकादमी के मैदान में मिनी आईपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का किया जा रहा आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के दिल्ली रोड स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल क्रिकेट अकादमी के मैदान में मिनी आईपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में लगातार खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं और क्रिकेट के खेल के प्रति सभी को संदेश दे रहे हैं, क्रिकेट प्रतियोगिता में बच्चों को बेहतर प्रदर्शन करने पर मैन ऑफ द मैच के साथ बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया जा रहा है। दिल्ली पब्लिक ग्लोबल स्कूल फाइटर एवं आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल किंग इलेवन की टीम के बीच हुए मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। इस दौरान यूपी क्रिकेट में रणजी ट्रॉफी प्लेयर शोएब सिद्दीकी, समाजसेवी भानु प्रताप सिंह ने ल क्रिकेट टूर्नामेंट में पहुंच कर बच्चों के खेल की सराहना की और कहा की छोटे बच्चों को क्रिकेट के खेल में आगे बढ़ाने के लिए जो प्रयास किये जा रहे हैं वह सराहनीय है। हम ऐसी आशा करते हैं कि बच्चे क्रिकेट के खेल में आगे बढ़े और अपने शहर और प्रदेश व देश का नाम रोशन करें।साथ ही सभी ने यह भी कहा की मिर्जा दानिश आलम लगातार मॉडर्न पब्लिक स्कूल क्रिकेट अकादमी के प्रयासों से प्रतियोगिता आयोजित करते रहते हैं, जिससे बच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है और वह खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ते हैं, आजकल के बच्चों को क्रिकेट के खेल में एक अच्छा मंच देने की बहुत आवश्यकता है, यदि बच्चों को सही रास्ता मिल जाए तो बच्चे बहुत आगे जा सकते हैं।वहीं मिर्जा दानिश आलम ने कहा की मिनी आईपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट 5 अप्रैल से यह टूर्नामेंट कराया जा रहा है, जिसमें उत्तर प्रदेश और आसपास के प्रदेशों की क्रिकेट की टीमें भाग ले रही हैं। प्रतिदिन दो मैच आयोजित किये जा रहे हैं, 30 ओवर के मैच में बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।देखा गया है कि सीनियर बच्चों के लिए क्रिकेट प्रतियोगिताएं बहुत होती हैं,मगर जूनियर्स के लिए प्रतियोगिताएं बहुत कम होती है, ऐसे में हमने यह प्रयास किया है कि प्रदेश और आसपास के क्षेत्र के बच्चों के लिए टूर्नामेंट आयोजित किया जाए, जिससे बच्चे खेलों में आगे बढ़ सके। उन्होंने आगे कहा कि टूर्नामेंट के समापन पर बच्चों को सम्मानित किया जाएगा और उनकी हौसला अफजाई भी की जाएगी।इस अवसर पर मिर्जा दानिश आलम, मोबिन मलिक, नवाज हाशमी, रोहित कुमार, मोहम्मद शरीफ,विक्की,मोहम्मद शमशाद, शिवम, यश शुक्ला, शिवम शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




# करणी सेना ने सपा प्रत्याशी रुचि वीरा के खिलाफ कटघर थाने में दिया शिकायती पत्र

**मुरादाबाद।** करणी सेना के द्वारा सपा प्रत्याशी रुचि वीरा के विरुद्ध कटघर थाने में एक शिकायती पत्र दिया गया है, करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर योगेंद्र सिंह राणा एडवोकेट के नेतृत्व में दर्जनों करणी सैनिक कटघर थाने पहुंचे और समाजवादी पार्टी लोकसभा 6 मुरादाबाद से सपा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी रुचि वीरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने हेतु एक शिकायती पत्र दिया गया है। करणी सेना के द्वारा कटघर थाना प्रभारी को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि शहर में चुनाव के दौरान समाजवादी पार्टी प्रत्याशी श्रीमति रुचि वीरा ने एक ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी का सरेराह अपमान किया है यह लोकतन्त्र एंव संविधान का अपमान है, करणी सेना ऐसा विल्कुल वरदाश्त नहीं करेगी। हम रुचि वीरा के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुक्दमा दर्ज करने की मांग करते हैं। वही करणी सेना के कार्यकर्ताओं के द्वारा कहा गया कि आचार संहिता होने के कारण हम शांतिपूर्ण तरीके से प्रार्थना पत्र देने आए हैं, यदि सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो फिर हमें सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होना पड़ेगा।पुलिस के जवानों का अपमान हम नहीं सहेंगे।इस अवसर पर करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर योगेंद्र सिंह राणा के साथ जिला उपाध्यक्ष अमित ठाकुर, जिला मंत्री विजय चौहान, महानगर महामंत्री प्रिंस ठाकुर,महानगर उपाध्यक्ष युवा शक्ति रजत शर्मा, कटघर मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, हरविंदर सिंह चौहान, रोजी भाई , विशाल प्रजा. पति, राजवीर सिंह, रोहन, विशाल राजपूत मण्डल मंत्री,अभिषेक भटनागर, अमन सैनी, अभय, देवा, कमल, विक्की ठाकुर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# क्षेत्र में तेंदुआ दिखनें किसानों में दहशत

**भगतपुर।** थाना क्षेत्र के गांव लखनपुर लाड़पुर के जंगल में किसान गेहूं की कटाई कर रहे थे इसी बीच उन्हें गेहूं के खेत में तेंदुआ दिखाई पड़ा जिससे किसानों में दहशत फैल गई और भगतपुर पुलिस को फोन किया सूचना पाकर मौके पर पहुंचे भगतपुर थाना अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने वन विभाग की टीम को सूचित किया मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम द्वारा कोई खास रेस्क्यू न करने से तेंदुआ मौका देखकर फरार हो गया जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। क्योंकि इस समय गेहूं की कटाई जोरों पर है किसान रात दिन खेतों में काम कर रहे हैं लेकिन क्षेत्र में तेंदुआ होने के कारण किसानों में दहशत का माहौल है।





# संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता फांसी के फंदे पर लटकी, मौत

**ठाकुरद्वारा।** संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने कमरे में लगे पंखे में दुपट्टे का फंदा लगाकर फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव नाहरवाला खाई खेड़ा निवासी राज. कुमार अपनी पत्नी निशा 26 वर्ष के साथ नगर के वार्ड 01 सुंदरम कालोनी में रहकर वीडियो ग्राफर का काम करता है। देर शाम राज. कुमार शादी में वीडियो ग्राफी करने के लिए गया था। इस दौरान विवा. हिता निशा ने कमरे में लगे पंखे में दुपट्टे का फंदा लगाकर खुद फांसी पर झूल गई। घटना की जानकारी तब मिली जब उसकी दूध देने आई महिला के बोलने पर जब कमरा नहीं खुला तो पहले उसने दरवाजा खटखटाया परंतु दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा नहीं खुलने पर और अंदर से कोई आवाज न आने पर मकान स्वामी की पत्नी ने देखा कि निशा दुपट्टे से पंखे में जूली हुई थी। पंखे में झूला देख मकान स्वामी ने सूचना पुलिस को दी। आत्महत्या पर आसपास के लोगों ने एकत्रित होकर कमरे का बंद दरवाजे को खोला। विवाहिता के फांसी पर झूल जाने की सूचना जैसे ही क्षेत्र में हुई तो बड़ी तादाद में लोगों की भीड़ का जमावड़ा लग गया। सूचना पर कोतवाली प्रभारी शैलेन्द्र सिंह चौहान पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने मौका मुआयना किया। मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद में आत्महत्या की सच्चाई का पता चल सकेगा।

# विद्युत कटौती के विरोध में गरजे अभाकिमस के कार्यकर्ता, प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** सोमवार को अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के कैंप कार्यालय रामू वाला गणेश पर अभाकिमस के जिला महासचिव कामरेड कैलाश सिंह के नेतृत्व में निजी नलकूपों पर विद्युत विभाग द्वारा मनमाने ढंग से की जा रही बिजली कटौती के विरोध में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के बाद विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया गया इस दौरान किसान नेता प्रीतम सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्युत विभाग द्वारा निजी नलकूपों (ट्यूबेलो) पर दिन में विद्युत आपूर्ति का शेड्यूल शासन के निर्देशानुसार तय किया था लेकिन पिछले 15 दिन से नलकूपों पर 2 से 3 घंटे की विद्युत आपूर्ति की जा रही है जिससे किसानों की फसलों की सिंचाई बहुत अधिक प्रभावित हो रही है किसानों की फसलें गन्ना एवं पशुओं का चारा खेतों में सूख रहे हैं किसान सिंचाई के बिना परेशान है किसान की मेहनत बिजली के अभाव में खेतों में सूख रही है विद्युत विभाग के खिलाफ किसानों में अत्यधिक आक्रोश है विद्युत आपूर्ति के इंतजार में किसान सिंचाई हेतु भीषण गर्मी में खेतों पर रहता है लेकिन विद्युत आपूर्ति नहीं की जाती है किसान नेता प्रीतम सिंह अपने साथी अर्जुन सिंह तथा वीर सिंह के साथ उपखंड अधिकारी ठाकुर द्वारा से मिलने बिजली घर पहुंचे लेकिन कार्यालय में न मिलने के कारण दूरभाष द्वारा किसानों की समस्या के बारे में अवगत कराया गया और चेतावनी दी गई की निजी नलक. ूपों पर विद्युत आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो किसान बिजली घर का घेराव करने को बाध्य होंगे और मांग की गई कि विद्युत आपूर्ति का शेड्यूल दिन के स्थान पर रात्रि में कर दिया जाए। कम से कम 18 घंटे विद्युत आपूर्ति की जाए।इस दौरान संयुक्त किसान मोर्चा कमेटी ठाकुरद्वारा अध्यक्ष सरदार जसवंत सिंह कामरेड हर स्वरूप सिंह रमेश सिंह जगदीश सिंह पांडे नरेश सिंह सुरेंद्र सिंह खुशीराम उदयवीर सिंह आदि मौजूद रहे।




# पशु चिकित्सक पर लगाया लापरवाही का आरोप उच्चाधिकारियों से शिकायत

**ठाकुरद्वारा** पशु चिकित्सालय में बछिया का उपचार को लेकर पशु चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाए हुए उच्चाधिकारियों से शिकायत की। नगर के मौहल्ला जोशियान निवासी प्रशांत कुमार पुत्र उमेश कुमार जोशी ने पशु चिकित्सक अधिकारी पर पशु उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए पशुपालन मंत्री व पशुशाला अधिकारी मुरादाबाद डीएम व एसडीएम को शिकायत पत्र देते हुए बताया कि 20 अप्रैल की रात्रि समय लगभग 11 बजे बछिया की तबीयत खराब होने पर सरकारी पशु चिकित्सालय में पशु चिकित्सक को अवगत कराया तो उन्होंने उसे अस्पताल लाने के लिये कहा। इस पर बछिया को अस्पताल लेकर पहुंच गया तो वह मौजूद चिकित्सकों ने बछिया को उपचार के नाम पर इंजेक्शन लगाकर जल्द ही आराम होने का आश्वासन देकर भेज दिया। लेकिन बछिया को कोई आराम नहीं हुआ तो रात को तबियत ज्यादा खराब होने पर पशुचिकित्सक को फोन लगाया तो फोन नही उठ सका। सोमवार की सुबह लगभग 9 बजे पशुचिकित्सालय गया तो वहां पशु चिकित्सक नही मिले।

चिकित्सा न मिलने के कारण चिकित्साधिकारी के लापरवाही व टाल मटोल के कारण दो गायो की मृत्यु हो गई। पशुपालक ने पशु चिकित्सक व अन्य स्टाफ के खिलाफ उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर उचित कार्यवाही की मांग है।

# मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** कंपोजिट विद्यालय बिलारी के छात्र छात्राओं ने होली चौक, शहीदे आजम पार्क, हर्ष नगर, रैली चौक आदि कई स्थानों पर बिलारी में नुक्कड़ नाटक की सहायता से क्षेत्र के मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के प्रति जागरूक किया। नाटक में दर्शाया गया कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, लोकतंत्र की सेहत तभी अच्छी होगी जब उसमें रहने वाले सभी मतदाता अपनी राय दें। जिसमें उप जिलाधिकारी मनी अरोड़ा, खण्ड शिक्षा अधिकारी अजहरे आलम, व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन,कंपोजिट विद्यालय के मोहम्मद सुलेमान अंसारी, इंचार्ज अध्यापक वीरपाल यादव, सहायक अध्यापक अब्दुल मलिक, ओम प्रकाश सिंह, शाहीन सुल्तान आदि भी मौजूद रहे। बूथ नंबर 214 पर न्याय पंचायत सहसपुर के परिषदीय बच्चों ने सहायक अध्यापिका शाहीन परवीन के निर्देशन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हेतु नुक्कड़ नाटक एवं लोकगीत द्वारा ग्राम वासियों को बहुत ही रोचक ढंग से मतदान का महत्व समझाया तथा शत- प्रतिशत मतदान का महत्व बताया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्रा पूर्णिमा ,आरुषि, निम्मी, मुस्कान माहिरा आदि ने बताया कि हमें देश के विकास के लिए सही नेता को चुनना चाहिए। नेता को चुनने के कई आधार हैं जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, नारी सुरक्षा ,भ्रष्टाचार, बिजली पानी की व्यवस्था। छात्र अरशद व नवनीश ने बताया कि बूथ पर दिव्यांग लोगों के लिए भी चुनाव आयोग ने उनकी समस्या को देखते हुए बिना लाइन में लगे उन्हें सीधे ही वोट डालने की सुविधा दी है! जग्गू भैया के नेता रूप को देखकर ग्राम वासियों को असली नेता की याद आ गई तथा सोनी,सुनैना सिमरन ,नेहा, कृष्णा ,संध्या द्वारा आओ मिलकर मतदान करें सबसे जरूरी दान करें नमक लो. कगीत पर सुंदर प्रस्तुति दी गई एवं 7 मई को होने वाले चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए आग्रह किया गया।



## समाचार एक नज़र में

### आज पूर्व सांसद सर्वेश सिंह के परिजनों को सांत्वना देने पहुंचेंगे योगी

**ठाकुरद्वारा।** लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व सांसद सर्वेश कुमार सिंह के आकस्मिक निधन को लेकर मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना देने के लिए रतुपुरा पहुंच रहे हैं। सोमवार को सुखदेई स्मारक महाविद्यालय परिसर में हेलीपैड बनाया गया। रतुपुरा में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश कुमार सिंह का हृदय घात से शनिवार की शाम 7.00 बजे निधन हो गया था। रविवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया था जिसमें उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक सहित हजारों लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी थी। पूर्व सांसद सर्वेश कुमार सिंह के शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार की दोपहर 1.35 पर हेलीकॉप्टर से रतुपुरा के सुखदेई स्मारक महाविद्यालय में उतरेंगे। यहां से कार के द्वारा वह पूर्व सांसद के आवास महल में पहुंचेंगे और लगभग 20 मिनट तक परिवार के लोगों के बीच मौजूद रहकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देंगे। उसके बाद 2.05 पर मुख्यमंत्री यहां से रवाना हो जाएंगे। कार्यक्रम की तैयारी के लिए पुलिस प्रशासन जुटा हुआ है। रतुपुरा में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। सुखदेई स्मारक महाविद्यालय परिसर में हेलीपैड तैयार किया गया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**ठाकुरद्वारा।** करनपुर मार्ग पर तेज रफतार कार चालक ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए डायल 112 पुलिस की मदद ने नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया और कार चालक को कब्जे लेकर कोतवाली पुलिस के सूपूर्द कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के नयागांव बहादुर निवासी आरिफ पुत्र नन्हे सोमवार को दोपहर बाइक से करनपुर की दिशा से वापस घर आ रहा था। तभी पीछे से आए तेज रफतार कार चालक ने उसकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार आरिफ सड़क पर गिरकर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायल को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया और कार चालक को कब्जे में लेकर कोतवाली पुलिस के सूपूर्द कर दिया।

# बच्चों के कपड़े उतार कर अश्लील फोटो खींचे युवा गिरफ्तार, पॉक्सो एक्ट में हुई कार्रवाई

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में बच्चों की मां जब दुकान पर बैठी हुई थी तभी उसके घर में घुसकर पड़ोसी युवक ने 9 वर्षीय बच्ची के कपड़े उतार कर उसके अश्लील फोटो खींच लिए। बच्ची और महिलाओं के शोर मचाने पर आरोपी भाग निकला है लेकिन पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक महिला किराना की दुकान चलाती है। रविवार की अपरान्ह महिला के घर के आंगन में उसकी 9 वर्ष की बेटी खेल रही थी। तभी गांव का युवक राजेंद्र वहां आया और महिला से सुरती का पैकेट देने के लिए कहा। महिला युवक को सुरती का पैकेट देने के लिए दुकान पर चली गई। वह अन्य ग्राहकों को सामान देने लगी , इसी बीच यह युवक तेजी से उसके घर पहुंच गया और घर में नहा रही इस बच्ची के कपड़े हटाकर अश्लील फोटो खींच लिए। बच्ची के शोर मचाने पर परिवार की अन्य महिलाएं आ गई और उन्होंने युवक को घेरने का प्रयास किया तो वह भाग निकला। महिलाओं ने 112 पुलिस पी आर बी को सूचना दे दी। पुलिस मौके पर पहुंच गई और युवक को घेरा बंदी कर दबोच लिया। प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र चौहान ने बताया कि महिला के पुलिस को तहरीर देने पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक के खिलाफ पोक्सो के तहत कार्यवाही की गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## शांति भंग के आरोप में एक गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** मारपीट पर उतारू एक व्यक्ति को पुलिस ने शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी का जमानत पर छोड़ दिया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रायभूड़ निवासी नागेश कुमार पुत्र रामौतार सिंह को पुलिस ने क्षेत्र की बल्लभगढ़ की पुलिया के पास गंगाधरपुर निवासी राहगीर हरिओम पुत्र सुरेश कुमार के साथ मारपीट पर उतारू होने पर शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को आरोपी का शांति भंग में चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी को जमानत पर छोड़ दिया गया है।

# घर में घुसकर भाई बहन के साथ मारपीट, घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** रंजिशन घर में घुसकर लाठी डंडों और धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। घायल ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगाधरपुर निवासी सुनील पुत्र ऋषिपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बहन ज्योति के साथ घर में बैठा था, आरोप है कि गांव के ही छत्रपाल सिंह व कोमल सिंह अपने हाथों में डण्डे व चाकू लेकर घर में अन्दर घुस आये और आते ही गन्दी गन्दी गालियों देते हुए लात घूसों, डण्डो व चाकू से भाई बहन पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान चींखपुकार पर एक व्यक्ति ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया और जाने मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीडिघ्त ने पुलिस को तहरीर देकर मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



# हरी भरी सुंदर स्वस्थ वसुंधरा रहे हमारी

**मुरादाबाद।** प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट रजि. मुरादाबाद ने पृथ्वी दिवस के अवसर पर मुंशी मुरलीधर स्कूल, हरथला में जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम में बच्चों को सम्बोधित करते हुए प्रकृति सेवा समिति के संस्थापक/ महासचिव पर्यावरण सचेतक नैपालसिंह पाल ने कहा कि मानव और पर्यावरण दोनों एक-दूसरे पर निर्भर होते हैं। जलवायु प्रदूषण या वृक्षों का कम होना मानव शरीर और स्वास्थय पर सीधा असर डालता है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगो को जागरूक करने की आवश्यकता है, हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए आदर्श तकनीकी और नैतिक मूल्यों को मिलाने का संकल्प बनाना होगा। विशेषज्ञता के साथ, हमें व्यक्तिगत संवेदनशीलता और सामाजिक सहयोग के साथ तकनीकी उपायों का अध्ययन करना होगा जिससे हम एक प्रदूषणमुक्त भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें। धरा को हरा भरा बनाना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है जिससे कि हमारी वसुंधरा हरी भरी सुन्दर स्वस्थ हो।

समिति के मीडिया प्रभारी/ कोषाध्यक्ष युवा पर्यावरण चिंतक शुभम कश्यप ने कहा कि जब वायु, जल, मृदा, और अन्य प्राकृतिक संसाधनों में अनचाहे तत्व घुलकर उन्हें इस प्रकार के रूप में दूषित कर देते हैं जो स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालने लगते हैं तथा पर्यावरण को हानि पहुँचाते है।

विद्यालय की प्रधानाचार्य मीता गुप्ता ने कहा पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए हमें अधिक से अधिक संख्या में लोगो को इसके प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर प्रकृति पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन हेतु एक प्रतिज्ञा भी कराई गई।

इस अवसर विद्यालय प्रबंधक राजपाल सिंह विश्नोई, संजना, राय,अनीता विश्नोई, अनिता भटनागर, मयंक शर्मा, रेखा शर्मा, अलका मिश्रा, आकांक्षा मिश्रा, भूरी सैनी, सहित स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।



# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'पृथ्वी दिवस' मनाए जाने के अंतर्गत हुआ विविध कार्यक्रमों का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ साइंसेज के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा "पृथ्वी दिवस" मनाए जाने के अंतर्गत "प्लेनेट वर्सेस प्लास्टिक" की थीम पर ओरल और पोस्टर प्रेजेंटेशन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक प्रो. बी.के. सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रो. सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सबको एकजुट होकर धरती मां की रक्षा करनी होगी तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को पूर्णरूप से रोकना होगा। वनस्पति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शिव प्रताप सिंह ने फाइव आर-रिफ्यूज, रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकिल, एवं रोट पर बल देते हुए विस्तार के साथ जानकारी दी। उन्होंने माइक्रो प्लास्टिक एवं उनके दुष्परिणामों के बारे में भी जानकारी साझा की। कार्यक्रम के सह संयाजक व वनस्पति विज्ञान विभाग के डॉ. अशोक कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया। डॉ. कुमार ने पृथ्वी दिवस मनाने के सम्बन्ध में इसके इतिहास के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बढ़ते प्रदूषण के कारण ग्लोबल वार्मिंग एवं फलस्वरूप जलवायु परिवर्तन तथा जैव विविधता आदि पर भी प्रकाश डाला। भौतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. अतनु नाग ने पौधारोपण एवं उनके संरक्षण पर जोर दिया। विद्यार्थियों में एम.एससी वनस्पति विज्ञान की छात्रा सुप्रिया सिंह, वर्णिमा, गुंजन मोहर, प्रियांशी अरोड़ा, छात्र उज्जवल एवं एम. एससी जूलॉजी की छात्रा तानिया अवस्थी ने भी अपने-अपने विचार साझा किए। कुछ विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर्स के माध्यम से प्रकृति के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। अंत में डॉ. पूजा नारंग ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वनस्पति विज्ञान विभाग के डॉ. समीर चंद्रा, डॉ. संकेत कुमार, डॉ. उदित यादव, डॉ. वंदना आनंद, श्रीमती मीनू, डॉ. स्मिता ज्योति, डा. अमनप्रीत कौर, डॉ. रोहित कुमार समेत विभाग के अन्य शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में 80 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।





**खोया-पाया सूचना**

मेरे हाईस्कूल (वर्ष 2019 अनुक्रमांक 0752332) का प्रमाणपत्र एवं अंकतालिका वास्तव में कहीं खो गयी है जिसका प्रयोग अवैध माना जाये।

भवदीय - रोशनी पुत्री श्री होरीलाल नि0 सीकरी गेट, चन्दौसी जिला सम्भल।

मो0नं0 9639356679

# बोर्ड परीक्षा में जिला टॉप करने वाले सुदर्शन को विद्यालय ने किया सम्मानित

**● ब्लाक प्रमुख डा. सुगंधा सिंह ने किया छात्रों का उत्साहवर्धन**

**चन्दौसी।** कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती है, यदि लक्ष्य निर्धारित हो और संयम से परिश्रम किया जाये तो सफलता मिल ही जाती है। भाग्य बनाने के लिये कर्म की आवश्यकता होती है, आप स्वयं अपने भाग्य विधाता हैं। इसलिए संयम के साथ परिश्रम करते रहिए, समय आने पर आपको सफलता अवश्य मिलेगी, परंतु हमें परिश्रम के दौरान कठिनाईयों से घबराकर धैर्य नहीं छोड़ना चाहिए। यह उद्बोधन चन्दौसी इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य नरेन्द्र कुमार ने विद्यालय प्रांगण में सभी छात्रों के समक्ष किया। यहां बताते चलें कि चन्दौसी इण्टर कॉलेज चन्दौसी के प्रधानाचार्य ने जब-जब विद्यालय का चार्ज संभाला है, तब-तब विद्यालय के बच्चों में नवीन ऊर्जा का संचार हुआ है। वर्ष 2014 से 2024 तक बच्चों ने लगातार प्रदेश स्तर, मंडल स्तर, जिला स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन किया है। बता दें कि यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 में चन्दौसी इण्टर कॉलेज के छात्र सुदर्शन ने इंटरमीडिएट में 96.40 प्रतिशत अंकों से संभल जिले में प्रथम स्थान के साथ-साथ प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त किया है। साथ ही चन्दौसी इण्टर कॉलेज के ही छात्र सुधांशु ने 93.20 प्रतिशत अंकों से संभल जिले में छठा स्थान प्राप्त किया है।





मंगलवार को विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर दोनों मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख डा0 सुगंधा सिंह द्वारा दोनों छात्रों का उत्सावर्धन उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। साथ ही विद्यालय की ओर सुदर्शन को प्रशस्तिपत्र, ट्रैक सूट, गोल्ड मेडल एवं 1100 रु0 नकद देकर सम्मानित किया गया तथा सुधांशु को सिल्वर मेडल, 500 रु0 नकद, प्रशस्तिपत्र, ट्रैक सूट देकर सम्मानित किया गया। साथ ही दोनों छात्रों के माता-पिता को भी मंच पर सम्मानित किया गया। ब्लाक प्रमुख डा0 सुगंधा सिंह ने कहा कि प्रत्येक छात्र जीवन में ही हमें अपना लक्ष्य निर्धारित कर लेना चाहिए कि भविष्य में क्या बनना है और उसी ट्रेक पर पूरी ऊर्जा लगा देनी चाहिए। साथ ही कभी भाग्य पर नहीं अपितु अपने परिश्रम पर विश्वास करना चाहिए। ब्लाक प्रमुख डा0 सुगंधा सिंह ने अपनी पृष्ठभूमि के बारे में नि:संकोच कहा कि मेरे नाना परिवार का खर्च कपड़ों पर प्रेस कर चलाते थे। जब पहली बार मेरी माताश्री गुलाबदेवी चन्दौसी के बीएमजी इण्टर कॉलेज में प्रवेश लेने पहुंची तो इतने पैसे नहीं थे कॉलेज की फीस जमा कर सकें। इसलिए उन्होंने एक वर्ष तक पैसे जमा कर अगले वर्ष स्कूल की फीस भरी और मेहनत से पढ़ाई की जिसके चलते वह उसी विद्यालय में शिक्षिका बनीं और अब उत्तरप्रदेश सरकार में राज्यमंत्री हैं। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों के पास अनेक सुविधाएं हैं जिनका उन्हें सदुपयोग करना चाहिए। उन्होंने वर्ष 2025 में बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्रों से कहा कि आपको भी अपने कॉलेज के सीनियर छात्र सुदर्शन एवं सुधांशु से प्रेरणा लेते हुए संयम के साथ मेहनत करनी चाहिए। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक बाबू ब्रजकिशोर, प्रधानाचार्य नरेन्द्र कुमार, मनोज वार्ष्णेय, के.पी. सिंह, डा0 वीना रानी, राशिद अली खान, मनोज टोपी, अयज वार्ष्णेय, संजय, राजेश कुमार, अमित के.एस. वार्ष्णेय, ओमप्रकाश, अंजू गुप्ता, जितेन्द्र, अश्विनी आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व सांसद सर्वेश सिंह का निधन पार्टी की अपूरणीय क्षति: डा.विजय चौहान

**कांठ( शाहटाइम्स )** भाजपा के पूर्व सांसद एवं मुरादाबाद लोकसभा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह के अचानक निधन होने से क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं को गहरा आघात लगा है। प्रकाश हॉस्पिटल नोएडा के अध्यक्ष एवं मैनेजिंग डायरेक्टर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ विजय सिंह चौहान ने अपने



समर्थकों के साथ गांव रतुपुरा में उनकी अंत्येष्ठी में पहुँचकर अपनी अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की उनके निधन को उन्होंने पार्टी की अपूरणीय क्षति बताया है लोगों का भारी हुजुम उनके प्रति लोगों के अथाह प्यार और सम्मान को प्रदर्शित कर रहा था वहाँ हर व्यक्ति दुखी और शांत था डॉ विजय सिंह चौहान ने परमपिता परमात्मा से प्रार्थना कि दिवंगत आत्मा को शांति देकर अपने श्री चरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिजनों को यह असीम दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। उल्लेखनीय है कि मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा का टिकट पाने के लिए डॉक्टर विजय सिंह चौहान ने भी आवेदन किया था और काफी समय से क्षेत्र में रहकर लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे उन्होंने कुंवर सर्वेश कुमार सिंह को प्रत्याशी बनाने के हाई कमान के फैसले का स्वागत भी किया था।

## द मिल्लत में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**कांठ( शाहटाइम्स )** दा मिल्लत स्कूल में सोमवार को बच्चों द्वारा पृथ्वी दिवस मनाया गया। सभी विद्यार्थियों ने इस उपलक्ष्य में कविताएं एवम् पोस्टर प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य पीयूष भारद्वाज ने अपने संबोधन में बच्चों को धरती के प्रति उनकी जिम्मेदारी की याद दिलाई और हमारे तेजी से खत्म हो रहे प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा और बचाव के बारे में बताया। पृथ्वी दिवस का उद्देश्य क्लाइमेट चेंज, ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण और जैवविविधता संरक्षण के प्रति लोगों का ध्यान आकर्षित करना है। स्कूल के सभी शिक्षकों ने पर्यावरण को अपनी ओर से संतुलित रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन स्कूल प्रांगण में किया गया।



## कक्षा एक व दो की सरकारी स्कूलों में नहीं आई किताबें

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई )।** नया शिक्षा सत्र शुरू हुए 22 दिन हो गए हैं लेकिन अभी तक परिषदीय विद्यालयों में कक्षा एक एवं दो की किताबें नहीं आई है हजारों बच्चे बिना किताबों के ही शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। अन्य कक्षाओं की किताबें तो आ गई है लेकिन अधिकांश विद्यालयों में उनका वितरण नहीं हो पाया है। शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले परिषदीय विद्यालयों में किताबें उपलब्ध कराने का सरकार का दावा फेल हो गया है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार ने नया शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले ही सभी स्कूलों में किताबें पहुंचने का दावा किया था लेकिन यह फेल हो गया है ब्लॉक संसाधन केंद्र पर अनेक कक्षाओं की किताबें तो पहुंच गई हैं लेकिन कक्षा एक एवं दो की किताबें 22 दिन बाद भी नहीं पहुंची हैं बच्चे बिना किताबों के ही शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं या कुछ बच्चे पुरानी किताबों से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि कक्षा 3-अंक जादू. हमारा, परिवेश रेनबो, संस्कृत, वर्कबुक-गणित ज्ञान, कक्षा-4. फुलवारी अंक जगत, संस्कृत सुधा, वाटिका, गणित ज्ञान, संस्कृत सुबोध वर्कबुक वाटिका कार्य पुस्तिका फुलवारी कार्य पुस्तिका, पंखुड़ी कार्य पुस्तिका, आदि किताबें पहुंच गई है लेकिन सभी विद्यालयों में उनका वितरण नहीं हो पाया है।

दो-चार दिन में वितरण हो जाएगा। कक्षा एक - गिनतारा, कलर व कक्षा 2 कि हिंदी, गिनतारा अभी तक नहीं आई है।

## अच्छे अंको से पास हुए छात्र छात्राओं का डीएसएम में सम्मान



**कांठ( शाहटाइम्स )** डीएसएम इंटर कॉलेज में अच्छे नंबरों से पास हुए छात्र-छात्राओं का कालिज में स्वागत किया गया बतादे कि हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट का परीक्षा फल घोषित किया गया जिसमें विज्ञान वर्ग में बायोलॉजी का 96 प्रतिशत गणित का 90प्रतिशत तथा मानविकी वर्ग का 89 प्रतिशत कृषि का 100 प्रतिशत रिजल्ट घोषित किया गया कृषि का 25 तथा हाईस्कूल का 81 प्रतिशत परिणाम रहा विद्यालय के टॉपर छात्रों में दिव्यांशु ने 88.8 सबसे ज्यादा अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। जबकि संदीप कुमार ने 81.1 मनोज कुमार ने 73 मुनिराज सिंह ने 73 नवाजिश 79 अनुज यादव 78 प्रिंस 77 मोहित 70 आजम 77 अनस 77 अंक प्राप्त कियें। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों आर राठौर, जैनो वर्मा प्रदीप कुमार रामसागर धन सिंह मदन गोपाल वीर सिंह चंद्रशेखर वर्मा पुनीत कुमार मसूद हुसैन नरेश कुमार राम अचल गौरव वर्मा अब्दुल्ला खान सत्यपाल सिंह कुलदीप कुमार विजेंद्र सिंह अनीता ममता हेतराम सिंह संजीव कुमार पुष्पेंद्र पाल ने छात्रों को शुभकामनाएं प्रदान की है।

## स्कूल न जाने वाले बच्चों का सर्वे करेंगे अध्यापक

**कांठ ( शाहटाइम्स )** नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत होने के साथ बच्चों के प्रवेश बढ़ाने की कोशिशें तेज कर दी गई हैं। शिक्षक बच्चों के घर-घर जाकर उनका पारिवारिक सर्वे कर रहे हैं। शिक्षकों को डाटा पोर्टल पर अपलोड करने के भी निर्देश दिए गए हैं। शिक्षक उन बच्चों के परिवार का सर्वे करेंगे, जो किन्हीं कारणों से स्कूल से दूर हो चुके हैं। साथ ही उन्हें जागरूक भी करेंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि परिषदीय स्कूलों में ज्यादा से ज्यादा नामांकन हों, इसके लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। स्कूलों को मॉडल स्वरूप में बदला जा रहा है। शासन ने परिवार सर्वेक्षण पूरा कर छात्र-छात्राओं का ब्योरा पोर्टल पर अपडेट करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षक ऐसे बच्चों की भी तलाश करेंगे, जो कुछ दिन स्कूल आने के बाद अचानक से आना बंद कर देते हैं।

ऐसे बच्चों का डाटा पोर्टल पर अपलोड करना होगा। स्कूल न जाने वाले बच्चों के अभिभावकों से मिलकर उनका दोबारा पंजीकरण कराते हुए स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक घर के अलावा ईंट भट्ठा, घरों में काम करने वाले श्रमिक, मजदूर वर्ग, बाहर से आकर जिले में रहने वाले परिवारों के पास भी जाएंगे और उन्हें शिक्षा का महत्व बताएंगे।

## समिति गठन को लेकर व्यापारियों ने की बैठक

**चन्दौसी।** नगर के बिसौली गेट स्थित धर्मशाला में व्यापारियों द्वारा बैठक की गई जिसमें सभी व्यापारियों द्वारा व्यापारी एकता का परिचय दिया गया। साथ ही पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापारियों के खिलाफ एकपक्षीय कार्यवाही के विरोध में सर्वसम्मति से व्यापारी संघर्ष समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया जिससे व्यापारी समाज के हितों की रक्षा हेतु कार्य किया जा सके।

साथ ही कहा गया कि 23 अप्रैल, मंगलवार को व्यापारी एकत्रित होकर जिलाधिकारी संभल मनीष बंसल एवं पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत के समक्ष अपनी बात रखेंगे जिससे कि किसी भी व्यापारी के साथ अन्याय नहीं हो। व्यापारियों का कहना है कि व्यापारी समाज को प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सम्मानपूर्ण न्याय मिलना चाहिए, इसके लिए अगर



सांकेतिक बाजार बंद करना पड़ा तो वह भी करेंगे। इस दौरान गोविंद गर्ग, राजीव वार्ष्णेय, ओमप्रकाश अग्रवाल गोगी, प्रेम ग्रोवर, हरिगा. पाल वार्ष्णेय, भुवनेश वार्ष्णेय, अंकुर अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, आमोद वार्ष्णेय, अरविंद गुप्ता एमडीएच, विपिन अग्रवाल चीनी, सुधीर अग्रवाल दाल वाले, जस्टि गुप्ता, अनु रतन, विवेक नागपुर, पूसी बाबा, अनुज वार्ष्णेय अन्नू, मुकेश ब्रेड, योगेश गोल्डन, सचिन रस्तोगी, चौधरी, निशांत वार्ष्णेय, दीपक डीएस, देवेंद्र गुप्ता मोनू, मनोज वार्ष्णेय, उमेश चंद, मोहित गुप्ता, अर्चित अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, अभिषेक वार्ष्णेय, रौनक लखानी, अनमोल अजंता, मुदित गर्ग, अमोल अग्रवाल, मनोज लाला, पराग अग्रवाल, सूचित अग्रवाल, साकेत अग्रवाल, राजीव हाजी, एड. प्रवीण गुप्ता, अंकित सक्सेना, केशव रस्तोगी, रवि शर्मा आदि व्यापारीगण मौजूद रहे।

## रोटरी एक्सीलेंस अवार्ड वितरण का हुआ आयोजन

**चन्दौसी।** रोटरी क्लब चन्दौसी द्वारा रोटरी वोकेशनल एक्सीलेंस अवार्ड एंड फेशीलिटेशन का आयोजन सीतारोड स्थित रोटरी सुंदरलाल नेत्र चिकित्सालय में किया गया। मुख्य अतिथि रो0 पायल शर्मा रहीं। रो0 डा0 एस.के. अग्रवाल, रो0 डा0 एच.पी. अग्रवाल, डा0 मूलचंद गौतम को रोटरी एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रो0 पायल गौर शर्मा ने रोटरी क्लब चंदौसी द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की। सभा में रोटेरियन सागर शर्मा, रो० अनुराग मित्तल, रो० राहुल अग्रवाल, रो० वीरेश अग्रवाल, रो० भुवनेश वार्ष्णेय एवं चंदौसी के अन्य रोटरी क्लब के अध्यक्ष और सचिव उपस्थित रहे। अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष रो0 चंद्रमोहन मल्होत्रा ने की। इस दौरान अंजू अग्रवाल, विजय कुमार, दिनेश, फुलप्रकाश, रितेश रस्तोगी, संतोष बंसल, नीरज अग्रवाल, ओमशंकर रस्तोगी, नीरज अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, विश्वास अग्रवाल, अभिषेक बंसल, विपुल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



## सड़क सुरक्षा पखवाड़ा हुआ शुरू, स्कूली वाहनों का कराया जाएगा फिटनेस

**कांठ ( शाह टाइम्स )** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए योगी सरकार गंभीरता से प्रयास कर रही है। इसको लेकर सीएम योगी ने परिवहन विभाग को सख्त दिशा निर्देश दिए हैं। परिवहन विभाग ने सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत कमी लाने के लिए कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत सभी जनपदों में 22 अप्रैल से 4 मई तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा

मनाया आएगा। ओवरसीडिंग,गग साइद ड्राइविंग, मोबाइल फोन का प्रयोग एवं ड्रंकन ड्राइविंग सड़क दुघर्टनाओं के प्रमुख कारण होते हैं। यह एक मैन मेड डिजास्टर है इसलिये इसमें कमी लाने के लिये अवेयरनेस बिल्ट करने की जरूरत है। यह एक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण मुद्दा है। स्कूली वाहनों का कराया जाए फिटनेस टेस्ट इसके अलावा परिवहन विभाग द्वारा सड़क पखवाड़ा के तहत प्रदेश के दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये

सभी स्कूली वाहनों का फिटनेस तथा वाहन चालकों के मेडिकल फिटनेस की जांच करायी जायेगी। सभी शिक्षण संस्थानों में प्रार्थना सभा में छात्रों को सड़क की जानकारी दी जायेगी एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कराया जायेगा।कॉमर्शियल चालकों हेतु हेल्थ कार्ड अनिवार्य रूप से जारी किये जायेंगे। ओवरलोडिंग को टास्क फोर्स द्वारा सोर्स प्वाइंट ही रोका जायेगा।प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत तक कमी लाने के लिए सीएम योगी ने परिवहन विभाग को सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

## गर्मी बढ़ते ही विद्युत लोड बढ़ा

**चन्दौसी।** जैसे-जैसे गर्मी का पारा बढ़ता जा रहा है। लोगों ने घरों में बिजली के पंखे एवं ए.सी. चालू हो गये हैं जिससे विद्युत उपकेन्द्र पर लोड बढ़ रहा है। इधर लोड बढ़ने के कारण विद्युत उपकरण गर्म हो रहे हैं। सोमवार को अधिशासी अभियन्ता अजय शुक्ला द्वारा आईटीआई के आसपास क्षेत्र में विद्युत चौकिंग अभियान चलाकर घरों के बाहर लगे मीटर को चौक किया। साथ ही जिन लोगों पर विद्युत बिल बकाया रह गये हैं, उन्हें जमा करने की अपील की गयी। साथ ही लोगों को गर्मी के चलते लोड बढ़वाने की सलाह दी।

## अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद सम्भल में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना चन्दौसी पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट में अभियुक्त फाजिल पुत्र अजीज कुरैशी नि0 मौ0 लक्ष्मणगंज थाना चन्दौसी जिला सम्भल को एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस के साथ उ0नि0 सुधीर कुमार द्वारा मय पुलिस टीम के गिरफ्तार किया गया।







## धूमधाम से निकाली गई बजरंगी यात्रा

**आकर्षण का केन्द्र रही बाबा बजरंगी की फूलडोल झांकी**

**चन्दौसी।** बजरंगी सनातन समूह (रजि.) द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर सीता रोड स्थित श्रीरघुनाथ आश्रम से भव्य बजरंगी यात्रा निकाली गई। बजरंगी यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख बनियाखेड़ा डा0 सुगंधा सिंह ने फीता काटकर किया। रघुनाथ आश्रम में बाबा बजरंगी के फूलडोल का पूजन हनुमान मंदिर महंत योगेश कुमार शर्मा ने मन्त्रोंचार के साथ संपन्न कराया। साथ ही पालिकाध्यक्षा लता वार्ष्णेय द्वारा बाबा बजरंगी के मुख्य रथ की महाआरती की गई। बजरंगी यात्रा सीता रोड स्थित रघुनाथ आश्रम से शुरू हुई जिसमें बजरंगी सनातन समूह का बैनर, ढोल-ताशे, माता काली का खेलता स्वरूप, भक्तिमय संगीत युक्त डीजे, बाहुबली हनुमान स्वरूप, वानर सेना तथा मुख्य रथ बाबा बजरंगी का फूलडोल सम्मिलित रहा। यात्रा में सभी बजरंगी भक्त भक्तिमय संगीत पर नाचते हुए प्रभु श्रीराम, बालाजी महाराज और बजरंगबली हनुमान के जयकारों का उद्घोष करते चल रहे थे। यात्रा का नगर में पुष्पवर्षा के साथ जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ और नगर के प्रमुख सामा. जिक संगठनों जैसे वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति आदि के द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर मुख्य रथ की महाआरती की गई। बजरंगी यात्रा रघुनाथ आश्रम सीता रोड से प्रारंभ होकर ब्रह्म बाजार, फड़याई बाजार, नमक मंडी, घंटाघर, बड़ा बाजार, पुरानी पेंठ, बिसौली गेट होकर रघुनाथ आश्रम पहुंचकर संपन्न हुई। बजरंगी सनातन समूह के अध्यक्ष विमल वार्ष्णेय ने कहा कि बजरंगी यात्रा को लगातार हनुमान भक्तों की भावनाओं को ध्यान में रखकर विस्तार दिया जा रहा है, जिसके अनुरूप सभी बजरंगी भक्त एवं समूह कार्यकर्ता मिलकर पूर्ण जोश के साथ यात्रा को निकालते हैं। बजरंगी सनातन समूह के संस्थापक चिराग वार्ष्णेय ने कहा कि सनातन परंपरा को बनाए रखने हेतू प्रत्येक हिंदू को प्रयास करना चाहिए क्योंकि प्रत्येक धार्मिक आयोजन हमें हिंदू होने का गर्व कराता है। शोभायात्रा में अग्रवाल, अमन अग्रवाल, अनुज वार्ष्णेय अन्नू, आकाश आहूजा, शुभम अग्रवाल, सौरभ वार्ष्णेय, अनमोल वार्ष्णेय, वर्ण वार्ष्णेय, मेहुल वार्ष्णेय, अग्रिम यादव, लकी वार्ष्णेय, वंश गोयल, अनमोल गौड़, अविरल वार्ष्णेय, अभिषेक वार्ष्णेय, निशांक वार्ष्णेय निक्कू, अमन रस्तोगी, आदित्य पाटिल, शिवांक अग्रवाल, आदित्य गुप्ता, पराग वार्ष्णेय, क्रांति कुमार, प्रियांशु वार्ष्णेय, तुषार अग्रवाल, अंशुल वार्ष्णेय, आकाश





विमल वार्ष्णेय, कार्तिक वार्ष्णेय, रितिक मिश्रा, हर्षित वार्ष्णेय, अभिनव वार्ष्णेय, चिराग वार्ष्णेय, शुभम वार्ष्णेय, विशाल कुमार, अंकित रस्तोगी, मयंक वार्ष्णेय, अनुभव श्रीवास्तव, प्रतीक वार्ष्णेय, हरिओम आदि मौजूद रहे।

## 12 ने पर्चे खरीदकर पांच ने कराया नामांकन

**कांठ( शाहटाइम्स )** तहसील बार चुनाव की शुरू हुई प्रक्रिया में आज पहले दिन 12 लोगों ने पर्चे खरीदे जिनमें पांच ने नामांकन कराया है तहसीलबार की नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई जिसमें अध्यक्ष के लिए मोहम्मद अयूब और हिमांशु बिश्नोई ने पर्चे खरीदे वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए चरण सिंह ढाका ने उपाध्यक्ष के लिए मोहम्मद अफसर महासचिव के लिए कमल कुमार विश्नोई, नन्हे खां और शीशराम सिंह सह सचिव प्रशासनिक शुभम बिश्नोई, सहसचिव पुस्तकालय महेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष वैभव बिश्नोई, भू प्रकाश और सदस्य कार्य कारिणी के लिए सुहेल खान ने पर्चे खरीदे इस तरह कुल 12 पर्चे खरीदे गए जबकि अध्यक्ष पद पर मोहम्मद अयूब, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर चरण सिंह ढाका, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मोहम्मद अफसर, महासचिव पद पर कमल कुमार व सदस्य कार्यकारिणी पद पर सुहेल खान ने नामांकन कराया है। इस मौके पर एल्डर कमेटी में शमशाद हुसैन, चौधरी गजेंद्र सिंह, महावीर सिंह, डॉक्टर विनीत नैन प्रदीप कुमार शहजाद रफी व दीपक कुमार बिश्नोई मौजूद रहे।



## लोगों को तपा रही गर्मी पड़ रहे लू के थपेड़े

**गाजियाबाद।** तेज धूप व लू के थपेड़ों के साथ बढ़ती गर्मी अप्रैल माह में जून की गर्मी का एहसास करा रही है। सुबह से ही तेज धूप में घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। रविवार को हल्के बादल भी तेज धूप में बेअसर रहे। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिन ऐसे ही गर्मी की मार झेलनी पड़ेगी। इस साल अप्रैल माह में गर्मी काफी ज्यादा पड़ रही है। सुबह से ही तेज धूप के साथ गर्म हवा चलने लगती है। जिससे गर्मी का एहसास ज्यादा होता है। दोपहर में लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। रविवार को जो लोग काम से घर से बाहर निकलते हैं वह भी धूप व गर्म हवा से बचाव करते दिखे। न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# चुनाव आयोग की परीक्षा

देश में लोकसभा के दूसरे चरण के चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार अपने चरम पर है। सत्ता पक्ष व विपक्ष अपने पक्ष में हवा बनाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं, लेकिन लगता है कि सत्ता की चाहत में अब नेतागण अपना आपा भी खोते दिखाई दे रहे हैं। औरों की तो बात छोड़िए स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी चुनाव रैली में इस तरह की बातें बोल गए जो उन्हें कहीं भी शोभा नहीं देती। रविवार को राजस्थान के बांसवाड़ा और सोमवार को यूपी के अलीगढ़ में उन्होंने सीधे तौर से यह कहकर मुस्लिमों पर हमला किया कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई, तो विपक्ष वाले बहुसंख्यक हिन्दुओं की संपत्ति एक संप्रदाय के हवाले कर देंगे। उन्होंने बांसवाड़ा में स्पष्ट कहा कि आपकी मेहनत की कमाई अधिक बच्चों वाले घुसपैठियों को दे देंगे, उन्होंने जनसमूह से यह भी कहा कि क्या ऐसा होना चाहिए। जाहिर है पहली बात तो यह है कि घुसपैठिया जैसा शब्द सभी मुस्लिमों के लिए प्रधानमंत्री पद पर बैठे व्यक्ति के लिए कहीं से भी शोभा नहीं देता। जाहिर है विपक्ष उनके इस भाषण को लेकर हमलावर हो गया है। कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को निर्वाचन आयोग पहुंच गया और उससे पीएम मोदी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी के नेतृत्व में पहुंचे एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग को भी कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि इस समय चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा हो गया है। देश के प्रधानमंत्री ने राजस्थान में जिस तरह का वक्तव्य दिया है वह आचार संहिता का उल्लंघन है। उन्होंने सूरत का भी जिक्र किया, यहां लोकसभा क्षेत्र में चुनाव से एक दिन पहले कांग्रेस के एकसाथ चार प्रस्तावक कहते हैं कि ये हस्ताक्षर हमारे नहीं हैं और लापता हो जाते हैं। सभी प्रत्याशी अपना नामांकन वापस ले लेते हैं। ऐसे में सूरत सीट का चुनाव स्थगित किया जाना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं होता और वहां निर्विरोध भाजपा का कैंडिडेट जीत जाता है। ऐसी ही बात कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी कह रहे हैं और वह प्रधानमंत्री से मिलने का समय मांग रहे हैं, ताकि वह उनको कांग्रेस का मैनुफेस्टो समझा सकें। खड़गे ने कहा कि उनसे मिलकर उन्हें मैनुफेस्टो समझाना है। इसका कारण यह है कि भाजपा नेता कांग्रेस मैनुफेस्टो को मुस्लिम लोगों का मैनुफेस्टो बता रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या चुनाव आयोग ने पीएम मोदी को झूठ बोलने की अनुमति दी है। जब चुनाव आयोग हर बात पर हस्तक्षेप करता है, तो इस मुद्दे पर खामोश क्यों है। आयोग को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित कराना चाहिए। निश्चित रूप से राजनीति में आरोप–प्रत्यारोप एक सामान्य बात है, लेकिन सरकार में बैठे लोगों की अपनी विश्वसनीयता होती है। पदों की गरिमा का सम्मान बेहद जरूरी होता है, इसलिए कहा भी जाता है कि सरकार किसी पार्टी की नहीं, बल्कि वह सब लोगों की होती है।

## दो साल में नक्सलवाद को उखाड़ कर फेंक देंगे



जब तक नक्सलवाद है, तब तक सुख सुविधाएं नहीं पहुंच सकतीं और नक्सलवादी अगर आत्मसमर्पण करने के लिए ना समझे, तो वे जान लें कि दो साल में नक्सलवाद को उखाड़ फेंक दिया जाएगा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है, जिससे भारत दुनिया में तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाए, पिछले दस साल में देश में बड़ा परिवर्तन हुआ है, कांग्रेस को राम मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर निमंत्रण पत्र भेजा गया, लेकिन वे राम के दरबार में नहीं आए, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कहते हैं कि कश्मीर का बाकी राज्यों से क्या लेना देना, प्रधानमंत्री मोदी ने जैसे आतंकवाद को समाप्त किया, वैसे ही नक्सलवाद के समाप्त कर रहे हैं, पिछले चार महीने में 90 से ज्यादा नक्सली मारे गए और 250 ने आत्मसमर्पण किया।

**–अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

# लोकतंत्र अभी और परिपक्व हो





विनीत नारायण

अभी आम चुनाव का प्रथम चरण ही पूरा हुआ है पर ऐसा नहीं लगता कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव जैसी कोई महत्वपूर्ण घटना घट रही है। चारों ओर एक अजीब सन्नाटा है। न तो गांव, कस्बों और शहरों में राजनैतिक दलों के होर्डिंग और पोस्टर दिखाई दे रहे हैं और न ही लाऊडस्पीकर पर वोट मांगने वालों का शोर सुनाई दे रहा है, चाय के ढाबों और पान की दुकानों पर अक्सर जमा होने वाली भीड़ भी खामोश है।

जबकि पहले चुनावों में ए शहर के वो स्थान होते थे जहां से मतदाताओं की नब्ज पकड़ना आसान होता था। आज मतदाता खामोश है। इसका क्या कारण हो सकता है। या तो मतदाता तय कर चुके हैं कि उन्हें किसे वोट देना है पर अपने मन की बात को जुबान पर नहीं लाना चाहते। क्योंकि उन्हें इसके सम्भावित दुष्परिणामों का खतरा नजर आता है। ए हमारे लोकतंत्र के स्वस्थ के लिए अच्छा लक्षण नहीं है। जनसंवाद के कई लाभ होते हैं। एक तो जनता की बात नेता तक पहुंचती है दूसरा ऐसे संवादों से जनता जागरूक होती है। अलबत्ता शासन में जो दल बैठा होता है वो कभी नहीं चाहता कि उसकी नीतियों पर खुली चर्चा हो। इससे माहौल बिगड़ने का खतरा रहता है। हर शासक यही चाहता है कि उसकी उपलब्धियों को बढ़ा–चढ़ाकर मतदाता के सामने पेश किया जाए। इंदि. रा गांधी से नरेन्द्र मोदी तक कोई भी इस मानसिकता का अपवाद नहीं रहा है।

आमतौर पर यह माना जाता था कि मीडिया सचेतक की भूमिका निभाएगा। पर मीडिया को भी खरीदने और नियंत्रित करने पर हर राजनैतिक दल अपनी हैसियत से ज्यादा खर्च करता है। जिससे उसका प्रचार होता रहे। पत्रकारिता में इस मानसिकता के जो अपवाद होते हैं वे यथा संभव निष्पक्ष रहने का प्रयास करते हैं। ताकि परिस्थितियों और समस्याओं का सही मूल्यांकन हो सके। पर इनकी पहुंच बहुत सीमित होती है, जैसा आज हो रहा है। ऐसे में मतदाता तक सही सूचनाएं नहीं पहुंच पातीं। अधूरी जानकारी से जो निर्णय लिए जाते हैं वो मतदाता, समाज और देश के हित में नहीं होते। जिससे लोकतंत्र कमजोर होता है।

सब मानते हैं कि किसी भी देश में लोकतान्त्रिक व्यवस्था ही सबसे अच्छी होती है क्योंकि इसमें समाज के हर वर्ग को अपनी सरकार चुनने का मौका मिलता है। इस शासन प्रणाली के अन्तर्गत आम आदमी को अपनी इच्छा से चुनाव में खड़े हुए किसी भी प्रत्याशी को वोट देकर अपना प्रतिनिधि चुनने का अधिकार होता है। इस तरह चुने गए प्रतिनिधियों से विधायिका बनती है। एक अच्छा लोकतन्त्र वह है जिसमें राजनीतिक और सामाजिक न्याय के साथ–साथ आर्थिक न्याय की व्यवस्था भी है। देश में यह शासन प्रणाली लोगों को सामाजिक, राजनीतिक तथा धार्मिक स्वतन्त्रता प्रदान करती हैं।

आज भारत में जो परिस्थिति है उसमें जनता भ्रमित है। उसे अपनी बुनियादी समस्याओं की चिंता है पर उसके एक हिस्से के दिमाग में भाजपा और संघ के कार्यकर्ताओं ने ए बैठा दिया है कि नरेन्द्र मोदी अब तक के सबसे श्रेष्ठ और ईमानदार प्रधानमंत्री हैं इसलिए वे तीसरी बार फिर जीतकर आएंगे। जबकि जमीनी हकीकत अभी अस्पष्ट है। क्षेत्रीय दलों के नेता काफी तेजी से अपने इलाके के मतदाताओं पर पकड़ बना रहे हैं। और उन सवालों को उठा रहे हैं जिनसे देश का किसान, मजदूर और नौजवान चिंतित है। इसलिए उनके प्रति आम जनता की अपेक्षाएं बढ़ी हैं इसलिए 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं की रैलियों में भरी भीड़ आ रही है। जबकि भाजपा की रैलियों का रंग फीका है। हालांकि चुनाव की हवा मतदान के 24 घंटे पहले भी पलट जाती है इसलिए कुछ कहा नहीं जा सकता।

70 के दशक में हुए जयप्रकाश आन्दोलन के बाद से किसी भी राजनैतिक दल ने आम मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महापर्व के लिए प्रशिक्षित नहीं किया है, जबकि अगर ऐसा किया होता तो इन दलों को चुनाव के पहले मतदाताओं को खैरात बांटने और उनके सामने लम्बे चौड़े झूठे वायदे करने की नौबत नहीं आती। हर दल का अपना एक समर्पित काडर होता। जबकि आज काडर के नाम पर पैसा देकर कार्यकर्ता जुटाए जाते हैं या वे लोग सक्रिय होते हैं जिन्हें सत्ता मिलने के बाद सत्ता की दलाली करने के अवसरों की तलाश होती है। ऐसे किराए के कार्यकर्ताओं और विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता का अभाव ही दल बदल का मुख्य कारण है। इससे राजनेताओं की और उनके दलों की साख तेजी से गिरी है। एक दृष्टि से इसे लोकतंत्र के पतन का प्रमाण माना जा सकता है। हालांकि दूसरी ओर यह मानने वालों की भी कमी नहीं है कि इन सब आंधियों को झेलने के बावजूद भारत का लोकतंत्र मजबूत हुआ है। उसके करोड़ों आम मतदाताओं ने बार–बार राजनैतिक परिपक्वता का परिचय दिया है। जब उसने बिना शोर मचाए अपने मत के जोर पर कई बार सत्ता परिवर्तन किए हैं। मतदाता की राजनैतिक परिपक्वता का एक और प्रमाण ए है की अब निर्दलीय उम्मीदवारों का प्रभाव लगभग समाप्त हो चला है।

1951 के आम चुनावों में 6 प्रतिशत निर्दलीय उम्मीदवार जीते थे जबकि 2019 के चुनाव में इनकी संख्या घटकर मात्र 0.11 प्रतिशत रह गई। स्पष्ट है कि मतदाता ऐसे उम्मीदवारों के हाथ मजबूत नहीं करना चाहता जो अल्पमत की सरकारों से मोटी रकम ऐंठकर समर्थन देते हैं। मतदाताओं की अपेक्षा और विश्वास संगठित दलों और नेताओं के प्रति है यदि वे अपने कर्तव्य का सही पालन करें तो। इसलिए हमें निराश नहीं होना है। हमारी कोशिश होनी चाहिए कि हमारे परिवार और समाज में राजनीति के प्रति समझ बढ़े और हर मतदाता अपने मत का प्रयोग सोच समझकर करे। कोई नेता या दल मतदाता को भेड़–बकरी समझकर हांकने की जुर्रत न करे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बारिश और नमी से ऊर्जा का उत्पादन

**इस तकनीक की मदद से हाल ही में, थोड़े समय के लिए ही सही लेकिन बूंदों की बौछारों से 1200 वोल्ट तक बिजली उत्पन्न की गई जो एलईडी डायोड के टिमटिमाने लिए पर्याप्त थी। इसके अलावा वाष्पीकरण में भी बिजली उत्पादन की क्षमता होती है। हांगकांग पॉलिटेक्निक यूनिवर्सिटी के मेके. निकल इंजीनियर जुआंकाई वांग ने ड्रिंकिंग बर्ड नामक खिलौने से इसका प्रदर्शन किया। यह खिलौना एक झूलती चिड़िया होती है। इसकी अवशोषक चोंच को पानी में डुबोया जाता है तो यह डोलने लगती है। इसके वापस सीधा होने के बाद, पानी वाष्पित होता है और इसके सिर को ठंडा कर देता है। दबाव में आई कमी के कारण एक अन्य द्रव सिर में पहुंच जाता है और दोलन फिर शुरू हो जाता है।**

हाल ही वैज्ञानिकों ने वर्षा बूंदों और नमी की मदद से ऊर्जा उत्पादन की एक अभूतपूर्व हरित तकनीक विकसित की है। मैसाचुसेट्स एमहर्स्ट विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञानी जून याओ और उनकी टीम ने एक ऐसी सरंध्र फिल्म विक. सित की है जो जलवाष्प में प्राकृतिक रूप से मौजूद आवेशों को विद्युत धारा में परिवर्तित कर सकती है। वर्तमान में यह फिल्में डाक टिकटों के आकार की हैं और अल्प मात्रा में ही विद्युत उत्पन्न करती हैं, लेकिन उम्मीद है कि भविष्य में इन्हें बड़ा करके सौर पैनलों की तरह लगाया जा सकेगा। इस तकनीक को हाइड्रोवोल्टेइक कहते हैं। और दुनियाभर के कई समूह नवीन हाइड्रोवोल्टेइक उपकरणों पर काम कर रहे हैं जिससे वाष्पीकरण, वर्षा और मामूली जलप्रवाह की ऊर्जा को विद्युत में बदल जा सकता है। नमी की निरंतर उपलब्धता हाइड्रवोल्टेइक को खास तौर से उपयोगी बनाती है। रुक–रुक कर मिलने वाली पवन और सौर ऊर्जा के विपरीत, वातावरण में नमी की निरंतर उपस्थिति एक सतत ऊर्जा स्रोत प्रदान करती है। वैसे तो मनुष्य प्राचीन समय से पनचक्कियों से लेकर आधुनिक जलविद्युत बांधों तक, ऊर्जा के लिए बहते पानी का उपयोग करते आए हैं। लेकिन हाइड्रोवोल्टेइक्स पदार्थों के साथ पानी की अंतर्क्रिया पर आधारित है। शोधकर्ताओं ने देखा था कि आवेशित सतहों से टकराने वाली बूंदों या बहते पानी से छोटे–छोटे वोल्टेज स्पाइक्स उत्पन्न होते हैं। इस तकनीक की मदद से हाल ही में, थोड़े समय के लिए ही सही लेकिन बूंदों की बौछारों से 1200 वोल्ट तक बिजली उत्पन्न की गई जो एलईडी डायोड के टिमटिमाने लिए पर्याप्त थी। इसके अलावा वाष्पीकरण में भी बिजली उत्पादन की क्षमता होती है। हांगकांग पॉलिटेक्निक यूनिवर्सिटी के मेकेनिकल इंजीनियर जुआंकाई वांग ने ड्रिंकिंग बर्ड नामक खिलौने से इसका प्रदर्शन किया। यह खिलौना एक झूलती चिड़िया होती है। इसकी अवशोषक चोंच को पानी में डुबोया जाता है तो यह डोलने लगती है। इसके वापस सीधा होने के बाद, पानी वाष्पित होता है और इसके सिर को ठंडा कर देता है।



दबाव में आई कमी के कारण एक अन्य द्रव सिर में पहुंच जाता है और दोलन फिर शुरू हो जाता है। इस गति का उपयोग ट्राइबोइलेक्ट्रिक जनरेटर की मदद से बिजली उत्पन्न करने के लिए किया जाता है। इससे पहले याओ ने पिछले वर्ष हवा में उपस्थित पानी के अणुओं से विद्युत आवेशों को पकड़ने के लिए एक वायु जनरेटर भी तैयार किया था। इस जनरेटर में नैनो–रंध्रों वाली एक पतली चादर का उपयोग किया गया था। वर्तमान में इस जनरेटर से उत्पादन चंद माइक्रोवॉट प्रति वर्ग सेंटीमीटर के आसपास ही है, लेकिन याओ का विचार है कि कई परतों का उपयोग करके इस जनरेटर को एक 3 डी डिवाइस में बदल सकते हैं जो हवा से निरंतर बिजली कैप्चर करने में सक्षम हो सकता है। इसके अलावा जटिल नैनो संरचना आधारित लकड़ी का उपयोग एक अन्य हाइड्रोवोल्टेइक प्रणाली विकसित करने के लिए किया गया है। शोधकर्ताओं के अनुसार इस लकड़ी के टुकड़े को पानी पर रखकर और उसकी ऊपरी सतह को हवा के संपर्क में लाकर बिजली पैदा की जा सकती है। ऊपर की ओर से वाष्पीकरण लकड़ी के चौनलों के माध्यम से अधिक पानी और आयन खींचता है, जिससे एक छोटी लेकिन स्थिर विद्युत धारा उत्पन्न होती है। शोधकर्ताओं ने लकड़ी में सोडियम हाइड्रॉक्साइड का उपयोग किया जिससे उत्पादन दस गुना तक बढ़ा। आयरन ऑक्साइड नैनोकणों को शामिल करने से, बिजली उत्पादन 52 माइक्रोवॉट प्रति वर्ग मीटर तक पहुंच गया जो प्राकृतिक लकड़ी की तुलना में बेहतर है। फिलहाल इन उपकरणों की ऊर्जा उत्पादन दरें काफी कम हैं। तुलना के लिए सिलिकॉन सौर पैनल की क्षमता 200 से 300 वॉट प्रति वर्ग मीटर होती है। लेकिन हाइड्रोवोल्टेइक्स अभी शुरुआती दौर में है। और अधिक अध्ययन होगा तो हरित ऊर्जा के क्षेत्र में हाइड्रोवोल्टेइक्स एक आशाजनक प्रणाली साबित हो सकती है।

**(स्रोत फीचर्स)**

# क्या साफ आकाश धरती को गर्म करता है!

वर्ष 2023 अब तक का सबसे गर्म वर्ष रिकॉर्ड किया गया है। यह वैश्विक तापमान में तेजी से हो रही वृद्धि का संकेत है। कम्युनिकेशंस अर्थ एंड एनवॉयरनमेंट में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन से पता चलता है कि इस तेजी से बढ़ती गर्मी का एक प्रमुख कारक पृथ्वी का साफ होता आसमान है। इसके चलते सूर्य की अधिक रोशनी वातावरण में प्रवेश करके तापमान में वृद्धि करती है। नासा का क्लाउड्स एंड दी अर्थ्स रेडिएंट एनर्जी सिस्टम CERES वर्ष 2001 से पृथ्वी के ऊर्जा संतुलन की निगरानी कर रहा है। CERES ने पृथ्वी द्वारा अवशोषित सौर ऊर्जा की मात्रा में काफी वृद्धि देखी है। इसकी व्याख्या मात्र ग्रीन हाउस गैसों के आधार पर नहीं की जा सकती। एक कारण यह हो सकता है कि वायुमंडल कम परावर्तक हो गया है।

शायद वर्ष 2001 और 2019 के बीच बिजली संयंत्रों से प्रदूषण में कमी और स्वच्छ ईंधन के उपयोग से हवा ज्यादा पारदर्शी हो गई है। अध्ययन का अनुमान है कि इससे वार्मिंग में 40 प्रतिशत की अतिरिक्त वृद्धि हुई है। जलवायु वैज्ञानिक काफी समय से जानते हैं कि घटते प्रदूषण के कारण धरती के तापमान में वृद्धि हो सकती है।

वजह यह मानी जाती है कि प्रदूषण के कण न केवल प्रकाश को अंतरिक्ष में परावर्तित कर देते हैं, बल्कि उनके कारण बादलों में ज्यादा जल कण बनते हैं जिससे बादल अधिक चमकीले और टिकाऊ होते हैं। गौरतलब है कि दो साल पूर्व एरोसोल में वैश्विक स्तर पर भारी गिरावट देखी गई थी। लेकिन वर्तमान अध्ययन में प्रयुक्त जलवायु मॉडल्स ने प्रदूषण में इस कमी को वार्मिंग के लिए जिम्मेदार ठहराया है। अलबत्ता, साफ आसमान परावर्तन में गिरावट का एकमात्र कारण नहीं हो सकता। CERES के मॉडल्स प्रकाश के अतिरिक्त अवशोषण में से 40 प्रतिशत की व्याख्या नहीं कर पाए हैं। इसके अलावा, CERES डैटा ने दोनों गोलार्धों में परावर्तन में गिरावट दर्शाई है, जबकि प्रदूषण में कमी उत्तरी गोलार्ध में अधिक हुई है। इसके अलावा, बर्फ के पिघलने से उसके नीचे की गहरे रंग की जमीन उजागर हो जाती है, अधिक तापमान के कारण समुद्र के ऊपर के बादल छितर जाते हैं और अपेक्षाकृत गहरे रंग का पानी उजागर हो जाता है। ऐसे कई कारक पृथ्वी की परावर्तनशीलता घटाने में योगदान दे सकते हैं। इस सब बातों के मद्देनजर, हो सकता है कि यह मॉडल्स प्रदूषण में कमी के असर को बढ़ा–चढ़ाकर बता रहे हैं।

ग्लोबल वार्मिंग एक नाजुक ऊर्जा संतुलन पर टिका है। सूरज लगातार पृथ्वी पर ऊर्जा की बौछार करता है। इसमें से काफी सारी ऊर्जा को परावर्तित कर दिया जाता है और कुछ परावर्तित ऊर्जा को वायुमंडल रोक लेता है। यदि वायुमंडल थोड़ी भी अधिक गर्मी को रोके या सूर्य के प्रकाश को थोड़ा कम परावर्तित करे, तो तापमान बढ़ सकता है। कई दशकों से आपतित ऊर्जा और परावर्तित ऊर्जा का यह संतुलन गड़बड़ाया हुआ है। नॉर्वे के सेंटर फॉर इंटरनेशनल क्लायमेट रिसर्च के मॉडलर ओइविन होडनेब्रोग की टीम ने चार जलवायु मॉडलों की तुलना करके ऊर्जा के बढ़ते अवशोषण के कारणों की पहचान करने की कोशिश की है। इस अध्ययन के अनुसार एरोसोल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। चीन और भारत

**ग्लोबल वार्मिंग एक नाजुक ऊर्जा संतुलन पर टिका है। सूरज लगातार पृथ्वी पर ऊर्जा की बौछार करता है। इसमें से काफी सारी ऊर्जा को परावर्तित कर दिया जाता है और कुछ परावर्तित ऊर्जा को वायुमंडल रोक लेता है। यदि वायुमंडल थोड़ी भी अधिक गर्मी को रोके या सूर्य के प्रकाश को थोड़ा कम परावर्तित करे, तो तापमान बढ़ सकता है।**

जैसे देशों में सख्त प्रदूषण नियंत्रण के चलते एयरोसोल में कमी क्षेत्रीय मौसम के पैटर्न को प्रभावित करेगी। अध्ययन में यह भी बताया गया है कि जलवायु पर वायु प्रदूषण में कमी का प्रभाव प्रकट होने में कई दशक लग सकते हैं। थोड़ा–सा एरोसोल भी बादल को चमकीला और परावर्तक बनाने के लिए काफी होता है। यानी प्रदूषित क्षेत्रों में, बादलों की परावर्तनशीलता तब तक कम नहीं होगी, जब तक कि आसमान काफी हद तक साफ न हो जाए।

एक चिंता डैटा की निरंतरता को लेकर भी है। पुराने एक्वा और टेरा उपग्रहों के उपकरण अपने जीवन के अंत के करीब हैं। ऐसा लगता है कि अगली पीढ़ी के उपग्रह, लाइबेरा, के 2028 में लॉन्च होने तक केवल एक उपकरण ही सक्रिय रहेगा। यह संभावित अंतराल जलवायु अनुसंधान के लिए एक गंभीर समस्या बन



सकता है। देखने में तो साफ आकाश सकारात्मक पर्यावरणीय परिवर्तन लगता है, लेकिन वास्तव में यह ग्लोबल वार्मिंग में तेजी से योगदान दे रहा है। बढ़ते जलवायु संकट से निपटने के लिए पृथ्वी की ऊर्जा प्रणाली के जटिल संतुलन को समझना और संबोधित करना महत्वपूर्ण है।

**(स्रोत फीचर्स)**

# ईरानी राष्ट्रपति का पाक में रेड कार्पेट वेलकम

## जिन्ना के मकबरे पर जाएंगे, अमेरिका के खिलाफ जाकर गैस-पाइप लाइन डील की संभावना

**इस्लामाबाद, वार्ता**

**ईरान** और इजरायल में चल रहे तनाव के बीच सोमवार, को ईरान के राष्ट्रपति सैय्यद इब्राहिम रईसी पाकिस्तान पहुंचे। यहां उनका रेड कार्पेट के साथ स्वागत किया गया।

उन्हें इस्लामाबाद एयरपोर्ट पर हाउसिंग मिनिस्टर मियां रियाज हुसैन पीरजादा और ईरान में पाकिस्तान के राजदूत मुदस्सर टीपू ने रिसीव किया। यह किसी ईरानी राष्ट्रपति का सात साल बाद पहला पाकिस्तान दौरा है। इस दौरे में ईरानी राष्ट्रपति पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और सेना प्रमुख आसिम मुनीर से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा वे कई राज्यों के मुख्यमंत्री, बिजनेसमैन और कई अधिकारियों से भी मिलेंगे।

इससे पहले जनवरी में दोनों देशों के बीच तनाव की स्थिति पैदा हुई थी, जब दोनों ने एक दूसरे पर किए हमलों को 'आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई' बताया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरानी राष्ट्रपति के पाकिस्तान दौरे का मुख्य एजेंडा दोनों देशों के बीच संबंधों को सुधारना है। ईरान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज ज़हरा बलूच के मुताबिक ईरानी राष्ट्रपति के साथ उनकी पत्नी, उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल और एक बिजनेस डेलिगेशन भी पाकिस्तान की यात्रा पर है। यात्रा के दौरान दोनों पक्षों में व्यापार, कनेक्टिविटी, ऊर्जा, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के ऊपर बातचीत होगी। दोनों पक्षों के नेता आतंकवाद से निपटने के लिए द्विपक्षीय सहयोग पर भी चर्चा करेंगे। ईरान के राष्ट्रपति रईसी के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय में लंच का आयोजन भी किया गया है। यहां सबसे पहले दोनों नेता अर्थ डे के मौके पर पेड़ लगाएंगे। ईरानी राष्ट्रपति को प्रधानमंत्री के आवास पर गार्ड आफ आनर भी दिया जाएगा। इसके बाद दोनों देशों के बीच डेलिगेशन लेवल बातचीत होगी, जिसमें कई क्षेत्रों के एमओयू साइन किए जाएंगे। राष्ट्रपति कार्यालय में भी ईरान के राष्ट्रपति रईसी के लिए भोज का आयोजन किया गया है। पाकिस्तान की अपनी हाई-प्रोफाइल यात्रा के दौरान रईसी लाहौर और कराची भी जाएंगे। यहां वे पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना के मकबरे पर जाएंगे और उन्हें श्रद्धांजलि देंगे।

बुधवार को ही रईसी तेहरान लौट जाएंगे। ईरानी राष्ट्रपति की हाई-प्रोफाइल यात्रा के चलते लोकल अधिकारी हाई अलर्ट पर हैं और 23 अप्रैल को कराची में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। पाकिस्तान का पाइपलाइन प्रोजेक्ट पर मुहर लगेगी पाकिस्तान ईरानी राष्ट्रपति की मेजबानी करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। इसके पीछे एक गैस पाइप लाइन डील की सबसे ज्यादा चर्चा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों देश अमेरिका के विरोध के बावजूद डील आगे बढ़ा सकते हैं। दरअसल, ईरान और पाकिस्तान के बीच गैस पाइपलाइन को लेकर 2013 में एक एग्रीमेंट साइन हुआ था। उस समय तत्कालीन राष्ट्रपति आसिफ़ अली ज़रदारी ने ईरान में इसका उद्घाटन किया था। हालांकि, अमेरिका की आपत्ति के चलते नवाज शरीफ और इमरान खान की सरकारों के दौरान प्रोजेक्ट पर कुछ काम नहीं हुआ। 8 महीने पहले खबर आई थी कि अमेरिकी दबाव के चलते पाकिस्तान, ईरान के साथ गैस पाइप लाइन प्रोजेक्ट को छोड़ने वाला है। जबकि इस प्रोजेक्ट से पाकिस्तान को सस्ते दाम पर बिजली हासिल होने वाली थी। वायस आफ अमेरिका की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान की गैस पाइपलाइन के जरिए पाकिस्तान को प्रति दिन 750 मिलियन क्यूबिक फीट की गैस मिलती। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान ने इसे छोड़ने के लिए ईरान को एक नोटिस जारी कर दिया था। इसमें बताया गया है था कि पाकिस्तान इस प्रोजेक्ट को तब तक आगे नहीं बढ़ा सकता है जब तक उस पर अमेरिका की पाबंदियां लगी हैं। ईरान से इस डील को लेकर अमेरिका की नाराजगी से बचने के लिए मार्च 2023 में पाकिस्तान ने एक डेलीगेशन वाशिंगटन भेजा था। इसका मकसद अमेरिका से प्रोजेक्ट आगे बढ़ाने के लिए छूट मांगना था। ताकि वो ईरान के चलते उन पर कोई पाबंदी न लगा दे।



- पीएम शहबाज शरीफ राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और सेना प्रमुख आसिम मुनीर से मुलाकात करेंगे
- कई राज्यों के मुख्यमंत्री बिजनेसमैन और कई अधिकारियों से भी मिलेंगे सैय्यद इब्राहिम रईसी



**अनंतनाग। लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए एक रोड शो के दौरान डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के प्रमुख गुलाम नबी आजाद।**

## न्यूजीलैंड देगा इथियोपिया, सोमालिया को मानवीय सहायता

**वेलिंगटन।** इथियोपिया और सोमालिया में गंभीर खाद्य असुरक्षा और अन्य तत्काल मानवीय जरूरतों से प्रभावित समुदायों की सहायता के लिए न्यूजीलैंड 70 लाख न्यूजीलैंड डॉलर (41.4 लाख अमेरिकी डॉलर) का योगदान दे रहा है। विदेश मंत्री विस्टन पीटर्स ने सोमवार को कहा कि न्यूजीलैंड संघर्ष के साथ-साथ जलवायु संबंधी प्रभावों और बीमारी के प्रकोप सहित अन्य अतिव्यापी संकटों से प्रभावित दोनों इथोपिया और सोमालिया दोनों देशों के लोगों को लेकर काफी चिंतित है। न्यूज़ीलैंड के उप-प्रधानमंत्री पीटर्स ने कहा कि पूरे इथियोपिया में 2.1 करोड़ से अधिक लोगों को मानवीय सहायता की आवश्यकता है, सोमालिया में 69 लाख लोगों को मानवीय सहायता की जरुरत है। उन्होंने कहा कि तत्काल जरूरतों को पूरा करने में मदद के लिए न्यूजीलैंड रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति (आईसीआरसी), संयुक्त राष्ट्र के इथियोपिया मानवतावादी कोष और न्यूजीलैंड आपदा प्रतिक्रिया साझेदारी के तहत न्यूजीलैंड के गैर-सरकारी संगठनों के साथ साझेदारी कर रहा है।

# इजरायली मिलिट्री इंटेलिजेंस चीफ ने दिया इस्तीफा

## हमास के हमले को नाकाम न कर पाने की जिम्मेदारी ली, विपक्ष ने कहाः नेतन्याहू भी पद छोड़ें

**तेल अवीव/ बेरूत, वार्ता**

**इजरायली** सेना के खुफिया विभाग के चीफ मेजर जनरल अहरोन हलीवा ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने 7 अक्टूबर को हुए हमास के हमले को नाकाम न कर पाने की जिम्मेदारी लेते हुए अपना पद छोड़ा है। वे पहले सीनियर आफिसर हैं, जिन्होंने हमले को नाकाम न कर पाने की जिम्मेदारी लेते हुए पद से इस्तीफा दिया है। सेना ने अहरोन हलीवा के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है। मेजर हलीवा ने सेना को दिए इस्तीफे में लिखा है, 7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजरायल पर घातक हमला किया था।

उस हमले का पता लगाने में मेरे नेतृत्व में काम कर रही टीम नाकाम रही। तभी से मैं सीने में दर्द लेकर जी रहा हूं। इसलिए मैंने फैसला किया है कि मैं अपने पद से इस्तीफा दूंगा। हमास ने 7 अक्टूबर को इजरायल पर 5 हजार से ज्यादा मिसाइल्स और ड्रोन्स से हमला किया था। इस हमले में इजरायल के मुताबिक 1 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। वहीं हमास ने 250 से ज्यादा लोगों को बंदी बना लिया था। यह हमला पिछले कुछ इजरायल पर अब तक हुए सबसे बड़े हमलों से एक था, जिसे रोकने में इजरायली सेना नाकाम रही थी।

हमास ने इजरायल के नोवा म्युजिक फेस्टिवेल के वेन्यू को 3 तरफ से घेर लिया था। इसके बाद लोगों के पास भागने के लिए सिर्फ एक ही दिशा थी,वहां से लगातार फायरिंग हो रही थी। इजरायल के विपक्षी दल के नेता याइर लैपिड ने भी पीएम नेतन्याहू से हमास के खिलाफ युद्ध के अंत का इंतजार किए बिना 'तुरंत' पद छोड़ने की मांग की है।

लैपिड ने कहा है कि अक्टूबर 7 के हमले के बाद लोगों ने नेतन्याहू पर विश्वास खो दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मेजर हलीवा के बाद कई और सीनियर अधिकारी हमले को नाकाम न कर पाने की जिम्मेदारी लेते हुए अपना पद छोड़ने की पेशकश कर सकते हैं। हलीवा ने ये भी कहा है कि वो इंटेलिजेंस में हुई चूक पर हो रही जांच में सहयोग करेंगे। दूसरी तरफ, इजरायली सेना ने भी मेजर हलीवा के इस्तीफे पर बयान जारी किया है। सेना ने कहा है कि मेजर हलीवा अगला इंटेलिजेंस चीफ चुने जाने तक अपने पद पर बने रहेंगे। सेना अब तक दी गई मेजर की सेवाओं के लिए उनको धन्यवाद देती है। हमास ने 5000 से ज्यादा राकेट्स और लान्चर्स से इजरायल पर हमला किया था। हमास की तरफ दागे गए कई राकेट इजरायल के अश्कलोन शहर में गिरे। यहां पार्किंग लाट में खड़ी गाड़ियां जलकर खाक हो गईं। हमास के लड़ाकों ने इजरायल बार्डर पर लगी फेंसिंग तोड़कर घुसपैठ की थी।

हमास के लड़ाकों ने इजरायल बार्डर पर लगी फेंसिंग तोड़कर घुसपैठ की थी। इजरायल में हमास के हमले के बाद नेतन्याहू ने जंग की घोषणा कर दी थी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजरायल जाकर नेतन्याहू से मुलाकात कर हमास के खिलाफ लड़ाई में उनका साथ देने का फैसला किया था। अब फलस्तीन में 6 महीने से जंग जारी है। इजरायल के सैन्य अभियान में 34,097 लोग मारे गए हैं, जिनमें से ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं।

इसी बीच लेबनान के सशस्त्र विद्रोही समूह हिजबुल्लाह ने देश के दक्षिणी हिस्से में एक इजरायली ड्रोन को मार गिराने का दावा किया है। हिजबुल्लाह ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि इस्लामिक प्रतिरोध सेनानियों ने रविवार रात दक्षिणी लेबनान के अल ऐशियेह क्षेत्र में दुश्मन के एक ड्रोन को मार गिराया। हिजबुल्लाह ने ड्रोन की पहचान हर्मीस 450 के रूप में की है, जो हाइफा-आधारित एलबिट पद्धति द्वारा निर्मित एक बहु-भूमिका वाला लड़ाकू ड्रोन है। इसे टोही और निगरानी अभियान के लिए बनाया गया है। इज़राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बाद में पुष्टि किया कि उसके ड्रोन को लेबनान के ऊपर सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल द्वारा मार गिराया गया। इजरायली सेना ने यह भी कहा कि यह इजरायल अपने देश की रक्षा के लिए लेबनानी हवाई क्षेत्र में काम करना जारी रखेगा। इज़राइल और हिजबुल्लाह अक्टूबर 2023 से लगातार एक-दूसरे पर हवाई हमले कर रहे हैं, क्योंकि फलस्तीनी आंदोलन हमास द्वारा 07 अक्टूबर को इज़रायल पर हमला करने के बाद इज़रायल द्वारा गाजा पट्टी में सैन्य अभियान शुरू करने किया है जिससे इस क्षेत्र में स्थिति नाटकीय रूप से बिगड़ गई है। वहीं दक्षिणी लेबनान के एक गांव पर इजरायली हवाई हमले में अमल आंदोलन के एक सदस्य की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि यह मौत काफर किला के दक्षिण-पूर्वी गांव के केंद्र में एक घर पर छापे के दौरान हुई। इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान के आठ सीमावर्ती कस्बों और गांवों पर 12 हवाई हमले किए, जिसमें 15 घर पूरी तरह से नष्ट हो गए और 25 अन्य को भी नुकसान हुआ इसके अलावा, फलस्तीनी इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) की सैन्य शाखा लेबनान में अल-कसम ब्रिगेड ने दावा किया कि उसने 20 ग्रैड मिसाइलों के साथ ऊपरी गैलील क्षेत्र के पश्चिमी क्षेत्र में इजरायली 'शोमेरा' बैरक पर बमबारी की। उल्लेखनीय है कि आठ अक्टूबर, 2023 को लेबनान-इजरायल सीमा पर तनाव बढ़ गया, जिसके एक दिन पहले इजरायल पर हमास के हमले के साथ एकजुटता दिखाने के लिए हिज़्बुल्लाह द्वारा इजरायल की ओर रॉकेट दागे गए थे।



- सेना ने अहरोन हलीवा के इस्तीफे को स्वीकारा, हलीवा के बाद कई अधिकारी दे सकते हैं इस्तीफा
- लेबनान के सशस्त्र विद्रोही समूह हिजबुल्लाह ने देश के दक्षिणी हिस्से में मार गिराया इजरायली ड्रोन
- दक्षिणी लेबनानः इजरायली हवाई हमले में अमल आंदोलन के एक सदस्य की मौत, दो अन्य घायल

### गाजाः अस्पताल परिसर की सामूहिक कब्र में 180 शव मिले

**गाजा।** गाजा में दक्षिणी गजान शहर खान यूनिस के नासिर मेडिकल कॉम्प्लेक्स में स्थित सामूहिक कब्र में 180 लोगों के शव पाए गए हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार इस सप्ताहांत में फलस्तीन के आपातकालीन सेवा कर्मचारियों को अस्पताल परिसर में स्थित सामूहिक कब्र से बुजुर्ग महिलाओं और बच्चों के शव मिले हैं। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर, 2023 को हमास द्वारा यहूदी राज्य पर हमला करने के बाद इजरायल ने गाजा पट्टी में जमीनी घुसपैठ शुरू कर दी, जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया। गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में अब तक 34 हजार से अधिक लोग मारे गए हैं।

### वस्तुओं की अधिक कीमत तय करने वाली कंपनियां नपेंगी

**अंकारा।** तुर्की की संसद में देश के व्यापार कानून और देश में उच्च मुद्रास्फीति के बीच वस्तुओं की अधिक कीमत लगाने वाले उद्यमों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने की संभावना पर चर्चा होने की उम्मीद है। तुर्की के अखबार एकोनोमिम ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। कथित तौर पर प्रस्ताव में 20 लेख शामिल हैं और इसमें कीमतों को अत्यधिक बढ़ाने वाले व्यवसायों पर लगाए गए प्रशासनिक जुर्माने को बढ़ाने का प्रावधान शामिल है। अखबार ने बताया कि संसदीय चर्चा में ऐसी कंपनियों के संचालन को बंद करने का मुद्दा भी शामिल होगा। तुर्की के सांख्यिकी संस्थान के आंकड़ों के अनुसार तुर्की में वार्षिक मुद्रास्फीति फरवरी में 67.07 प्रतिशत से बढ़कर मार्च में 68.5 प्रतिशत हो गई। तुर्की के उपराष्ट्रपति केवडेट यिलमाज़ ने शनिवार को कहा कि तुर्की सरकार को उम्मीद है कि आर्थिक नीति और मौसमी प्रभावों के संयोजन के कारण इस साल गर्मियों के महीनों में वार्षिक मुद्रास्फीति लगभग 20 प्रतिशत गिर जाएगी। तुर्की अपनी ब्याज दर बढ़ाकर बढ़ती मुद्रास्फीति से लड़ने की कोशिश कर रहा है। मार्च के अंत में यह 45 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया। फरवरी में, तुर्की के केंद्रीय बैंक ने 2024 के अंत के लिए मुद्रास्फीति का पूर्वानुमान 36 प्रतिशत पर रखा है।

## संक्षिप्त समाचार

### निर्दलीय उम्मीदवारों से जो बाइडन पर डोनाल्ड ट्रम्प की बढ़त

**वाशिंगटन।** अमेरिका में आगामी राष्ट्रपति चुनाव में स्वतंत्र उम्मीदवारों की भागीदारी से वर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तुलना में ज्यादा लाभ प्राप्त हो रहा है। एनबीसी सर्वेक्षण में यह तथ्य सामने आया है। रविवार को प्रकाशित सर्वेक्षण के नतीजों से पता चला कि दोनों उम्मीदवारों के बीच चयन करते समय उत्तरदाताओं ने बाइडन और ट्रम्प को क्रमशः 46 प्रतिशत और 44 प्रतिशत दिया। गत 12 से 16 अप्रैल के बीच कराये गए सर्वेक्षण में 1,000 पंजीकृत मतदाताओं की भागीदारी रही और त्रुटि का मार्जिन प्लस या माइनस 3-1 प्रतिशत है।

### रोम का 2777वां स्थापना दिवस मनाया

**रोम।** इटली की राजधानी रोम के 2,777वां स्थापना दिवस के मौके पर पूरा शहर रविवार को संगीत समारोहों, प्रदर्शनियों, समारोहों और 2,000 से अधिक सेनानायकों, सेंचुरियनों, सीनेटरों, ग्लेडियेटर्स, वेस्टल्स, पुरोहितों और रईसों के रूप में मार्च कर रहे लोगों की परेड से गूंज उठा। सेंचुरियन के वेश में रविवार की परेड में भाग लेने वाले 29 वर्षीय कॉफी बार कार्यकर्ता मार्को कॉन्टारिनी ने बताया कि यह उत्सव आगंतुकों और छात्रों को दिखाने के साथ-साथ इस ऐतिहासिक शहर के इतिहास के प्रति सम्मान देने देने का एक तरीका है। रोम की स्थापना 21 अप्रैल 753 ईसा पूर्व को हुई थी। अमेरिका के फ्लोरिडा प्रांत से यहां आए प्रेस्टन जुआन लोरिया ने कहा कि शहर में छुट्टियों के दौरान दिन के उत्सव का सुखद संयोग था। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक रोम में सप्ताहांत के लिए होटल बुकिंग सामान्य से अधिक थी। वहीं सुरक्षा और यातायात नियंत्रण के लिए अतिरिक्त पुलिस तैनात की गई है।

### वियतनाम में आंधी-तूफान से एक की मौत, आठ घायल

**हनोई।** वियतनाम के उत्तरी पहाड़ी इलाकों में मूसलाधार बारिश और आंधी-तूफान के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई है और आठ अन्य घायल हो गए हैं। देश की प्राकृतिक आपदा रोकथाम एवं नियंत्रण पर राष्ट्रीय संचालन समिति ने सोमवार को यह जानकारी दी। समिति ने बताया कि देश के 11 उत्तरी प्रांतों में सप्ताहांत के दौरान बारिश और आंधी के कारण 6,891 मकान नष्ट हो गए और 53 स्कूलों की छतें उड़ गईं। समिति के अनुसार, 2023 में, प्राकृतिक आपदाओं के कारण दक्षिण पूर्व एशियाई देश में 169 लोगों की मौत हो गई या लापता हो गए, जिससे 8.2 ट्रिलियन डोंग (322.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर) से ज्यादा का आर्थिक नुकसान हुआ।

### इंडोनेशिया के जावा में 5.0 तीव्रता का भूकंप

**बीजिंग।** इंडोनेशिया के जावा में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय समयानुसार 00:48 बजे 5.0 तीव्रता का भूकंप आया। यह जानकारी जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने दी। भूकंप का केंद्र, 97.8 किमी की गहराई पर, शुरुआत में 7.94 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 109.32 डिग्री पूर्वी देशांतर पर निर्धारित किया गया। इस भूकंप में अबतक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## मालदीव में फिर मुइज्जू जीते संसदीय चुनाव

**माले।** मालदीव में इंडिया आउट कैंपेन चलाने वाले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी ने संसदीय चुनाव में जीत हासिल की है। कल (21 अप्रैल) 93 सीटों पर हुए चुनाव में शुरुआती नतीजे आ चुके हैं। इनमें मुइज्जू की पार्टी नेशनल पीपुल्स कांग्रेस और उनकी समर्थक पार्टियों को 71 सीटें मिली हैं।

इस पर चीन ने मुइज्जू को बधाई दी है। जबकि भारत समर्थक एमडीपी को मात्र 12 सीटें हासिल हुईं। संसद में बहुमत के लिए 47 से ज्यादा सीटों की जरूरत थी। नतीजों की आधिकारिक घोषणा में एक हफ्ते का समय लगेगा। वहीं, मालदीव की संसद का कार्यकाल मई में शुरू होगा। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक मुइज्जू की जीत भारत के लिए बड़ा झटका है। भारत और चीन की इस चुनाव पर कड़ी निगाह थी। दोनों रणनीतिक रूप से अहम मालदीव में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहते हैं। मुइज्जू की पार्टी की जीत के बाद अब मालदीव में आने वाले 5 साल तक चीन समर्थक सरकार रहेगी। मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी को पिछले संसदीय चुनाव में मात्र 8 सीटें हासिल थीं। इसके चलते राष्ट्रपति होने के बावजूद मुइज्जू न तो अपनी पालिसीज के मुताबिक बिल पास करा पा रहे थे और न ही बजट पास करा पाए। अब 71 सीटें जीतने के बाद विपक्षी पार्टी उनके रास्ते में कोई रुकावट पैदा नहीं कर सकेगी। चुनाव में भारत समर्थक मानी जाने वाली मालदीव डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) को करारी शिकस्त मिली है। एमडीपी ने 89 उम्मीदवार मैदान में उतारे थे। इनमें से दर्जनभर उम्मीदवारों को ही जीत हासिल हो पाई है। मुइज्जू सरकार में एक सीनियर अधिकारी ने न्यूज एजेंसी एएफपी से कहा था कि जियोपालिटिक्स चुनाव में अहम मुद्दा था। अधिकारी के मुताबिक मुइज्जू भारतीय सैनिकों को देश से निकालने के वादे पर जीते थे। वो इस पर काम भी कर रहे हैं पर संसद इसमें उनकी मदद नहीं कर रही थी। मुइज्जू ने राष्ट्रपति चुनाव की तरह संसदीय चुनाव में भी भारतीय सैनिकों को मालदीव से निकालने के मुद्दे का सहारा लिया था।



- 93 सीटों में से 71 सीटें मिली, भारत समर्थक पार्टी 12 पर सिमटी, चीन ने बधाई दी

## सीरिया में अमेरिकी फौज के ठिकानों पर हमले

### इराक से दागे गए रॉकेट्स, ईरानी समर्थित कातिब हिजबुल्लाह पर अटैक करने का आरोप



- हाल ही में इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल सुदानी अमेरिका के दौरे पर गए थे

**बगदाद।** इजरायल-ईरान में चल रहे तनाव के बीच रविवार रात सीरिया में अमेरिकी फौज के ठिकानों पर हमले हुए हैं। रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक ये हमला इराक से किया गया।

इराक की सिक्योरिटी फोर्सेस के मुताबिक अमेरिका के मिलिट्री बेस पर निनेवेह इलाके से 5 राकेट दागे गए। फिलहाल हमला करने वालों को पकड़ने के लिए सर्च आपरेशन चलाया जा रहा है। न्यूज एजेंसी रायटर्स के मुताबिक हमले का आरोप इराक में ईरान समर्थित समूह कातिब हिजबुल्लाह पर है, जो इराक से अमेरिकी फौज को बाहर करना चाहता है। हाल ही में इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल सुदानी अमेरिका के दौरे पर गए थे। इस दौरान उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति से मांग की थी कि वो इराक से अपनी फौज को निकाल लें। हाल ही में इजरायल ने ईरान के न्यूक्लियर साइट्स वाले इस्फहान शहर पर स्ट्राइक की थी। इराक के मिलिट्री अधिकारियों के मुताबिक, सीरिया से इराक के शहर जुम्मार में एक छोटे ट्रक से राकेट लान्च किए गए। इस दौरान जिस ट्रक पर राकेट लान्चर रखा हुआ था उसमें भी विस्फोट हो गया। इस विस्फोट के दौरान इराक में कुछ फाइटर जेट्स दिखाई दिए थे। ऐसे में ये माना जा रहा है कि हमले के बाद अमेरिका ने ट्रक पर कार्रवाई की है। जिसके बाद पूरा ट्रक जलकर खाक हो गया। हालांकि, इराक की सिक्योरिटी फोर्सेस ने अमेरिका के कार्रवाई करने वाली बात पर अब तक कोई जानकारी नहीं दी है। सीरिया में अमेरिका के ठिकानों पर हमला उस वक्त हुआ है जब हाल ही में ईरान ने इजरायल और फिर इजरायल ने ईरान पर एयर स्ट्राइक की।

### इराक और तुर्की 20 से अधिक समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे

**अंकारा।** इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल सूडानी और तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के सोमवार को इराक यात्रा के दौरान 20 से अधिक समझौतों पर हस्ताक्षर करने की संभावना है। इराकी सरकार के प्रवक्ता बासम अल-अवदी ने स्पूतनिक को यह जानकारी दी। अल-अवदी ने कहा कि हमने जल संसाधनों, जल की कमी के संकट, जल निवेश से संबंधित एक महत्वपूर्ण रणनीतिक समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे, कुल मिलाकर 20 से अधिक समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नेता सुरक्षा के मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे, विशेष रूप से इराक में तुर्की बलों की उपस्थिति और इराकी क्षेत्र में कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) की गतिविधियों पर चर्चा होने की उम्मीद है।



## गुलाबी के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं हुमा कुरैशी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी अपनी आने वाली फिल्म गुलाबी के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। हुमा कुरैशी इन दिनों विपुल मेहता के निर्देशन में बन रही फिल्म गुलाबी की शूटिंग गुजरात में कर रही है। इस फिल्म का निर्माण जिसे जियो स्टूडियोज की ज्योति देशपांडे और इकोलोन प्रोडक्शंस के विशाल राणा कर रहे हैं। यह फिल्म अहमदाबाद की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें हुमा आटो रिक्शा ड्राइवर की भूमिका निभा रही हैं। वह आटो रिक्शा चलाने के साथ-साथ पढ़ना चाहती है और दूसरे लोगों को भी पढ़ने के लिए प्रेरित करती है। हुमा कुरैशी फिल्म गुलाबी के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। विशाल राणा ने बताया, हम तपती गर्मी की चुनौतियों बीच वहां के क्षेत्रीय लोगों के साथ शूट कर रहे हैं। हुमा बहुत सशक्त अभिनेत्री हैं। वह बिना किसी शिकायत के दिन के बारह-बारह घंटे शूटिंग कर रही हैं। उन्होंने काफी लंबा और सशक्त सीन सिर्फ एक टेक में शूट किया। कैमरे के सामने वह जितने शानदार तरीके से विविध भावनाएं प्रस्तुत करती हैं, उससे हम सब बहुत प्रभावित हैं।

## अश्वत्थामा के किरदार में नजर आएंगे अमिताभ बच्चन

**मुंबई।** मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन अपनी आने वाली फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में अश्वत्थामा के किरदार में नजर आएंगे। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। 'कल्कि 2898 एडी' के निर्माताओं ने इस फिल्म में अमिताभ के किरदार से पर्दा उठा दिया गया है। फिल्म का एक छोटा सा टीजर वीडियो शेयर किया गया, जिसमें देखने को मिला कि सफेद कपड़े से ढका हुआ एक शख्स गुफा में बैठकर शिव लिंग की पूजा कर रहा है। फिर एक बच्चे की आवाज सुनाई देती है, जो उससे पूछ रहा है कि क्या तुम मर नहीं सकते, तुम भगवान हो। कौन हो तुम। इसके बाद अमिताभ बच्चन कहते हैं मैं द्वापर युग से दशावतार की प्रतीक्षा कर रहा हूं। द्रोणाचार्य का पुत्र हूं अश्वत्थामा।

## द. कोरिया में चुंग जिन-सुक नए चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त

**सोल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक-योल ने सोमवार को सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी के पांच बार के सांसद रहे चुंग जिन-सुक को नया चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त किया। यून ने टेलीविजन पर प्रसारित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पूर्व राष्ट्रपति ली म्युंग बक के राजनीतिक मामलों के वरिष्ठ मंत्री रहे चुंग जिन-सुक सत्तारूढ़ पार्टी और नेशनल असेंबली में प्रमुख पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं और आशा है कि वह कैबिनेट, विपक्षी दलों, मीडिया और नागरिक समाज के साथ आसानी से संवाद स्थापित करेंगे। यह नियुक्ति पीपुल्स पावर पार्टी को 10 अप्रैल को संसदीय चुनावों में करारी हार का सामना करने के बाद किया गया है। इन चुनावों में डेमोक्रेटिक पार्टी के नेतृत्व वाले व्यापक विपक्षी गुट ने 300 संसदीय सीटों में से अधिकांश सीटें जीती है।

